

■ जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल-12



■ सकारात्मक धारणा के बीच शेयर बाजार में आई तेजी सेंसेक्स 480अंक बढ़ा-12



■ प्रधानमंत्री मोदी बोले- एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा-13



■ खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम-14


आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.47 | सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी 07:02 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 24 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 328, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद निधन



**कोलकाता।** पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का रविवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे और पिछले दो वर्षों में कई बार अस्पताल में भर्ती रहे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें मनोभ्रंश भी हो गया था और हाल ही में वह कोमा में चले गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहे रॉय चार दशक लंबे राजनीतिक करियर में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का हिस्सा बने। उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत युवा कांग्रेस से हुई, जिसके बाद उन्होंने ममता बनर्जी के साथ हाथ मिलाया और 1998 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया।

### निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द लौटाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सात लाख से अधिक निष्क्रिय खातों में फंसे 30 .52 करोड़ रुपये जल्द ही संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की हाल में हुई एक समीक्षा बैठक में 7 .11 लाख निष्क्रिय खातों के निपटान का निर्णय लिया गया। इनमें से हरेक खाते में 1,000 रुपये या उससे भी कम राशि शेष है। ईपीएफओ का वह खाता निष्क्रिय माना जाता है, जिसमें 36 महीने से अधिक समय तक कर्मचारी या नियोक्ता की ओर से कोई अंशदान जमा नहीं हुआ हो।

### लोकसभा अध्यक्ष ने 64 देशों के संसदीय मैत्री समूहों का किया गठन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को 64 देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया, जिनमें सत्तापक्ष के साथ विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। बिरला ने यह कदम उस वक्त उठाया जब विपक्ष द्वारा उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह गठन वैश्विक लोकतांत्रिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी की बहुदलीय पहल को आगे बढ़ाते हुए संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक स्वरूप दिया।

### वित्त मंत्री की चेतावनी- गैरकानूनी ढंग से बीमा प्रोडक्ट बेचने से बचे बैंक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह बीएनएस के तहत अपराध है। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जताई है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा।

(विस्तृत करोबार पेज पर)

# योगी के सिंगापुर दौरे की सफल शुरुआत पहले दिन ही 19,877 करोड़ के एमओयू

## मुख्यमंत्री ने विदेशी धरती पर किया उत्तर प्रदेश में निवेश का ऐतिहासिक आगाज

- बड़े पैमाने पर रोजगार और तकनीकी क्षमता विस्तार का मार्ग प्रशस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़े निवेश का भरोसा मिला है। विभिन्न वैश्विक निवेश समूहों के साथ कुल 19,877 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी। ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने, डिजिटल और हरित अवसंरचना को मजबूत करने समेत बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। निवेश के साथ कौशल विकास को लेकर वैश्विक सहयोग और तकनीकी शिक्षा पर खास फोकस रहा।

प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी के सिंगापुर दौरे का पहला दिन सोमवार बेहद सफल रहा। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और निवेशक-अनुकूल माहौल के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिंगापुर की शीर्ष संप्रभु व निजी निवेश संस्थाओं, बैंकिंग समूहों और कौशल विकास संस्थानों के साथ एक के बाद एक महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी, शहरी विकास और कौशल प्रशिक्षण जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के समक्ष प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, मजबूत कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर नीति और तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स हब को रेखांकित किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत पारदर्शी, त्वरित और निवेशक-अनुकूल वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है। हमारी नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और पारदर्शी व्यवस्था पर वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। ये एमओयू प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और तकनीक के नए अवसर खोलेंगे।



सिंगापुर में एमओयू साइन किए जाने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### प्रमुख प्रभाव

- 20 हजार से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर
- उप्र को नेशनल डेटा सेंटर हब के रूप में मजबूती
- ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट-फ्रेंडली निवेश को बढ़ावा
- डिजिटल इकोनॉमी और शहरी विकास को नई गति
- युवाओं के लिए कौशल, तकनीक व रोजगार के अवसर

### कौन कंपनी करेगी कितना निवेश

**यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप- 6,650 करोड़**
ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क, डेटा सेंटर परियोजनाएं

**गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी)- आठ हजार करोड़**
100 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर

**पीआईडीजी: 2,500 करोड़**
रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, एग्री-पीवी परियोजनाएं

**एवीपीएन- 2,727 करोड़**
नवीकरणीय ऊर्जा, एग्री-पीवी सेक्टर

### कौशल विकास को सहयोग

- आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ समझौता
- तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) को मिलेगा वैश्विक समर्थन
- प्रशिक्षण अवसंरचना, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता आश्वासन और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन पर सहयोग
- उद्योगों की जरूरत के अनुसार इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर तैयार करने पर फोकस

# बोर्ड परीक्षा देने जा रहे 3 छात्रों की सड़क हादसे में गई जान



विनय



मनु



अरुण

- मुरादाबाद-दढ़ियाल मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आई बाइक, एक छात्र घायल

संवाददाता, टांडा(रामपुर)

**अमृत विचार** : मुरादाबाद-दढ़ियाल मार्ग पर यूपी बोर्ड परीक्षा देने जा रहे 10वीं के चार छात्र ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां तीन छात्रों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल को अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तावाला निवासी विनीत (17) पुत्र ज्ञान सिंह, विनय शर्मा (16) पुत्र पुष्पेंद्र शर्मा, मनु चौहान (17) पुत्र अमित चौहान और मझोला मुरादाबाद निवासी अरुण सैनी (18) पुत्र भगवान दास रेनबो इंटर कॉलेज में दसवीं के छात्र हैं। अरुण भी फत्तावाला में मामा के यहां रहकर पढ़ता है। सोमवार सुबह अंग्रेजी का पेपर देने चारों एक ही बाइक पर घर से टांडा स्थित परीक्षा केंद्र सनराइज इंटर कॉलेज के लिए निकले थे। मुरादाबाद बाजपुर रॉड स्थित क्षत्रिय कुलभूषण इंटर कॉलेज सरकथल के पास पहुंचे तभी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों उछलकर दूर जा गिरे, टक्कर की आवाज से आसपास के लोग घटना स्थल पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने पुलिस व परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से चारों को एंबुलेंस द्वारा टांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल मनु चौहान और अरुण सैनी को मृत घोषित कर दिया। जबकि विनीत एवं विनय शर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल विनय ने भी रामपुर अस्पताल में दम तोड़ दिया।

> छात्रों की बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई, हादसे में 3 छात्रों की मौत हो गई और एक घायल है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को हिरासत में ले लिया है। – **विद्या सागर मिश्र,** पुलिस अधीक्षक, रामपुर

# निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन स्टांप शुल्क में सरकार ने दी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अधिसूचना जारी कर स्टांप शुल्क में बड़ी राहत लागू कर दी है। उप्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत निजी विश्वविद्यालयों और बहुविषयक उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को भूमि रजिस्ट्री पर आंशिक स्टांप शुल्क पर छूट मिलेगी। यह आदेश सोमवार को राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि संशोधित भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यपाल ने नीति के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को यह राहत दी है। यह छूट विशेष रूप से उन जिलों में लागू होगी, जहां अब तक कोई बहुविषयक विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान स्थापित नहीं है।




- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, भूमि रजिस्ट्री पर 20 से 50 प्रतिशत तक छूट
- निजी विश्वविद्यालयों, बहुविषयक उच्च शिक्षण व अनुसंधान केंद्रों की स्थापना आसान

### एनईपी-2020 के अनुरूप संस्थानों को प्राथमिकता

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्रोत्साहन उन नए विश्वविद्यालयों को मिलेगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देंगे। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### भूमि लागत के अनुसार छूट की व्यवस्था

अधिसूचना के मुताबिक, एक करोड़ से 50 करोड़ रुपये की भूमि लागत पर अधिकतम 50 प्रतिशत, 50 करोड़ से 150 करोड़ की भूमि लागत पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक की भूमि लागत पर 20 प्रतिशत तक स्टांप शुल्क में छूट दी जाएगी। छूट की गणना पंजीकृत दस्तावेजों में अंकित वास्तविक भूमि मूल्य के आधार पर की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को गति मिलेगी और युवाओं को उत्तर प्रदेश में ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

# भूमि अधिग्रहण : 2018 से पूर्व के केस अब नहीं खुलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- ब्याज सहित मुआवजा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक टिप्पणी की कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई थी, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने के लिए 2018 से पहले के भूमि अधिग्रहण मामलों को फिर से नहीं खोला जा सकता।

यह टिप्पणी सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की विशेष पीठ ने एनएचएआई की उस याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई शुरू करते समय की जिसमें एनएचएआई ने न्यायालय के 2019 के फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने 2019 में कहा था कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने का फैसला पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा।

एनएचएआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2019 के फैसले से भारी वित्तीय बोझ (लगभग 32,000 करोड़ रुपये) पड़ेगा और यह केवल भावी प्रभाव से लागू होना चाहिए। पीठ ने पहले इसे खारिज करते हुए कहा था कि ऐसे लाभ से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। मेहता ने कहा, शायद आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यह 100 करोड़ रुपये की रकम थी। एक अन्य फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि निपटाए गए किसी भी मामले को दोबारा नहीं खोला जाएगा। सीजेआई ने कहा, 'कट-ऑफ' (अंतिम) तिथि 2008 की प्रतीत होती है, बशर्ते दावे तब लंबित रहे हों। 2018 से पहले के मामले फिर से नहीं खोले जा सकते। जो मामले 2008 में लंबित थे, वे आगे भी जारी रहेंगे।

# यौन शोषण के मुकदमे में फंसे अविमुक्तेश्वरानंद बोले गिरफ्तारी का विरोध नहीं करूंगा



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि यौन शोषण के मुकदमे में अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। कहा कि जनता, स्वयं का हृदय और ईश्वर तीनों ही 'अदालतों' से उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर शनिवार देर रात किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# नेपाल में नदी में बस गिरी, 19 की मौत

- पोखरा से काठमांडू जा रही थी बस, 25 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के धाडिंग जिले में गजुरी के पास रविवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता बिष्णु प्रसाद भट्ट के अनुसार, पोखरा से काठमांडू आ रही बस रविवार देर रात डेढ़ बजे काठमांडू से 90 किलोमीटर पश्चिम में पृथ्वी राजमार्ग पर त्रिशूली नदी में जा गिरी, जिससे कई यात्री हताहत हो गए।

भट्ट ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 19 शव बरामद किए गए हैं और बस से 25 घायल यात्रियों को निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव कार्य में नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के कर्मियों को लगाया गया है। हादसे में मारे गए लोगों में एक पुरुष यात्री न्यूजीलैंड का था। घटना में घायल लोगों में जापान और नीदरलैंड की एक-एक महिला शामिल है। पुलिस ने कहा कि हादसे का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन संभवतः अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाए जाने के कारण यह हादसा हुआ।



हादसे के बाद चूर-चूर हुई बस।

# ईरान में फिर बढ़ा तनाव, भारत ने अपने नागरिकों से कहा- तुरंत छोड़ दें देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- अमेरिकी हमले की गहराई आशंका, तेहरान में नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू

ईरान में बढ़ते तनाव और अमेरिकी हमले की आशंका के बीच भारत ने सोमवार को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों को सलाह दी है वे तुरंत वहां से देश को छोड़कर बाहर निकल जाएं। तेहरान में नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू होने पर भारतीय दूतावास ने नया परामर्श जारी किया है।

ईरान के कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किए, जो पिछले महीने तेहरान द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई क्रूर कार्रवाई के बाद इस तरह का पहला आंदोलन था। जनवरी में आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, छात्रों सहित 10,000 से अधिक भारतीय ईरान में रह रहे थे। दूतावास ने कहा, भारत सरकार द्वारा पांच जनवरी को जारी की गई सलाह के क्रम में और ईरान में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों) को सलाह दी जाती है कि वे उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के माध्यम से ईरान छोड़ दें। दूतावास ने यह भी दोहराया कि सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को उचित सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध प्रदर्शनों या रैलियों वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए। परामर्श में कहा गया, ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने पासपोर्ट और पहचान पत्र सहित अपने यात्रा और आव्रजन संबंधी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखें।

(संबंधित देश-विदेश पर)

दिल्ली हाईकोर्ट की दो टूक | गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में बनाता है सक्षम

# घर पर बैठी पत्नी खाली नहीं... गृहकार्य की अनदेखी नाइंसाफी

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली हाईकोर्ट ने घर पर खाली बैठी पत्नी की धारणा को खारिज करते हुए कहा है कि एक गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाता है, और भरण-पोषण की राशि तय करते समय उसके योगदान को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता ने टिप्पणी की कि पत्नी के रोजगार में नहीं होने को खाली बैठे होने या जानबूझकर निर्भरता के समकक्ष नहीं माना जा सकता है। भरण-पोषण का निर्धारण करते समय, कानून को न केवल वित्तीय आय को बल्कि विवाह के के अस्तित्व में रहने के दौरान घर और घरेलू संबंधों में उसके योगदान के आर्थिक मूल्य को भी मान्यता देनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को पारित आदेश में कहा, रोजगार में न होने को खाली बैठा होना कह देना आसान है, लेकिन एक घर को चलाने और संभालने में लगने वाले श्रम को मान्यता देना कहीं अधिक कठिन है। पीठ ने कहा, एक गृहिणी खाली नहीं बैठती, वह ऐसा श्रम करती है जिससे कमाने वाला पति प्रभावी ढंग से कार्य कर सके। भरण-पोषण के दावों का निर्णय करते समय इस योगदान की उपेक्षा करना अवास्तविक और अन्यायपूर्ण होगा।

### मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम गुजारा भत्ता देने से किया था इंकार

मजिस्ट्रेट अदालत ने महिला को अंतरिम गुजारा भत्ता देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ और शिक्षित है, लेकिन उसने नौकरी न करने का विकल्प चुना है। अपीलीय अदालत ने भी पत्नी को कोई राहत नहीं दी। मामले के पक्षकारों का विवाह 2012 में हुआ था और आरोप है कि पति ने 2020 में पत्नी और उनके नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। पति ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि पत्नी निष्क्रिय नहीं बैठ सकती और भरण-पोषण की मांग नहीं कर सकती, जबकि वह कमाने में सक्षम है और वह अपने नाबालिग बच्चे की शिक्षा का खर्च वहन कर रहा है।

### हाईकोर्ट ने कहा- केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि कमाने की क्षमता और वास्तविक कमाई अलग-अलग अवधारणाएं हैं, और स्थापित कानून के अनुसार, केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं है। जो महिलाएं काम कर सकती हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन केवल इस आधार पर भरण-पोषण से इनकार करना कि वह कमाने में सक्षम है और उसे अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, एक त्रुटिपूर्ण दृष्टिकोण है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 24 फरवरी 2026


## न्यूज ब्रीफ

### प्राथमिक स्कूलों का समय बदला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शीतलहर और कोहरे के चलते पिछले महीने में जिलाधिकारी के आदेश पर बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में कक्षा आठ तक की कक्षाओं का समय बदलकर सुबह 10 :00 बजे से 3 :00 बजे तक किया गया था। लेकिन मौसम सामान्य होने पर अब कक्षाएं पूर्व की तरह सुबह 9 :00 बजे से संचालित होंगी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार ने सोमवार को इस संबंध में जिलाधिकारी के निर्देश पर आदेश जारी कर दिया। उनके द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब कक्षा आठ तक के स्कूल विभाग के निर्धारित समय सारिणी के अनुसार सुबह 9 :00 बजे से दोपहर 3 :00 बजे तक चलेंगे। शीतकालीन समय सारिणी 31 मार्च तक तत्काल प्रभावी कर दिया गया है।

### पिता की डांट से आहत खाया जहरीला पदार्थ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के लोदीपुर जवाहर नगर में कक्षा आठ के एक छात्र ने पिता की डांट से आहत होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। रविवार की रात किसी बात को लेकर पिता ने छात्र को डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन को जब जानकारी हुई तो छात्र को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में छात्र का इलाज चल रहा है। मझोला पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### लेखपालों की लापरवाही करोड़ों की रिकवरी अटकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तहसीलों में तैनात लेखपालों की लापरवाही के चलते बिजली विभाग की लगभग 20 करोड़ रुपये की बकाया वसूली प्रभावित हो रही है। विभाग के पत्राचार और निर्देश के बाद भी बकायेदारों के खिलाफ राजस्व वसूली अपेक्षित गति से नहीं हो पा रही है। बकायेदारों के घरों पर नोटिस चस्पा करने की प्रक्रिया भी अधूरी है, जिससे आगे की कानूनी कार्रवाई लंबित पड़ी है। आरोप है कि कुछ लेखपाल मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं जिससे कार्य के प्रगति की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं हो पा रह है। जिसके कारण बिजली विभाग का करोड़ों बकाया है। मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि वसूली में तेजी लाने के लिए तहसील प्रशासन से समन्वय बनाया जा रहा है।

## होली पर विशेष बस संचालन योजना लागू
# ड्यूटी से अनुपस्थित रहे तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त ट्रिप चलेंगी, चालक-परिचालकों की छुट्टियां स्थगित

**अमृत विचार :** होली पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने 28 फरवरी से नौ मार्च तक विशेष बस संचालन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। तीन मार्च को होली और चार मार्च को रंगोत्सव के अवसर पर यह व्यवस्था की गई है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश सड़क राज्य परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि निगम प्रशासन की ओर से प्रोत्साहन अवधि में प्रत्येक डिपो की बस उपयोगिता 425 किलोमीटर प्रतिदिन निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार बसों की अतिरिक्त ट्रिप संचालित की जाएंगी। आवश्यकतानुसार अनुबंधित बसें भी संचालित कराई जाएंगी। जिससे किसी यात्री को असुविधा न हो। दिल्ली एवं हरिद्वार से संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशेष पर्यवेक्षकों एवं कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी 28 फरवरी की सुबह से संबंधित बस स्टेशनों पर उपस्थित होकर 9 मार्च तक संचालन व्यवस्था की निगरानी करेंगे। यात्रियों की संख्या के अनुसार मार्गों में आवश्यक परिवर्तन भी किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में चालक और परिचालकों को विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अवकाश, डीडीआर अथवा साप्ताहिक विश्राम नहीं दिया जाएगा। अतिरिक्त ट्रिपों के संचालन के लिए पर्याप्त क्रू की व्यवस्था की जाएगी।

### यात्रियों का विवरण पंजिका में दर्ज करना अनिवार्य

बस स्टेशनों पर तैनात कार्मिकों को प्रत्येक बस में बैठाए गए यात्रियों का विवरण पंजिका में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। हर दो घंटे में जीपीएस मैप कैमरा से फोटो लेकर निर्धारित व्हाट्सएप समूह में साझा करना भी जरूरी होगा। बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**रामपुर, अमृत विचार:** भमरौआ गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार अजय (22) की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार रितिक और बबली घायल हो गए, उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह ने बताया कि यह हादसा एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से हुआ है। अजय के पिता बाबूराम ने बताया कि अजय अपने दोस्त रितिक और उसकी बहन बबली के साथ रिश्तेदारी में जा रहा था। रितिक की बहन को हाल ही में बच्चा हुआ था। बाबूराम ने यह भी बताया कि उन्होंने अजय को जाने से मना किया था। अजय और घायल रितिक दोनों थाना अजीमनगर के हरदासपुर कोठरा निवासी हैं। वह अहमदाबाद से होली की छुट्टियां मनाने घर आए थे।

# प्रसव कराने में संभल प्रथम, अमरोहा पीछे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक हुए प्रसवों के आंकड़ों में संभल जिला सबसे आगे रहा है। इस अवधि में संभल जिले में सर्वाधिक 21,804 प्रसव कराए गए जबकि अमरोहा जिले में सबसे कम 11,300 प्रसव हुए हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार रामपुर में 15,130, बिजनौर में 15,202 और मुरादाबाद जिले में 12,936 प्रसव हुए हैं। इस प्रकार मुरादाबाद जिला मंडल में चौथे स्थान पर रहा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मंडल के सभी जिलों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, नियमित जांच और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा रहा है। उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की विशेष निगरानी भी की जा रही है, जिससे जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जनपद में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रसव संबंधी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं।

### सार-संक्षेप

| जिला | वार्षिक लक्ष्य (2025-26) | प्रसव |
|---|---|---|
| अमरोहा | 44,789 | 11,300 |
| बिजनौर | 80,988 | 15,202 |
| मुरादाबाद | 74,514 | 12,936 |
| रामपुर | 54,423 | 15,130 |
| संभल | 49,209 | 21,804 |

- स्वास्थ्य विभाग के अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक के आंकड़े

# एक हादसे ने तोड़ दिए तीन परिवारों के सपने
## रामपुर में मुरादाबाद-दढ़ियाल मार्ग पर हुई दुर्घटना में 10 वीं के तीन छात्रों की मौत के बाद पसरा मातम

वाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-दढ़ियाल मार्ग पर सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल है। विनय शर्मा और मनु चौहान पड़ोसी थे और दोनों की इच्छा आर्मी में जाकर भारत मां की सेवा करने की थी। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। परीक्षा देने जाते समय सड़क हादसे में दोनों दोस्तो की मौत हो गई।

दोनों के घर पास में थे और दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे और ज्यादातर समय एक ही साथ रहते थे। जिस कारण दोनों का सपना आर्मी में जाने का था। आर्मी में जाकर देश की सेवा करना चाहते थे। हालांकि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और उससे पहले ही दोनों की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक मनु की एक छोटी बहन है। जबकि मनु चौहान अकेला भाई होने के कारण सब को प्यारा था। सड़क हादसे में मनु की मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया। जबकि विनय शर्मा भी दो भाई थे बड़ा भाई टीएमयू से बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। सोमवार देर शाम तक छात्रों के शव घर नहीं पहुंचे थे। कम उम्र में यूं परिवार छोड़कर चले जाना हर किसी की आंख को नम कर रहा है। हर किसी की जुबान पर दर्दनाक हादसा ही है। गांव के लोग और रिश्तेदार परिवार के लोगों का ढांढस बंधा रहे हैं, सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है।


मोर्चरी पर बिलखती महिलाएं। • अमृत विचार


मोर्चरी पर बैठे शोकाकुल परिजन। • अमृत विचार

> परीक्षा देने आ रहे तीन छात्रों का असमय जाना अपूरणीय क्षति है। सभी अभिभावकों से करबद्ध निवेदन करती हूं कि बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, बाइक पर दो से अधिक बिना हेलमेट छात्रों का बैठना जोखिम भरा और असुरक्षित है। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करें। – **सरताज रहमानी**, प्रबंधक सनराइज इंटर कॉलेज टांडा।

### कॉलेज प्रबंधक ने कराई शोक सभा

सड़क हादसे में एक छात्र के घायल होने और तीन की मौत के बाद विद्यालय में शोक का माहौल है। कक्षा 10 में अध्ययनरत चारों छात्र परीक्षा देने सनराइज इंटर कॉलेज टांडा जा रहे थे। रास्ते में हुए हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक भर्ती है। सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार ने शोक सभा कराई और सुबह 9 :30 बजे छुट्टी घोषित कर दी।

### अरुण के माता-पिता कई बार हुए बेहोश



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के लाइनपार क्षेत्र के प्रकाश नगर मोहल्ले के रहने वाले अरुण सैनी (17) की रामपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में सोमवार को मौत हो गई। खबर सुन परिवार में मातम छा गया। मां रोकर कई बार बेहोश हो गईं। रिश्ते के भाइयों के साथ धड़ियाल स्थित इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने बाइक से जा रहा था। सोमवार को टांडा-धड़ियाल मार्ग पर पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर चार में से तीन छात्रों की मौत हो गई। जिसमें मुरादाबाद के लाइनपार प्रकाश नगर का रहने वाला अरुण सैनी भी काल के गाल में समा गया। खबर जब घर वालों ने सुनी तो कोहराम मच गया। फर्म में काम करने गया पिता बेटे की मौत की खबर सुन वहीं बेहोश हो गया। फर्म स्वामी पिता को लेकर घर पहुंचे तो मां गीता और बहन संजना का रो रोकर बुरा हाल था। अरुण परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। मां बिलखते हुए कह रही थीं कि बेटा पढ़-लिखकर सरकारी नौकरी करेगा तो परिवार की स्थिति सुधर जाएगी, लेकिन एक हादसे ने सारे सपने तोड़ दिए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। इलाके में घटना के बाद शोक की लहर है।

# चौकीदारी कर रही महिला की गोली मार हत्या, एक पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मृतका नन्ही।


आरोपी।

- मझोला थाने से चंद दूरी पर किया महिला पर हमला, एक आरोपी हो गया फरार

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में महिला की सोमवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना थाने से चंद दूरी पर हुई। सूचना मिलते ही मझोला पुलिस पहुंची और गोली चलाकर भाग रहे दो युवकों में से एक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नशे की हालत में था। प्रारंभिक पूछताछ में जमीन विवाद कारण बताया जा रहा है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कुंदरकी थाना क्षेत्र के ऊंचाकानी गांव निवासी नन्हीं पत्नी अब्दुल हमीद पिछले 15 वर्षों से तहारपुर के अरकान की दिल्ली रोड स्थित भूखंड की चौकीदारी करती थी। वह मझोला थाने से मात्र 200 मीटर दूर बेटे मेहबूब के परिवार के साथ रहती थी। सोमवार की शाम रोजा इफ्तार के बाद नन्हीं बेटे के बच्चों के साथ बैठी थी, तभी दो युवक वहां पहुंचे। इनमें से एक ने तमंचा निकालकर उनकी की गर्दन पर गोली मार दी। मां की चीख सुनकर मेहबूब व पत्नी दौड़े लेकिन नन्हीं खून से लथपथ जमीन पर मृत पड़ी थी। बेटे ने शोर मचाया तो आसपास के रहने वाले लोग मौके पर जुट गए और भाग रहे युवकों में से एक को पकड़ लिया। मेहबूब ने मझोला थाने को फोन कर घटना की सूचना दी। पुलिस भीड़ से आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि हत्या में दो युवकों का हाथ बताया जा रहा है। भीड़ ने एक को पकड़ लिया था, जो नशे में धुत है। पूछताछ में वह जमीन विवाद बता रहा है। परिजन किसी रंजिश से इंकार कर रहे हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

> महिला की हत्या की सूचना पर उन्होंने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली है। मामले में उसके बेटे ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमें गठित कर लगा दी गई हैं। – **कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी

# रामपुर रियासत के अंतिम शासक की बेटी का निधन

कार्यालय संवाददाता रामपुर

- गमगीन माहौल में दिल्ली जामिया मिल्लिया इस्लामिया कब्रिस्तान हुईं सुपुर्दे खाक

**अमृत विचार :** रामपुर रियासत के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां की बेटी नवाबजादी बिरजीस लका बेगम का निधन हो गया। उनके निधन से शाही परिवार को गहरा दुख पहुंचा है। उनकी तीन बेटियां हैं।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि नवाबजादी बिरजीस लका बेगम का जन्म रामपुर में 20 जनवरी 1934 को हुआ था। 23 फरवरी 2026 को उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली। सोमवार को ही उन्हें दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्देखाक किया गया। उनकी तदफीन में कई लोग शामिल हुए। नवाबजादी के निधन से रामपुर के शाही खानदान के लोगों को गहरा दुख पहुंचा है। दफन में शामिल हुए अंतिम शासक के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने फूफी के निधन को परिवार के लिए बड़ी क्षति बताया है। अंतिम शासक की बहू पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने भी गम का इजहार किया। नवाब रजा अली खां के तीन पुत्र नवाबजादा मुर्तजा अली खां, नवाबजादा जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां और नवाबजादा आबिद अली खां उर्फ सलीम मियां थे। तीनों ही अब इस दुनिया में नहीं हैं। अंतिम शासक की छह बेटियों में नवाबजादी बिरजीस लका बेगम तीसरे नंबर की पुत्री थीं। इनसे पूर्व नवाबजादी खुर्शीद लका बेगम, नवाबजादी कमरलका बेगम और नवाबजादी मेहरुन्निसा बेगम का निधन हो चुका है।


नवाबजादी बिरजीस लका बेगम।

# 34.67 करोड़ से बनेगा 100 बेड का क्रिटिकल केयर अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर विधायक, जिलाधिकारी और सीडीओ ने किया भूमि पूजन

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने और हर जरूरतमंद को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले में 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनेगा। इसका भूमि पूजन कर शिलान्यास सोमवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता, डीएम अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि तीन हजार वर्गमीटर क्षेत्र में करीब 34.67 करोड़ से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 6 मंजिला बिल्डिंग बनेगी। इस क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल में ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी, डायग्नोस्टिक, रेड एवं येलो जोन वार्ड, प्रथम तल पर मातृत्व सेवाएं, न्यूबॉर्न क्रिटिकल केयर, वन स्टॉप सेंटर, द्वितीय तल पर डायलिसिस यूनिट, आइसोलेशन रूम्स, तृतीय तल पर आइसोलेशन वार्ड, चौथे तल पर हाई डिपेंडेंसी यूनिट, पांचवे तल पर आईसीयू और छठें तल पर ऑपरेशन थियेटर और रिकवरी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष में यह बनकर तैयार हो जाएगा।


भूमि पूजन करते नगर विधायक, जिलाधिकारी व अन्य। • अमृत विचार






# ब्लॉक प्रमुख पर कब्जे का आरोप जांच करने पहुंची राजस्व टीम


गांव में जमीन की पैमाइश करती टीम। • अमृत विचार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** गांव में ब्लॉक प्रमुख द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत पर पैमाइश करने के लिए राजस्व विभाग की टीम सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ एक बार फिर पहुंच गई। टीम ने पहुंचकर नपाई की और आगे की कार्यवाही अधिकारियों के आदेश के अनुसार करने की बात की।

गांव गिंदौड़ा निवासी आशु सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल और डीएम से शिकायत की थी कि गांव के ही राजपाल सिंह जो कि बिलारी के ब्लॉक प्रमुख हैं। उन्होंने गांव की ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर लिया है। शिकायत के बाद तहसील प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने भूमि की नाप-जोख कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। टीम ने बताया कि राजस्व अभिलेखों और स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि कब्जा अवैध पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम समाज की भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए होती है। ऐसे में यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण हुआ है तो उसे हटाया जाना चाहिए। तहसील प्रशासन का कहना है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार की रात बिलासपुर थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पहला हादसा रविवार की रात करीब नौ बजे गांव कोठा जागीर के पास हुआ। केमरी के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी नबी हसन उर्फ भूरा और सिराज बाइक पर सवार होकर नगर की ओर आ रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। बाद में घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने नबी हसन उर्फ भूरा को मृत घोषित कर दिया। साथ ही घायल को उपचार के लिए अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरा हादसा गांव नवाबगंज मार्ग पर हुआ। जहां किसी वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार गांव चकरपुर थाना बाजपुर निवासी उत्तराखंड निवासी महेंद्र प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### घायल की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित करनपुर की पुलिया के पास रविवार दोपहर बाद हुआ था। इमरती खेमपुर निवासी हाजी अली अहमद और मुख्तियार अली खेत से घूम कर वापस अपने घर आ रहे थे। करनपुर पेट्रोल पंप के पास इमरता निवासी हिफ्जे अली बाइक रोककर दोनों से बात करने लगे। इस दौरान स्वार रोड पर अनियंत्रित कैंटर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मेंमुख्तार अली की मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल हाजी अली अहमद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार तड़के हाजी अली अहमद (60) की भी मौत हो गई।





**इफ्तार**
मंगलवार शाम
सुन्नी : 6:14
शिया : 6:24

**सहरी**
बुधवार सुबह
सुन्नी : 5:24
शिया : 5:17

# हाईस्कूल अंग्रेजी संतुलित तो इंटर गणित का प्रश्नपत्र रहा कठिन

- पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया, अंग्रेजी गणित व जीव विज्ञान में 3,581 रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


नितिन।


उमंग।


अयान।


आयुष।


परीक्षा के बाद परीक्षा केंद्र पर चर्चा करती छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षाओं के क्रम में सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिले में इस परीक्षा के लिए 39,572 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 37,154 ने परीक्षा दी, जबकि 2,418 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट व्यवसायिक शिक्षा वर्ग की परीक्षा भी आयोजित हुई, जिसमें पंजीकृत 217 में से सभी 217 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। इन दोनों विषयों में कुल 22,896 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 21,733 उपस्थित और 1,163 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल के अंग्रेजी प्रश्नपत्र को अधिकांश विद्यार्थियों ने सामान्य स्तर का बताया। छात्र अयान उर रहमान ने कहा पेपर का ग्रामर सेक्शन आसान था और पैसेज भी समझ में आने वाला था। लेटर और निबंध लेखन भी अपेक्षा के अनुसार आया। वहीं, छात्र उमंग ने बताया कुछ ट्रांसलेशन और शब्दार्थ वाले प्रश्न थोड़े उलझाने वाले थे, लेकिन कुल मिलाकर पेपर संतुलित रहा।

इंटरमीडिएट गणित के प्रश्नपत्र को छात्रों ने अपेक्षाकृत कठिन बताया। गणित के परीक्षार्थी आयुष सागर ने कहा पेपर में लंबी गणनाओं वाले प्रश्न अधिक थे। कैल्कुलस और वेक्टर के सवाल थोड़ा समय लेने वाले रहे, हालांकि एनसीईआरटी आधारित प्रश्न सीधे थे। जीव विज्ञान के छात्र नितिन कुमार ने बताया पेपर का बायोटेक्नोलॉजी और जेनेटिक्स वाला भाग थोड़ा गहन था, लेकिन डायग्राम और शॉर्ट आंसर प्रश्न सरल थे। अच्छे से तैयारी करने वालों के लिए पेपर ठीक रहा। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पहले तलाशी और सीसीटीवी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी केंद्र से विद्यार्थी द्वारा अनुचित साधन का प्रयोग करने की जानकारी नहीं मिली।

## राजकीय पॉलीटेक्निक में रोजगार मेला आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक में आज रोजगार मेला व नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह होगा। सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी व सहायक निदेशक सेवायोजन आदि ने तैयारियां परखी। मेले में स्थानीय व बाहरी 50 कंपनियों के प्रतिनिधि आएंगे।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि सुबह 10:00 बजे से लगने वाले मेले में तकनीकी व गैर तकनीकी पदों के लिए स्थानीय व बाहरी निजी क्षेत्र की लगभग 50 कंपनियां आमंत्रित हैं। डिजाइनको, जीनश पेपर मिल, पशुपति एक्रीलोन लिमिटेड, जेके फूड्स, कॉसमॉस, विवेकानंद अस्पताल के अलावा ही बाहरी कंपनियों में ओपो, टाटा मोटर्स, अशोका लीलैंड, हीरो मोटर्स, रोलोन सील्स, डिक्सन आदि कंपनियां शामिल रहेंगी। मेले में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 11000 से 30,000 रुपये तक का वेतन देय होगा। उन्होंने बताया कि मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना पंजीकरण आनलाइन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8005383887 पर प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्राम चौपाल में नपाई, कब्जा वरासत की मौके पर सुनवाई

- वरासत या नकल नहीं मिलने पर तत्काल देने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले के गांवों में प्रचार-प्रसार के बाद तिथि व स्थान निर्धारित करते हुए समय सारणी बनाकर ग्राम चौपाल आयोजित किया जा रहा है।

सोमवार को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेंद्र राम ने बताया कि ग्राम चौपाल में नपाई, कब्जा, वरासत आदि प्रकरणों की मौके पर सुनवाई की गई। यदि किसी को वरासत या नकल नहीं मिला है तो तत्काल देने का निर्देश संबंधित अधिकारियों व चकबंदी लेखपालों को दी गई। चौपाल का उद्देश्य किसानों से फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना और जानकारी सूचना निदेशालय को उपलब्ध करना है। सदर तहसील के ग्राम चंदनपुर ईसापुर में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की अध्यक्षता में लगी ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनी गई जिनमें कई का मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम देवापुर ऐहतमाली में भी ग्राम चौपाल में चकबंदी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में समस्याएं निस्तारित की गईं।

### कब कहां होगी अगली ग्राम चौपाल

बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि 24 फरवरी को ग्राम चटकाली में दोपहर 3 :00 बजे और 25 फरवरी को ग्राम रनियाठेर में 11 बजे से और ग्राम सैजनी ऐहतमाली में दोपहर 2 :00 बजे से ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी। ग्राम कांकरखेडा में 26 फरवरी को दोपहर 2 :00 बजे चकबंदी अधिकारी मुरादाबाद तृतीय और ग्राम रफातपुरा में 26 फरवरी को दोपहर 3 :00 बजे बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। जबकि जबकि 27 फरवरी को ग्राम बढेरा में उप संचालक चकबंदी की उपस्थिति में दोपहर 3 :00 बजे और ग्राम कोहनकू में 28 फरवरी को 11 बजे से चकबंदी अधिकारी मुरादाबाद द्वितीय/चतुर्थ की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को भगाने का आरोप, दी तहरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र निवासी मजदूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी व खेती-किसानी करता है और उसकी नाबालिग पुत्री भी उसके साथ खेत पर जाती थी। आरोप है कि गांव का ही रहने वाला जुगनू पिछले कई महीनों से उसकी बेटी पर बुरी नजर रखे हुए था। उसके परिवार से शिकायत भी की गई थी। पीड़ित ने 21 फरवरी की रात जुगनू उसकी नाबालिग पुत्री को लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी को जुगनू के साथ जाते हुए देखा गया था। जब पीड़ित ने आरोपी के घर जाकर जानकारी ली तो उसके भाई मुकेश मारपीट और हाथापाई की, गाली-गलौज की तथा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मेहमानों को लुभाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीडीआई सिटी स्थित गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल का स्थापना दिवस समारोह सोमवार को उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इसका आरंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यालय के संस्थापकों को सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में कीर्तिमान स्थापित करने वाले खिलाड़ियों को प्रतीक-चिन्ह प्रदान देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सचिन घावरी ने कहा कि विद्यालय की प्रगति में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक ओम प्रकाश गोयल, प्रमोद खन्ना, निदेशक राजीव गोयल, अंकुर खन्ना सहित सभी शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रतिस्पर्द्धा का दौर, युवाओं में कौशल आवश्यक

- टीएमयू में फ्यूचर स्किल प्राइम पर ओरिएंटेशन सत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


टीएमयू में फ्यूचर स्किल प्राइम पर ओरिएंटेशन सत्र को संबोधित करते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मिनिस्ट्री ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वावधान में नासकॉम के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम पर ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा कि यह कौशल-आधारित शिक्षा का युग है। तकनीकी ज्ञान के साथ उद्योग की मांग के अनुरूप कौशल विकसित करना जरूरी है। इसमें फ्यूचर स्किल प्राइम विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इसके पहले कुलपति, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, नासकॉम के कस्टमर सक्सेस अंकित सिन्हा, इंस्टेलिंग डॉट एआई के फाउंडर व सीईओ जुबैर चौधरी आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। रिसोर्स पर्सन नासकॉम के कस्टमर सक्सेस अंकित सिन्हा ने फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थान एक साझा मंच पर आकर कौशल विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने डिजिटल लर्निंग के महत्व, स्व-प्रेरित अध्ययन के लाभ बताए। इंस्टेलिंग डॉट एआई के फाउंडर व सीईओ जुबैर चौधरी ने स्टुडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई आधारित भर्ती प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म स्टूडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और अन्य उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित करने का सशक्त माध्यम है। सीटीएलडी के डॉ. दिलीप दत्त वर्ष्णेय ने का आभार जताया। संचालन अन्वेषा सिसोदिया ने किया।

# संत गाडगे के आदर्श अपना अच्छे राष्ट्र का करें निर्माण

- बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अतिथि का स्वागत करते दिवाकर समिति के पदाधिकारी।



आंबेडकर पार्क में संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।

**अमृत विचार:** जिला धोबी महासभा के तत्वावधान में सोमवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में समाज सुधारक एवं संत परंपरा के अग्रदूत संत गाडगे की 151वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत धोबी महासभा के अध्यक्ष ताराचंद व अन्य पदाधिकारियों ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

अध्यक्ष ताराचंद ने बताया कि उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेंदगांव (शेंडगांव) नामक गांव में एक गरीब धोबी परिवार में हुआ था। वह गांव-गांव जाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते थे और स्वच्छ वातावरण में रहने के लिए प्रेरित करते थे। सुरेश चंद दिवाकर ने कहा कि संत गाडगे महाराज समय के सदुपयोग के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने समाज से कुरीतियों, भेदभाव, नशाखोरी और धार्मिक अंधविश्वास को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। शिक्षा पर विशेष जोर देते थे। मुन्नालाल दिवाकर ने बच्चों से संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान किशन लाल, ठाकुरदास, राजेंद्र दिवाकर, रामावतार, मुन्नालाल, अमित दिवाकर, हरीश दिवाकर, राहुल दिवाकर और मोतीलाल उपस्थित रहे।

वहीं अखिल भारतीय आंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संत गाडगे का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एच. एन. प्रसाद ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने दलित, वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए हैं। संघ के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने युवाओं से आह्वान किया कि आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष मलखान सिंह, जय प्रकाश सिंह, रणवीर गौतम, मेघराज सिंह, दौलत सिंह, परमाल सिंह, सुनील सागर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद।

# काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता का विरोध


सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता का काली पट्टी बांधकर विरोध करते प्राथमिक शिक्षक।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शिक्षक फेडरेशन आफ इंडिया और प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में सोमवार को काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध जताया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि लंबे समय से सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता अव्यवहारिक है। हम सब इसका विरोध करते हैं। विरोध जताने वालों में राहुल शर्मा, उस्मान आरिफ, सुगंध गुप्ता, प्रतिमा, सीमा सिंह, आशीष कुमार, सऊद आसिफ, अरशद अली, आयशा नूर, रेखा चौहान, मोनिका पाल, रेनू सिंह, शहला जमील, आसिम सिद्दीकी के अलावा अन्य शिक्षक भी शामिल रहे।

## 38 विद्यार्थियों ने दी उर्दू की परीक्षा सभी रहे उपस्थित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीबीएसई की ओर से संचालित बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में सोमवार को जिले में केवल एक परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा आयोजित की गई। वीकेएस पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की उर्दू विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

इस परीक्षा के लिए कुल 38 विद्यार्थी पंजीकृत थे। सभी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व ही विद्यार्थी पहुंच गए थे। केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों की निगरानी में परीक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई गई। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

# सपाइयों ने लिया संत गाडगे के आदर्शों पर चलने का संकल्प



सपा कार्यालय पर संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा सिविल लाइन्स स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को संत गाडगे की जयंती सादगी और सम्मान के साथ मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन सामाजिक समानता, स्वच्छता और शिक्षा के संदेश को समर्पित रहा। उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया और दलितों व वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, वेदप्रकाश सैनी, आशकार पाशा, ब्रजलाल जाटव, दिलप्रीत सिंह, नागभारती, लुकमान खान, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### शिक्षामित्रों ने मानदेय में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा वि शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की घोषणा के बाद सोमवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ मूंढापांडे के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित आभार पत्र कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह से मिलकर सौंपा गया। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री सहित पूरे मंत्रिमंडल के प्रति आभार जताया। कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के विकास की नीव है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयत्न कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने कहा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री की हम प्रशंसा करते हैं। 8 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने और मानदेय वृद्धि करने की घोषणा कर हमारे भविष्य को मजबूत करने का काम किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, राजीव चौधरी, अशरफ अली, सत्यपाल सिंह, अमरनाथ, वीरपाल सिंह, सचिन कुमार, ज्ञानवती, गीता, पारुल, इफ्तेखार अहमद, माया देवी, वारिश अली, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



### नगर निगम के लेखाधिकारी के निधन पर शोक, दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के लेखाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा के कैंसर बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन पर नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारी संगठनों ने शोक जताया। 21 को उनके निधन के बाद सोमवार को टाउनहॉल स्थित नगर निगम कार्यालय में शोकसभा की गई। इसमें अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, उप नगर आयुक्त रामपाल, सहायक नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अन्य ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिवार को ढांढस देते हुए दुख की इस घड़ी में साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। शोक जताने वालों में सहायक लेखाधिकारी जेपी सिंह, मुख्य अभियंता मोइनुद्दीन, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, सहायक अभियंता बीआर अशोक, कार्यालय अधीक्षक देवाशीष के अलावा सौरभ कुमार, सचिन सिंह, सुनील लश्करी, सचिन कुमार, मो. सुब्हान आदि शामिल रहे। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि उनके निधन से निगम परिवार मर्माहत है। सोमवार को होने वाली बोर्ड की बैठक आज होगी।



### 28 को होगा विराट हिंदू विवाह व परिचय सम्मेलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति रक्षा समिति एवं अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट द्वारा 28 फरवरी आशियाना फेज एक स्थित रेड सफायर होटल में विराट हिन्दू विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें सत सनातन, जैन, सिख एवं बौद्ध सभी वर्गों के 251 युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन और 21 कन्याओं का कन्यादान भी किया जाएगा। इसके संबंध में सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर बैठक की गई। इसमें आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता राजेश रस्तोगी और सोमनाथ पोपली ने किया। संचालन आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अरविंद अग्रवाल जॉनी, सरदार गुरविंदर सिंह, अनिल सिक्का, सुधीर गुप्ता, संतोष नारंग, मीनू विज, सुधा शर्मा, शालिनी अग्रवाल, ममता चौधरी, सुनीता चौधरी, स्नेहलता चौधरी, शालिनी रस्तोगी, ज्योति सिंह, सुगंध कपूर आदि मौजूद रहे।



### श्रद्धालुओं ने दी 11 हजार आहुति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बाबा नीब करौरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के पांचवें दिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। नवग्रह एवं देवी-देवताओं का विधिवत पूजन किया गया। काशी से आए आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी के सानिध्य में आयोजित पंच कुंडीय महायज्ञ में आश्रम के ट्रस्टियों एवं श्रद्धालुओं ने 11 हजार आहुतियां अर्पित कर पूर्णाहुति दी। महायज्ञ के बाद आरती, सामूहिक हनुमान चालीसा व विनय चालीसा का पाठ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एडिटर क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री व डिजाइन को एक्सपोर्ट्स के विभोर लोहिया रहे। विशेष अतिथियों में विधायक रितेश गुप्ता, डॉ. विशेष गुप्ता, धवल दीक्षित, दीपक गोयल और गीता साध्वी शामिल रहे। नैनीताल के हनुमानगढ़ से आए एमपी सिंह भी रहे। अंत में अतिथियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बाबा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। महामंत्री राकेश गुप्ता, विनोद राय, देवेंद्र सिंह बिष्ट, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एआई के दौर में विरासत व विकास का संतुलन अनिवार्य

- डिजिटल समाज और मानव मूल्य एआई युग में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता पर संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, एबीआरएसएम, शैक्षिक फाउंडेशन एवं दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय, दिल्ली विवि के संयुक्त तत्त्वावधान में डिजिटल समाज और मानव मूल्यः एआई युग में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में हुई। दूसरे दिन केंद्रीय कानून एवं न्यायमंत्री मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 800 से अधिक शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों की उपस्थिति में भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नैतिक मानकों को तय करने वाले वैश्विक मार्गदर्शक के रूप में भूमिका स्पष्ट की।

मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि एआई का कानूनी और नैतिक ढांचा मानव कल्याण पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हाल ही में संपन्न वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन, जहां 86 देशों ने समावेशी तकनीक के समझौते पर हस्ताक्षर किए, यह सिद्ध करता है कि भारत इस क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। बीबीएयू लखनऊ के कुलपति प्रो. आरके मित्तल ने कहा कि गति को रोका नहीं जा सकता, लेकिन एआई के विकास को सही दिशा देना हमारे हाथ में है। जेएनयू की कुलपति प्रो. शांतिश्री धूलिपुडी पंडित ने वर्तमान दौर में शिक्षकों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि सम्मेलन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, सह संगठन मंत्री जी. लक्ष्मण, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता और महासचिव प्रोफेसर गीता भट्ट सहित, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फोटो वायरल करने की धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र में एक विवाहिता ने मोहल्ले के एक युवक पर छेड़छाड़, गाली-गलौज एवं फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

विवाहिता ने आरोप लगाया है कि लाल मस्जिद, कोतवाली क्षेत्र निवासी अशरफ अंसारी काफी समय से उसे परेशान कर रहा है। उसके मोबाइल और लैपटॉप में महिला के फोटो हैं, जिन्हें वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता है व उसकी दूसरी जगह शादी करने में बाधा उत्पन्न कर रहा है। 18 फरवरी को आरोपी उसके घर तक आ गया और जबरन हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। जिससे पीड़िता और उसका परिवार दहशत में हैं। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 को आएंगे रालोद के युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल की युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल 26 फरवरी को मुरादाबाद जनपद के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर आ रहे हैं। यह जानकारी कांठ क्षेत्र निवासी प्रदेश सचिव एवं निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल अजीत सिंह एडवोकेट ने दी। इस दौरान वह मुरादाबाद और अमरोहा में भ्रमण करेंगे। दौरे का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तय करना है। 26 फरवरी को दोपहर 12 बजे उनका कार्यक्रम मानसरोवर कॉलोनी लाइन पार स्थित मानसरोवर पैराडाइज होटल में आयोजित होगा। 2 बजे प्रेस वार्ता होगी।

### मस्जिद से लौट रहे युवक के साथ मारपीट

**ढाकुरद्वारा अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ताली वार्ड संख्या-8 निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली ढाकुरद्वारा में तहरीर दी है। पीड़ित ताजुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन ने बताया कि रविवार रात 9 :30 बजे नमाज व तरावीह पढ़ने के लिए उलेमू स्थित मस्जिद गया था। नमाज अदा करने के बाद जब वह मस्जिद से बाहर निकला, तभी पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज किया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। धमकी दी कि वह नमाज पढ़ने न आए। यदि आया तो जान से मार दिया जाएगा।

### कैंटीन का ताला तोड़ कर हज़ारों की चोरी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के कर्बला रोड स्थित धर्म कांटे के निकट शाहबुद्दीन नामक व्यक्ति की कैंटीन है। जिसमें कोल्ड ड्रिंक गुटका एवं खाने पीने का अन्य सामान मौजूद था। रविवार रात्रि चोरों ने कैंटीन का ताला तोड़कर गल्ले में रखे बारह हजार रुपए ओर कोल्ड ड्रिंक एवं खाने पीने का सामान चोर ले गए। शहाबुद्दीन जब अपनी कैंटीन पर पहुंचा तो उसने कैंटीन का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो गल्ला खाली था। ओर अन्य सामान भी मौजूद नहीं था। इसे लेकर पीड़ित ने पुलिस चौकी अगवानपुर में तहरीर देकर चोरी का सामान वापस दिलाने एवं चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### युवती को ले जाने वाला आरोपी दबोचा

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया। एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसकी बेटी को एक अज्ञात व्यक्ति अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में तहरीर दी। पुलिस ने जांच की तो बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के रहने वाले शाहिद पुत्र समद उर्फ समन को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

मैं निशिका पत्नी दीपक शर्मा ग्राम शरीफपुर थाना नखासा जनपद संभल की मूल निवासी हूं। 20 फरवरी को घर से संभल जाते समय मुझसे एक बैनामा दिनांक 7.4.1995 पुस्तक संख्या-1 जिल्द 861 क्रम संख्या-327/346 पर क्रम संख्या 2362 जो कि मंजू सोनी के नाम पर है जबकि दूसरा बैनामा दिनांक 29.8.2011 वही संख्या-1-जिल्द संख्या-8328 पृष्ठ संख्या-1 से 22-पर क्रम संख्या 12039 सत्यप्रकाश व विनय शुक्ला मुरादाबाद के मुहल्ला सियोरा गोविंदनगर के नाम है। इन दोनों के बैनामे के मूल पृष्ठ 9 व 10 वास्तव में कहीं गिर गए हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम GULJAR से बदलकर MOHD GULZAR s/o मोहम्मद फारूक, निवासी-आबिदनगर टीला, मियां कॉलोनी रोड, एटीएम वाली गली, करूला, मुरादाबाद रख लिया है अब मुझे नए नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# कब्जा मुक्त कराई ग्राम समाज की जमीन

## कब्जेदारों से राजस्व विभाग के अधिकारियों की जमकर हुई नोकझोंक, पुलिस की सख्ती से हुए शांत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव निर्मलपुर में ग्राम दबंगों ने ग्राम पंचायत की जमीन कब्जा कर उस पर उपले पाथने व अन्य सामान रख दिया था।

गांव के लोगों ने प्रकरण की शिकायत की। जांच में मामला सही मिलने पर डीएम के निर्देश पर सोमवार को राजस्व विभाग और पुलिस टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और सामान को हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

ग्राम समाज की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। इस संबंध में गांव के लोगों ने शिकायत की थी। शिकायत पर डीएम ने मामले की जांच कराई। तो हकीकत सामने आ गई।

इसके बाद डीएम के निर्देश पर सोमवार को कानूनगो सर्वेश सिंह व लेखपाल वुसरा साबरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस बल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी से कब्जा की गई जमीन से उपले, व अन्य सामान हटवा दिया। इस दौरान काफी पुलिस बल मौजूद रहा।


अधिकारियों से अपना पक्ष रखते कब्जेदार • अमृत विचार

### इस तरह हुई कार्रवाई

गांव के अर्जुन सिंह ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि गांव के वेदू सिंह, संजय सिंह, महीपाल सिंह और रूप सिंह ने ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने डीएम के निर्देश पर जब जमीन की पैमाइश की तो हकीकत सामने आ गई। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने जमीन को खाली कराने का आदेश जारी कर दिया। निर्देश के बाद सोमवार को कार्रवाई की गई।


मौके से कब्जा हटाते कब्जेदारों के परिजन • अमृत विचार

### जताई आपत्ति, बोले- नहीं दिया नोटिस

जमीन पर कब्जा करने वाले वेदू सिंह, संजय सिंह, महीपाल सिंह और रूप सिंह आदि ने मौके पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें कोई पूर्व नोटिस नहीं दिया गया। इससे नाराज कब्जेदारों ने राजस्व विभाग की टीम से विवाद करना चाह। लेकिन पुलिस की सख्ती के बाद सभी आरोपियों की अकड़ ढीली पड़ गई। इसके बाद जेसीबी ने मौके से उपला, भूसा आदि सामान हटवा दिया। कार्रवाई के बाद गांव में तरह तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध) मुरादाबाद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं छजलैट अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने लखनऊ में गठित अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों के एक मंच पर आने से टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने का आंदोलन अब और अधिक मजबूत होगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुसार आगामी गतिविधियां संचालित की जाएंगी और आंदोलन को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

ज्ञात हो कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में लखनऊ में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया है। इस महासंघ के माध्यम से गैर-टीईटी शिक्षकों को न्याय दिलाने और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में

- **संगठनों के एक मंच पर आने से टीईटी अनिवार्यता का आंदोलन और मजबूत होगा**


वीरेंद्र चौधरी।

व्यापक आंदोलन चलाने की रणनीति बनाई गई है। बैठक में उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न शिक्षक संगठन एकजुट हुए।

संयुक्त बैठक में सभी संगठनों ने सुशील कुमार पाण्डेय को मोर्चा का मुख्य संयोजक बनाते हुए संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, अटेवा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, बीटीसी शिक्षक एसोसिएशन, बेसिक शिक्षा अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक महासंघ, टीएससीटी सहित अन्य संगठनों ने संयुक्त रूप से आंदोलन चलाने की घोषणा की।

# शांति व सौहार्द से मनाएं होली-रमजान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा।

**अमृत विचार :** होली के त्योहार एवं रमजान माह को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने की।

सोमवार को आयोजित बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों तथा सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में पवित्र रमजान का महीना चल रहा है और होली का पर्व भी निकट है, सभी लोग आपसी भाईचारे और सम्मान के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने अपील की कि रंग खेलने के दौरान सावधानी बरती जाए तथा किसी की इच्छा के विरुद्ध जबरन रंग न लगाया जाए। जिन लोगों को रंगों से परहेज है, उनकी भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

बैठक में कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल, भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष रुद्र दत्त शर्मा, उमेश गुप्ता, कमलेश कुमार, पंकज गुप्ता, हाजी मुख्तियार सैफी, प्रधान पति रिफाकत चौधरी, शाहनवाज खान, अकिल मलिक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में लोगों से बात करते सीओ आशीष प्रताप सिंह। • अमृत विचार

- **अफवाहों पर न दें ध्यान, सोशल मीडिया पर रहेगी नजर**

# अधिशासी अधिकारी को दोबारा नोटिस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आरटीआई से जुड़े मामले में डीएम ने पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को दोबारा नोटिस दियाहै।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 10, मोहल्ला जमनावाला निवासी पवन कुमार ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन किया था। इस पर प्रथम अपील की सुनवाई 20 फरवरी को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय में तय की गई थी, लेकिन न तो संबंधित अधिकारी सुनवाई में पहुंचे और न ही आवेदक को मांगी गई सूचना दी गई। इसी कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगीता गौतम ने 25 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे सभी जरूरी कागजातों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। पत्र में यह भी साफ कहा गया है कि अगर आगे चलकर उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग की ओर से कोई कार्रवाई या जुर्माना लगाया जाता है, तो जिम्मेदारी संबंधित की होगी।

# पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र के एक गांव में आम के पेड़ से बुजुर्ग का शव लटका मिला। ग्रामीणों ने शव को लटका देखा और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से तथ्य एकत्र किए। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतक जयपाल।

थाना क्षेत्र के गांव महमूदानगला निवासी जयपाल सिंह (65) खेती किसानी करते थे। सोमवार को ग्रामीण जब गांव से बाहर गए तो जयपाल का शव आम के पेड़ से लटक रहा था। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने जयपाल के बेटे गुड्डू, अरुण और गुलाब सिंह को दी। जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस भी फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गई और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि जयपाल के तीन बेटे गुड्डू, गुलाब सिंह, अरुण और तीन शादीशुदा बेटियां हैं। पत्नी का देहात काफी समय पहले हो चुका है। वह बेटों से अलग रहते थे और अपना खाना स्वयं बनाते थे। गांव के लोगों ने बताया कि मकान जर्जर और आर्थिक स्थिति सही न होने से जयपाल अक्सर परेशान रहते थे। वहीं अब तक मृतक के परिजनों ने किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया है और न ही किसी के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि हत्या है या आत्महत्या। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।


घटना स्थल पर बिलाप करते मृतक के परिजन। • अमृत विचार

- **परिजनों का रो रोकर बुरा हाल मौके पर पहुंची पुलिस**

# वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सहफसली की जानकारी

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र,की ओर से ग्राम कमालपुरी खालसा तथा केंद्र परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गन्ने की सहफसली (इंटरक्रॉपिंग) खेती के लाभ, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार ने की। उन्होंने गन्ने में सहफसली खेती अपनाने से मृदा की उर्वरता, नमी संरक्षण एवं अतिरिक्त आय के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पौध सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने गन्ने की फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं कीटों की पहचान तथा उनके रासायनिक एवं जैविक नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी। फसल उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. शिव शंकर वर्मा ने गन्ने के साथ उच्च मूल्य वाली सब्जियों, फल एवं अन्य उद्यान फसलों की सहफसली के बारे में बताया।

वहीं सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने के साथ ली जाने वाली उपयुक्त सहफसली फसलों, उनके संयोजन, मिट्टी पर प्रभाव तथा अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को ऐप डाउनलोड कर उसका संचालन कर दिखाया। कार्यक्रम में गार्गी रानी, प्रमोद कुमार, महिपाल, मोहम्मद इलियास पुष्पराज, संदीप कुमार एवं दिनेश कुमार अशोक कुमार, मोहम्मद शामी, यस राम शर्मा, ओमप्रकाश सिंह समेत कई किसानों ने प्रतिभाग किया।


किसानों को सहफसली की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

- **बैठक में फसलों की देखभाल के बारे में भी बताया**

# शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की है। दरोगा विनोद कुमार सिंह, कांस्टेबल विजयपाल सिंह,जितेंद्र कुमार ने करसरा गांव के धारा सिंह पुत्र सूरज सिंह को गिरफ्तार किया।

जिसके पास अवैध देशी शराब बरामद हुई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न व दुष्कर्म का आरोप एसएसपी से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर क्षेत्र की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट एवं दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कटघर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर तीन महिलाओं समेत नौ लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका निकाह 20 अप्रैल 2025 को मो. आजम निवासी मसवासी थाना स्वार रामपुर के साथ हुआ था। विवाह में 15 लाख रुपये खर्च किए गए। कुछ समय बाद ही पति, जेठ, देवर, सास-ससुर व अन्य परिजन और दहेज के रूप में आठ लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करने लगे। मायके वाले देने में सक्षम नहीं थे जिसके बाद से आरोपी पीड़िता को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 10 जून 2025 की रात जेठ ने कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पति ने मामले को दबाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर गला दबाने का आरोप लगाया। किसी तरह मायके पहुंची। 11 जून को ससुराली मायके पहुंच गए और वहां भी उसे व माता-पिता को मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक कटघर कोतवली विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

- **तीन महिलाओं समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

# दो पशुपालक नंद बाबा व गोकुल पुरस्कार से सम्मनित

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित गोधन समागम कार्यक्रम में प्रगतिशील पशुपालकों को नंद बाबा एवं गोकुल पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें मुरादाबाद के भी दो पशुपालक शामिल हैं। मुख्य अतिथि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, अपर मुख्य सचिव और दुग्ध आयुक्त उपस्थित रहीं।

सोमवार को समारोह के दौरान मुरादाबाद जनपद के कुंवर पाल सिंह को गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत 51 हजार व राजवीर को नंद बाबा पुरस्कार के अंतर्गत 21 हजार का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले में विकास भवन सभागार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 100 पशुपालकों ने देखा। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने लाइव प्रसारण के दौरान उपस्थित पशुपालकों की सराहना की।

# कोरल कामिनी कंपनी ने किसान को सम्मानित किया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** हापुड़ की प्रसिद्ध उन्नत किस्म के बीज एवं उर्वरक निर्माता कंपनी कोरल कामिनी हाइब्रिड सरसों द्वारा तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी किसान चौधरी बृजेश कुमार को उत्कृष्ट उत्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार, चौधरी बृजेश कुमार ने 18 नवंबर को अपनी एक एकड़ भूमि में कोरल कामिनी हाइब्रिड सरसों की बुवाई की थी। फसल की बढ़वार, पौधों की लंबाई-मोटाई, शाखाओं की संख्या तथा फलियों की भरपूर पैदावार को देखते हुए कंपनी के फील्ड ऑफिसर सचिन कुमार ने 21 फरवरी को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फसल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ मानते हुए चौधरी बृजेश कुमार को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कंपनी के उच्च अधिकारियों को भी इस संबंध में अवगत कराया गया है, जो फसल की कटाई और निकासी के समय पुनः निरीक्षण करेंगे। सम्मान प्राप्त करने के बाद चौधरी बृजेश कुमार ने अन्य किसानों से अपील की कि वे अच्छी गुणवत्ता वाले बीज एवं उर्वरक विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदें, ताकि बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके।


सम्मामित करते कंपनी के **अफसर।**

- **सरसों की बेहतर खेती के लिए दिया पुरुस्कार**

# रास्ते के विवाद में फायरिंग, युवक घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में खेत के रास्ते को लेकर हुए विवाद में फायरिंग का मामला सामने आया है। युवक गंभीर घायल हो गया है।

घोसीपुरा निवासी मुजम्मिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 फरवरी की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने भाई यूनुस के साथ रुस्तमपुर बड़मार उर्फ ऊंचा गांव के जंगल स्थित बटाई के खेत में काम कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही अमीर, अरबी, आशिक अली तथा शबदल पुत्र इमामी वहां पहुंचे जिनके हाथों में तमंचा, फरसा व लाठी-डंडे थे। खेत से रास्ता निकालने के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी अमीर ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। शबदल ने फरसे से यूनुस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यूनुस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुजम्मिल की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगरेप कर किशोरी को किया गर्भवती, रिपोर्ट

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** छह माह पूर्व बाग की रखवाली कर रही किशोरी के साथ आरोपी ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने सगे भाई व दो दोस्तों के साथ पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इससे पीड़िता छह माह की गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर पीड़िता के पिता ने थाना मैनाठेर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कुदंरकी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि छह माह पूर्व वह और उसके परिजन बाग की रखवाली करते थे। एक बार वह मजदूरी करने चला गया। बाग में उसकी पत्नी और 13 वर्षीया बेटी रह गई थी। कुछ समय बाद उसकी पत्नी घर पर खाना लेने के लिए आ गई और बाग में उनकी बेटी रखवाली करने लगी। इसी बीच गांव का तहजीब तमंचा लेकर बाग में पहुंचा और जबरन किशोरी को गन्ना के खेत में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा।

इसके चार पांच दिन बाद आरोपी ने धमकी देकर उनकी बेटी को सूनसान जगह पर बुलाया। जहां पर पहले से ही तहजीब, उसका भाई कमरे आलम, कल्लू, निवासी तखतपुर अल्लाह उर्फ नानकर थाना मैनाठेर और एक अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे। आरोपियों ने उनकी बेटी के साथ बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया।

परेशान होकर उनकी बेटी ने आत्महत्या करने की सोची। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी कहानी बताई।

तब पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

- **छह माह पूर्व तमंचे के बल पर आरोपियों ने किया था सामूहिक दुष्कर्म**

### महिला ने देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**भगतपुर अमृत विचार :** एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और देवरों पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार उसका विवाह 15 जून 2024 को मझोला क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसके पति, सास, ससुर और देवर व ननद दहेज की खातिर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसके एक देवर ने डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया व दूसरे देवर व ससुर ने उसके साथ छेड़खानी की। आरोप है कि 11 फ़रवरी को देवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस प्रकरण में पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



**इफ्तार** 24 फरवरी
सुन्नी: 6.15
शिया: 6.24

**सहरी** 25 फरवरी
सुन्नी: 5.08
शिया: 5.12

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया:** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

# थानेदारों की नियुक्ति में आरक्षण की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अखिल भारतीय जाटव महासभा ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर सोमवार को समर्थकों के साथ मुरादाबाद में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मिले। उन्होंने ज्ञापन देते हुए थानेदारों की तैनाती में आरक्षण की मांग की है।

बताया कि 7 जून 2002 के सरकारी आदेश के अनुसार राज्य में सरकारी नौकरियों के लिए लागू आरक्षण नीति के मुताबिक ही थानेदारों की भी तैनाती होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल आदि में यह लागू होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति (एससी) से 21 और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से 2 प्रतिशत थानेदार बनाए जाने चाहिए। हमारे पूरे मुरादाबाद परिक्षेत्र में प्रभारी निरीक्षकों का थानों में आरक्षण कोटा पूरा नहीं हो पाया है। रामपुर में आरक्षण के अनुसार थानों में एएचटीयू साइबर थाने देकर भी अपूर्ण की स्थिति में है। कई थानेदार तो 4 वर्ष से लगातार थाने में बने हुए हैं। कोई आवाज उठाता है तो मुकदमे की धमकी दी जाती है। संविधान के अधिकारों का हनन हो रहा है। चौकी पर उपनिरीक्षकों तक की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। मांग की कि रामपुर में अनुसूचित जाति के निरीक्षकों को आरक्षण कोटे के अनुसार थाने में नियुक्त किया जाए। साथ ही समीक्षा की जाए कि आरक्षण लागू क्यों नहीं हुआ।

### डिटॉक्स हो जाता है शरीर, विषाक्त पदार्थ हो जाते हैं शरीर से बाहर

# रोजा रखने से रीसेट होता है शरीर का मेटाबॉलिज्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रोजा रखने से शरीर का मेटाबॉलिज्म रीसेट हो जाता है। शरीर डिटॉक्स हो जाता है, विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर हो जाते हैं। इतना ही नहीं मस्तिष्क की कार्य क्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शरीर के डिटॉक्स होने से रोजे इंसान को एक दम तरोताजा बना देते हैं।

कई दीर्घकालिक बीमारियों का संबंध मानव शरीर में विषाक्त पदार्थों के अत्यधिक भार और अपशिष्ट पदार्थों के पेट में रहने से है। यह विषाक्त पदार्थ निकोटीन और अन्य हानिकारक दवाओं, वसा या कोलेस्ट्रॉल के रूप में हो सकते हैं। रमजान में रोजा रखने से शरीर विषाक्त पदार्थों को निकालता है और शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को कम करता है। रोजा भोजन और हमारे वातावरण में मौजूद अवांछित रसायनों के संपर्क से शरीर को विषाक्त पदार्थों से मुक्त करने का एक तरीका है। रमजान के दौरान इस विषाक्त पदार्थ से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए रोजा रखना चाहिए। रमजान में रोजा रखने से मेटाबॉलिज्म रीसेट हो जाता है। रोजा रखने की बाबत अमृत विचार ने शहर के जाने-माने चिकित्सकों से बातचीत की।

**बोले चिकित्सक**



रोजा इफ्तार खजूर से करें बेहतर है क्योंकि खजूर पौष्टिकता से भरपूर होती है। सहरी के लिए स्वस्थ, कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन चुनें। ताकि सहरी में खाए गए भोजन से अधिकतम पोषक तत्व प्राप्त हो सकें और ऊर्जा का स्तर भी बढ़े। इससे दिनभर के लिए शरीर तैयार हो जाता है।

– **डॉ. बीसी सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल



रमजान के दौरान उपवास करने से मेटाबॉलिज्म को रीसेट करने का भी मौका मिलता है। जिससे शरीर को भोजन और पेय के बिना घंटों के दौरान अधिक मेहनत करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वसा स्रोतों का उपयोग होता है और विषाक्त पदार्थों से छुटकारा मिलता है।

– **डॉ. विशेष कुमार**



रमजान में रोजा रखने से मेटाबॉलिज्म दुरुस्त हो जाता है। जिससे मधुमेह के रोगियों को बहुत लाभ मिलता है। टाइप-2 मधुमेह रोगियों को माहे रमजान में दवा खाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इफ्तार में फलों को खा सकते हैं। लेकिन मीठे पेय पदार्थों से बचें।

– **डॉ. दशरथ सिंह**



रोजा रखने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। रोजा मस्तिष्क को तनाव की स्थिति में डालता है, जिससे मस्तिष्क में ब्रेन-डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर बीडीएनएफ नामक प्रोटीन उत्पन्न होता है जो मस्तिष्क स्टेम कोशिकाओं के कायाकल्प को बढ़ावा देने में सहायक होता है।

– **डॉ. अनीस अहमद**

**न्यूज ब्रीफ**

## कॉलोनी पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

**टांडा, अमृत विचार:** तहसील टांडा के मोहल्ला टंडोला में बिना किसी सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराए विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। राजस्व टीम और नगरपालिका परिषद टांडा की संयुक्त टीम ने गाटा संख्या-289 में कार्रवाई करते हुए 0.2830 हेक्टेयर भूमि पर यह कार्रवाई की। अधिकारियों के बताया कि उक्त निर्माण के लिए संबंधित विभाग से कोई नक्शा पास नहीं कराया गया था। हिदायत दी गई कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का भू-खंड विकास गैर-कानूनी है। प्रशासन ने कहा कि यह अभियान रुकने वाला नहीं है। इस दौरान नगरपालिका जेई अवनीश तिवारी, लेखपाल मोहम्मद इमरान पुलिस बल आदि रहे।

## मार्ग का डामरीकरण कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** ककरौआ के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि ककरौआ से ग्राम भंडपुरा तक जाने वाला मार्ग कच्चा होने के कारण बदहाल है। मांग की है कि सड़क का डामरीकरण कराया जाए। ग्रामवासी रमेश कुमार द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इस मार्ग के किनारे कुछ फैक्ट्रियों के बनने की प्रक्रिया चल रही है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण कच्चा मार्ग और अधिक क्षतिग्रस्त हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। विद्यार्थियों, किसानों, मजदूरों एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। जन सुविधा, क्षेत्रीय विकास एवं औद्योगिक प्रगति को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ाए बच्चे

### टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में उतरे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर विरोध जारी है। सोमवार को जिले के कई ब्लॉकों में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने बाजु पर काली पट्टी बांधकर शैक्षिक कार्य किया।

आंदोलन के दूसरे चरण में वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति के लिए टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ महिला शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में पूरे प्रदेश में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर टीईटी मुक्ति के लिए विरोध जताया।

रामपुर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज 25 फरवरी तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री चरन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध करने का काम किया।

नरेंद्र सैनी ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदीप भटनागर, परितोष चौहान, अनुसेंद्र चौहान, अंजुम सक्सेना, जिला महामंत्री प्रशांत प्रकाश, प्रसन्न प्रकाश राणा, तलत मुजीब, कमल, नीतू, आनंद कुमार, अरुण कुमार, राखी सागर, अनुराधा मौर्य, पूनम आनंद, सुरेंद्र यादव के साथ शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया।



हाथ पर पट्टी बांधे शिक्षिकाएं। • अमृत विचार

### 25 तक पट्टी बांधेंगे, 26 को करेंगे प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने भी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में बड़ा आंदोलन शुरू किया है। सोमवार को जिले के सभी शिक्षकों ने दाहिनी भुजा पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया, जिससे उनकी इस मुद्दे पर विरोध और असंतोष व्यक्त किया जा सके। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह और जिला महामंत्री अंजुम सक्सैना ने बताया कि 25 फरवरी तक दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जायेगा और 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना और पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। अगर उस पर भी टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया जाता है तो पूरे देश के शिक्षक मिलकर दिल्ली के रामलीला मैदान में मार्च में महारैली करने को मजबूर होंगे।



हाथ पर पट्टी बांधकर पढ़ाते शिक्षक। • अमृत विचार





हाथ पर पट्टी बांध विरोध जताते शिक्षक। • अमृत विचार

# बच्चे की बुनियादी शिक्षा में पूर्व प्राथमिक शिक्षा महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सोमवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत सैदनगर ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम हुआ।

सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा में पूर्व प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित कर बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत किया जा सकता है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में बाल वाटिका के तहत पेंटिंग का कार्य कराया गया है और चाइल्ड फ्रेंडली फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान आंगनबाड़ी से 20 बच्चे और प्राथमिक विद्यालयों से कक्षा एक और दो के निपुण हुए 30 बच्चों को अध्ययन किट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एआरपी चंचल सिंह, हरीश कुमार, प्रभात कुमार, विजय मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, अनीसा लतीफ, डॉ रिजवान, डॉ सुनील कुमार, मुजाहिद खान, नाजिम अली, चिरंजीव गुड्डू, सौरभ, नसरीन बी, शबनम आरा, मरियम, रेहान खान, सुखबीर, शाजिया बी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रानी, दीप्ति, गजाला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी डॉ सरफराज अहमद ने किया।





सैदनगर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में अध्ययन किट से सम्मानित बच्चे। • अमृत विचार

# तंबाकू मुक्त रामपुर पुस्तक का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सोमवार को हुई।

जिसमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां द्वारा लिखित तंबाकू मुक्त रामपुर का जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना और मुख्य चिकित्सा अधिक्षक महिला जिला अस्पताल डॉ. अनवर सादात ने विमोचन किया। डीएम कार्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक ने कहा कि इस पुस्तक का उद्देश्य प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा आम लोगों के लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी।

तंबाकू मुक्त समाज बनाने के लिए दिशा निर्देश हैं। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार मौजूद रहे।

# अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** अभिभावकों ने सेंट फ्रांसिस स्कूल पर बच्चों को धमकाने का आरोप लगाया। उधर, 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जोकि अभिभावकों की ओर से न्यायिक कार्यों में पैरवी करेगी।

सोमवार को गांव पंजाबनगर स्थित गुरुद्वारे में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव नवाबगंज स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री हरगोविंद साहिब के मुख्य बाबा अनूप सिंह, नानकपुरी टांडा स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब के मुख्य बाबा गुरजंट सिंह समेत आदि रहे। इसके अलावा बैठक में छेड़छाड़ के शिकार बच्चों के माता पिता भी शामिल हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों ने अपने हितों की रक्षा और कानूनी लड़ाई के लिए एक 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के भीतर बच्चों को मानसिक रूप से प्रभावित कर उन्हें एक विशेष धर्म की ओर प्रेरित भी किया जा रहा था। जब बच्चों की गतिविधियों और उनके द्वारा बताई गई बातों से अभिभावकों को संदेह हुआ। बच्चों को गलती पर प्रिंसिपल सजा के नाम पर अश्लील हरकतें करता था। साथ ही जब बच्चों ने इस मामले को उजागर किया तो विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को धमकाना शुरू कर दिया। वहीं, कमेटी में शामिल जोगिंदर सिंह बिट्टू ने बताया कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य स्कूल प्रबंधन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखना, प्रभावित अभिभावकों को कानूनी सहायता प्रदान करना, शिक्षा के नाम पर हो रहे किसी भी प्रकार के धार्मिक प्रचार को रोकना समेत आदि शामिल हैं।



गांव पंजाबनगर में बैठक में शामिल अभिभावक व संगत। • अमृत विचार

- 21 सदस्यीय कमेटी करेगी अभिभावकों की ओर से पैरवी

**न्यूज डायरी**

## मंडलीय प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**टांडा, अमृत विचार:** उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा के नन्हे खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्रा अनु यादव, अरशिफा और मोहम्मद जैद को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी फोटोलाल निरंकारी और शिक्षक डॉ. राजवीर सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य जयप्रकाश सिंह व शिक्षकों ने विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति-पत्र दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान करखेड़ा अध्यक्ष, रवि कुमार, हिमदीप सिंह, सुनील कुमार, कुशलपाल सिंह, अब्दुल रऊफ, सईदुज्जफर रहमानी, तनवीर अहमद, नरेश कुमार एवं नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र, 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगा



**मिलक, अमृत विचार:** बिजली उपकेंद्र मिलक के पांच एमबीए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर दी गई है। इसके स्थान पर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे नगरवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। बिजली उपकेंद्र में लगे कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए क्षेत्रवासी काफी समय से मांग कर रहे थे। पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने भी ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर लो-वोल्टेज, बार-बार की ट्रिपिंग, लाइन फाल्ट आदि की समस्याओं से अवगत कराया था। जिसके बाद विद्युत निगम मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के साथ ही नया 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया गया। नगरवासियों ने पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। दीक्षा गंगवार ने बताया कि मिलक उपकेंद्र पर एक और ट्रांसफार्मर को 5 एमबीए से बढ़कर 10 एमबीए करने हेतु ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर उसको भी बढ़वाने का प्रयास किया जाएगा।





## राष्ट्रीय संगोष्ठी में रखे विचार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सोमवार को गांव कुंआखेड़ा स्थित श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बाद में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी का विषय था ग्रीन टेक्नोलॉजी एवं नवाचार, अवसर और वास्तविक दुनिया की चुनौतियां। प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल मुख्य अतिथि रहे। मुख्य वक्ता डॉ. महेंद्र पाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि राजेश बाबू शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अवतार दीक्षित ने बदलते समय में ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग तथा हरित प्रौद्योगिकी को अपनाकर सतत विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। प्रो. विवेक तिवारी तथा डॉ. हर्षवर्धन मिश्र ने दोनों सत्रों में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. पंकज गंभीर एवं नीलम मौर्य ने आभार जताया। संचालन डॉ. शिव ओम शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, पूर्व छात्र एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संत गाडगे की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग



**रामपुर, अमृत विचार:** कोसी रोड स्थित भगवान वाल्मीकि धाम पर सोमवार को एक कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि संत गाडगे जयंती पर सरकार राष्ट्रीय अवकाश घोषित करें। क्योंकि संत गाडगे महाराज ने जो चेतना शिक्षा और स्वच्छता के लिए देश में पैदा की है वह किसी अन्य संत नहीं की। पदाधिकारियों ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वीरेश भीम अनार्य ने संत गाडगे जी की 150वीं जयंती पर कहा कि जहां दूसरे संत देश में अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को बढ़ावा दे रहे थे, तब संत गाडगे ने समाज में शिक्षा और स्वच्छता पर जोर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, प्रदेश महासचिव विजय अनार्य, मंडल अध्यक्ष करण वाल्मीकि, रामगोपाल कटारिया, शंकर बबलू, गुरमुख भारती, अभिषेक बाबू, एकलव्य वाल्मीकि, किरेन्दर वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि, हनी कटारिया आदि ने विचार व्यक्त किये।

**कार्यक्रम** | डीसीबी सभागार में सहकारी बैंक की 35वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक

# मंत्रालय बनने से सहकारिता को मिला बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक की 35वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर सहकारिता को बढ़ावा दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री उद्यम युवा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। इसके अलावा सहकारिता पर लिखी पत्रिका का विमोचन हुआ।

जिला सहकारी बैंक के सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश पाल, डीसीबी के चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत कराई। बैंक सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी ने बैंक प्रबंधक समिति के सभापति, उपसभापति तथा सदस्यों का स्वागत करते हुए वर्ष 2024-25 का संतुलन पत्र एवं लाभ-हानि का ब्योरा प्रस्तुत किया। कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा देश की जनता एवं किसानों के लिए और भी तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है। बैंक द्वारा पैक्स के माध्यम से किसान सदस्यों को वितरित किए गए लाभांश पर खुशी जताई। कहा कि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा उ. प्र. सहकारिता के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर लाने का कार्य किया है। बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बैंक द्वारा समितियों को लाभांश दिया गया है। जिससे समितियां अपने किसान सदस्यों को लाभांश वितरित करेंगी। इस दौरान कुलवंत सिंह, ब्लॉक प्रमुख, अर्चना गंगवार, सुभाष भटनागर, दिलीप सक्सेना, अशोक विश्नोई, सुधाकर आर्य, हरजिंदर सिंह, रविंद्र सिंह, तेजपाल, हरदीप सिंह, रोहिताश, नंद किशोर, यतेंद्र कुमार, टीकम सिंह, परमजीत सिंह, दीप गोयल, ज्ञानदेव गंगवार, सुभाष चंद्र, राजेश खन्ना, विपिन कुमार लाम्बा, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, सुदर्शन कुमार, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद जमालुद्दीन आदि मौजूद रहे।



डीसीबी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता पर लिखी पत्रिका का विमोचन करते अतिथि। • अमृत विचार

- बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए देगा 5-5 लाख रुपये ऋण

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखा पुरस्कृत

उप्र राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि सरकार द्वारा सहकारिता को उच्च शिखर पर पहुंचाने कर बड़ा कार्य किया है। उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखा स्वार, रुस्तमनगर, पनवड़िया, ज्वालानगर, सिविल लाइंस, पुराना गंज के शाखा प्रबंधकों को पुरस्कृत किया गया।

## 26 फरवरी को टेलीफोन एक्सचेंज में होगी कार्यशाला

**रामपुर, अमृत विचार:** टेलीफोन उपभोक्ताओं को बदलते समय के साथ कदमताल करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। भारत संचार निगम के एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि 26 फरवरी को गांधी समाधि के निकट स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में पूर्वाह्न 11:30 बजे से उपभोक्ता शिक्षा कार्यशाला होगी। कार्यशाला के दौरान दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता, शिकायत निवारण तंत्र तथा उपभोक्ताओं के अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। एसडीओ ने बताया कि वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी एवं स्पैम कॉल्स तेजी से बढ़े हैं। इस बाबत उपभोक्ताओं को कोई खास जानकारी नहीं है। इससे बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी उपभोक्ताओं को विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हार्ट अटैक से पूर्व सभासद का निधन



**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी पूर्व सभासद नरेश गोयल का हृदय गति रुकने से सोमवार को निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने बताया कि शनिवार को उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल काशीपुर के एक उच्च चिकित्सा केंद्र ले गए। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों व परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

### सभासद के निधन पर जताया शोक

**मिलक, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 के सभासद विक्की रहेला उर्फ सत्या के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को सभी कार्य स्थगित कर दिए गए। पालिका परिसर में सभासद और पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया सभा में सभी सभासद और पालिका अध्यक्ष सहित समाजसेवी नरेंद्र सिंह गंगवार, चंद्रभान मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### योगासन 8 को

**रामपुर, अमृत विचार :** ड्रिस्टिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर योगासन सिटी लीग का आयोजन डायट सभागार में किया जाएगा। बताया कि इस अवसर पर जो बालिकाएं एवं महिलाएं जिला स्तर एवं इसके ऊपर किसी भी योग, योगासन खेल प्रतियोगिता 2025-26 में स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कास्य पदक प्राप्त किये हैं उन सभी को डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। योग शिक्षिकाओं द्वारा योगासन खेल को बढ़ावा देने में योगदान दिया जा रहा है। उन सभी को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## एक दिवसीय सम्मलेन में समूह की 3,500 महिलाओं ने किया प्रतिभाग

# आत्मनिर्भरता की ओर...316 महिला समूहों को मिले 4.54 करोड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बरेली रोड स्थित एक गार्डन में सोमवार को एक दिवसीय सम्मलेन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में जिले भर से आईं करीब 3,500 महिलाओं ने हिस्सा लिया। 316 महिला समूह को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 4.54 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

कार्यक्रम का आरंभ डीएम अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रत्येक ग्राम पंचायत से पांच-पांच महिलाओं को आमंत्रित किया था, जिसमें लगभग 3,000 से 3,500 महिलाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायत का एंबेसडर घोषित किया।




महिला समूह सदस्यों को चेक सौंपते डीएम व सीडीओ। • अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद महिला समूह सदस्य व अन्य। • अमृत विचार

**• डीएम ने महिलाओं को बनाया एंबेसडर**

उन्होंने अपील की कि ये सभी एंबेसडर महिलाएं अपने गांवों में जाकर ऐसी ही कार्यशालाएं करें और अन्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यक्रम के दौरान बड़ा कदम उठाया गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जिले के 275 सीआईएफ (कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड) समूहों को 4.42 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही 41 आरएफ (रिवॉल्विंग फंड) समूहों को भी 12.50 लाख रुपये की धनराशि दी गई। डीएम ने मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी अहम योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में बताया। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भी महिलाओं से इन योजनाओं का खुद लाभ उठाने और अन्य जरूरतमंदों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

### महिलाओं को सम्मानित किया

समाज में मिसाल पेश करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। हाईटेक तकनीक से मशरूम का बेहतरीन उत्पादन कर रहीं कृषक रचना चौहान को प्रशस्ति पत्र दिया। शासन की योजनाओं का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने के लिए लाभार्थी सीमा, शरमीन और फूलवती को मौके पर ही फैमिली आईडी कार्ड सौंपे गए। महिलाओं और बच्चों के कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, वन स्टॉप सेंटर की संचालक चांद बी और एसओ निशा सिंह को भी विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## गोवध व मुठभेड़ का वांछित इनामी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचारः** 26 नवंबर 2025 को थाना शाहबाद से पुलिस मुठभेड़ में सुभान व परवेज को मौके से गिरफ्तार किया था। जबकि आरोपी नन्हे निवासी मोहल्ला कस्साबान कस्बा व थाना शाहबाद व महफूज निवासी मोहल्ला नालापार कस्बा, शाहबाद, शरीफ निवासी ग्राम औसी शाहबाद रात में फरार हो गये थे। थाना शाहबाद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

मामले में एक आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जबकि एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। महफूज फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया था। शाहबाद पुलिस ने मुकदमों मं वांछित व 25000 के इनामी महफूज को न्यू लाइफ केयर नशा मुक्ति केंद्र काशीपुर रोड रामपुर दोराहा मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी की निशानदेही से एक तमंचा और नाल में फंसा खोखा कारतूस बरामद किया है।

# हाईस्कूल अंग्रेजी का पेपर देखकर बढ़ा हौसला

## 1764 अनुपस्थित, इंटर जीव विज्ञान व गणित की परीक्षा से 730 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड में सोमवार को हाईस्कूल की अंग्रेजी भाषा की परीक्षा हुई। जिसमें 25317 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23553 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यवसायिक विषय की परीक्षा में 254 के सापेक्ष 246 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान और गणित विषय की परीक्षा में 13242 के सापेक्ष 12512 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। हाईस्कूल अंग्रेजी का पेपर देखकर परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ा। सभी खुश नजर आए।

यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल का अंग्रेजी के पेपर के लिए 25317 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष 23553 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि, 574 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट का व्यवसायिक शिक्षा का भी पेपर था जिसके लिए 254 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 246 परीक्षा उपस्थित रहे और 1764 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यावसायिक शिक्षा के पेपर में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का जीव विज्ञान और गणित विषय का पेपर था। जिसके लिए 13242 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिसके सापेक्ष 12512 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 730 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



पेपर खत्म होने के बाद प्रश्नों के उत्तर को जांचते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

> हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की सोमवार को 74 केंद्रों पर परीक्षा हुई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए छह उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।
> – **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### गुजराती पेपर से सभी परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

अमृत विचार : सीबीएसई में सोमवार को 10वीं के पंजाबी विषय के लिए एक परीक्षार्थी ने पंजीकरण कराया था। उसने पंजाबी विषय की परीक्षा दी। जबकि गुजराती विषय के लिए 35 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था और सभी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



हिन्दी माध्यम वालों के लिए अंग्रेजी का पेपर हमेशा ही होश उड़ाने वाला होता है। गाद्यांश पढ़कर पांच प्रश्नों का उत्तर लिखना था वह लिख दिया, पेपर अच्छा हुआ है। – अंकित



अंग्रेजी का पेपर था और बहुत अच्छा हुआ है उम्मीद है कि पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। अंग्रेजी विषय की बहुत समय से तैयारी कर रहे थे जितना याद किया वह पेपर में आया था। – साहिल



अंग्रेजी का पेपर पास होने लायक हो गया है। जितना याद किया था वह पेपर में देखकर दिल खुश हो गया। पहले वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखे इसके बाद दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखें हैं। – **निहाल सिंह**



अंग्रेजी के पेपर के लिए तड़के कुछ प्रश्नों के उत्तर याद किए थे। पेपर हाथ में आते ही वही प्रश्न देखकर बहुत खुशी हुई। पहले उन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखे जोकि, तड़के में याद किए थे। – रेहान

## राम रहीम पुल पर आज से 26 दिन बंद रहेंगे भारी वाहन




शाहबाद मार्ग स्थित राम रहीम पुल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मरम्मत के चलते 26 दिन के लिए शाहबाद मार्ग ज्वालानगर जाने वाला राम रहीम पुल भारी वाहनों के लिए बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

बताया गया कि रामपुर में शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग स्थित राम रहीम सेतु की मरम्मत कार्य होगा। इसमें बीयरिंग बदलना ज्वाइंट्स बदलना आदि का कार्य 23 फरवरी 2026 से 23 मई 2026 के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण प्रथम चरण में राम रहीम सेतु (रेलवे ओवर ब्रिज) की मरम्मत 23 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक सेतु पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गौरव सिंह ने बताया कि पहले चरण में भारी वाहनों के लिए आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसके बाद रिपेयरिंग से पहले आम जनता को सूचित कर दिया जाएगा।

## मेले में 68 युवाओं को मिली नौकरी




जिला सेवायोजन कार्यालय में हुई करियर काउंसलिंग में बोलते वक्ता।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुरानी तहसील स्थित जिला सेवायोजन कार्यालय में सोमवार को सुबह 10 बजे से आयोजित रोजगार मेले में 68 अभ्यर्थियों को रोजगार दिया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 4 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया।

करियर काउंसलिंग में मुख्य अतिथि एलआईसी के डेवलपमेंट अधिकारी जसवंत सिंह ने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि के अनुसार करियर का चुनाव करना चाहिए। जिला सेवायोजन कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले का आरंभ प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने किया। रोजगार

**• पुरानी तहसील में जिला सेवायोजन कार्यालय में आयोजन**

मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की प्री-करियर काउंसलिंग की गई। करियर काउंसलर सेवानिवृत्त भारतीय जीवन बीमा निगम के डेवलपमेंट ऑफिसर जसवंत सिंह ने कहा कि प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रुचि अनुसार प्रतिभाग करना चाहिए, जीवन मे जब भी ऐसा अवसर प्राप्त हो उसका लाभ लें। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया गया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 4 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 95 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से साक्षात्कार के बाद 68 अभ्यर्थियों को रोजगार दिया गया।

## सिविल लाइंस पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी दबोचे

**रामपुर, अमृत विचारः** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने कुशीनगर जिले के गैगस्टर में वांछित 25-25 हजार के दो इनामी को दबोचा है। सोमवार को की गई कार्रवाई में रिजवान निवासी मोहल्ला नज्जूपुरा टांडा व शाजिद निवासी मोहल्ला नालापार काशीपुरा थाना गंज आगापुर विजइया लिंक रोड अंडर पास के नीचे से गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो तमंचे, 3 कारतूस, एक चोरी की बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तारी और बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइंस आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी रिजवान थाना तरायसुजान जिले कुशीनगर से 25 हजार रुपये का ईनामी है। जबकि शाजिद थाना तमकुहीराज कुशीनगर से गैंगस्टर एक्ट का वांछित और 25 हजार रुपये का इनामी है। टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिह थाना सिविल लांइस, प्रभारी निरीक्षक एसओजी बृजेश कुमार शामिल रहे।

## आंगनबाड़ी के निपुण छात्र-छात्राएं सम्मानित



अध्ययन सामग्री के साथ निपुण बच्चे। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** चमरौआ बेसिक शिक्षा विभाग के तहत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र चमरौआ शंकरपुर के परिसर में हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के आंगनबाड़ी के निपुण छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी क्रांति गंगवार ने कहा कि आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों के समन्वय से ही शिक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। मंच संचालन एआरपी वरुण आर्य, पारितोष कुमार, अरुण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल प्रदीप भटनागर ने प्री प्राइमरी शिक्षा के प्रयासों को विस्तार से बताया। एआरपी वरुण आर्य, महेश कुमार, जिला महामंत्री अंजुम सक्सेना, जिला महामंत्री चरण सिंह, एसआरजी प्रदीप भटनागर, अनुसेंन्द्र चौहान, पूनम आनंद, फिरासत,राखी सागर समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन से शोक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सरन मिश्रा (70) का रविवार देर रात ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। देर रात परेशानी होने पर टीएमयू ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक और व्यापारी जगत में शोक की लहर दौड़ गई।



पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश मिश्रा।

राकेश सरन मिश्रा सराफा कमेटी में करीब 20 साल तक महामंत्री और राजनीति में बेहद सक्रिय रहे। उनके निधन पर साहूकारा कमेटी के आह्वान पर पूरा सराफा बाजार बंद रहा। दोपहर 2:30 बजे कोसी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी बड़ी बेटी मनीषा ने उन्हें मुखाग्नि दी। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सिविल लाइंस कचहरी रोड स्थित आवास जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को सांत्वना दी। नकवी ने कहा कि राकेश मिश्रा बेहतरीन शख्स और बेमिसाल शख्सियत एवं उनके अभिन्न साथी थे। व्यक्तिगत और रामपुर का नुकसान है। नकवी ने पत्नी एवं दोनों पुत्रियां को ढांढस बंधाया।



पूर्व जिलाध्यक्ष के परिवार को सांत्वना देते पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी। • अमृत विचार

**• पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने आवास पर पहुंचकर दी सांत्वना**

इस दौरान कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, विधायक आकाश सक्सेना, चंद्रपाल सिंह, ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, जुगेश अरोड़ा कुक्कू, हंसराज पप्पू, भारत भूषण गुप्ता, श्रीश गुप्ता, पंकज लोधी, संजय पाठक, सुभाष भटनागर, जागेश्वर दयाल दीक्षित, वेद आहूजा, कपिल आर्य, चंद्र प्रकाश शर्मा, अवधेश शर्मा, मोहन लोधी, सौरभ लोधी, राजू शर्मा, मुन्नी देवी गंगवार, अशोक बिश्नोई, दिलीप अरोड़ा, मुकेश आर्य, गोपाल गुप्ता, नरेंद्र गंगवार, देवेश गुप्ता, ऋषि पांडे, योगेंद्र चौहान, समर सिंह चौहान, सतनाम सिंह, दिनेश शर्मा, विकास दीक्षित, विक्रम सिंह, ओम प्रकाश लोधी, आशु गुप्ता आदि लोग सांत्वना देने पहुंचे।

# महाराज अग्रसेन ने किया समृद्ध समाज का निर्माण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि महाराज अग्रसेन एक महान राजा थे। जिन्होंने समाज में समानता, अहिंसा और लोक कल्याण के आदर्शों को अपनाया और एक समृद्ध समाज का निर्माण किया।

वह सोमवार को मुख्य चौराहे पर नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित नवनिर्मित श्री महाराजा अग्रसेन चौक के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। कहा कि यह खुशी के बात है कि महाराजा अग्रसेन चौक का भूमि पूजन हुआ, जल्द ही उसका उद्घाटन भी होगा। वह इसे और भी भव्य बनाने का काम करेंगे। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने कहा कि महापुरुषों को भी हमने जातियों में बांट दिया है। जबकि महापुरुष तो, वह है जिन्होंने



भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल लोग। • अमृत विचार

**• राज्यमंत्री व पालिकाध्यक्ष ने किया महाराज अग्रसेन चौक का भूमि पूजन**

राष्ट्र,अपनी सांस्कृति और अपने सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों को त्याग दिया। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे महापुरुषों को जातियों में बांटना उचित नही। हम महापुरुषों, गुरुओं को मानते तो हैं। लेकिन उनके आदर्शों को नहीं मानते है। कहा कि हमें उनका दायित्व पढ़ना चाहिए, वह क्या करना चाहते थें। इससे पहले राज्यमंत्री, पालिकाध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। इस मौके पर विपिन कुमार पप्पी, निवेदिता मित्तल, धन्नूमल बंसल, विवेक अग्रवाल, धर्मपाल जैन, रामचंद्र मित्तल, योगेश अग्रवाल, ज्ञानेश अग्रवाल, अनिल मदान, हंसराज गोयल, हरिओम अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, मंगतराम बंसल, धर्मवीर मित्तल, राजीव अग्रवाल, विनय अग्रवाल, कुशल गर्ग, डॉ बलविंदर सिंह, राजू सैनी, राजू तनेजा, मोहम्मद नावेद, परवेज मामू, राजेश सैनी, संदेश जैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत अग्रवाल और गिरिराज किशोर अग्रवाल ने किया।



भूमि पूजन करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

## बंद घर से लाखों की चोरी, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रुद्रपुर के बागवाला फार्म हाउस में मैनेजर के पद पर कार्यरत मनिहारखेड़ा निवासी वीरपाल का परिवार बीते शुक्रवार को मिलक में भतीजे की शादी में गया था। शनिवार सुबह वापस आने पर घर की छत और अलमारियों के ताले टूटे मिले। बाद में पीड़ित स्वजन ने घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को तहरीर सौंपी थी। जिसमें कहा कि चोर अलमारी से लगभग 50 हजार रुपये नकद और चार लाख से अधिक कीमत के आभूषण समेत लाखों का माल साफ करके फरार हो गए हैं। उधर तहरीर मिलने के बाद भी जब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो, ग्रामीणों और स्वजन ने आक्रोश जाहिर किया। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरों की तलाश जारी है तथा उन्हें जल्द गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# लायंस क्लब ने 11 कन्याओं की शादी कराई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लायंस क्लब रामपुर रॉयल के तत्वावधान में 11 कन्याओं का विवाह धूमधाम से एक पैलेस में हुआ। गांधी समाधि से बग्घियों में दूल्हा बैठे शहर विधायक आकाश सक्सेना ने नारियल फोड़कर बारात को रवाना किया। बैंड बाजों की धुन पर बारात कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस पहुंची।

बग्घियों में दूल्हा बैठे थे उनके आगे बैंड बजाते बैंड वाले चल रहे थे। बरात में लायंस क्लब रॉयल के पदाधिकारी और महिलाओं ने खूब डांस किया और बैंड वालों को रुपये दिए। बारात स्टेट बैंक, राजद्वारा, मिस्टन गंज, चौकी हाजियानी से होते हुए सराय गेट के रास्ते उत्सव पैलेस पहुंची। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बरात का स्वागत किया गया। इसके बाद 11 वर और वधुओं की जयमाला हुई। कार्यक्रम में



मंचासीन दूल्हा-दुल्हन और अतिथि। • अमृत विचार

**• विधायक ने नारियल फोड़कर बरात को रवाना किया**

संरक्षक पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया, पंकज बिजलवान, आदित्य गुप्ता ने शामिल होकर सभी वर वधू को आर्शीवाद दिया। डॉ. अजय सिंहल एवं डॉ. मुक्ता सिंहल ने एक कन्या का कन्यादान किया। अध्यक्षता शलभ गोयल व संचालन अंकित रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर दीपक गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, सुमित अग्रवाल, दीपक जिंदल, पारस जिंदल, शंकर केडिया, रणजीत सिंह, कुमोद जिंदल, नितिन गोयल, सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील भगत, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे। क्लब के अध्यक्ष सोमेश अग्रवाल, सचिव राजेश गोयल और कोषाध्यक्ष हरजिंदर सिंह आभार जताया।

# सीएम डैशबोर्ड की खराब रैंकिंग पर डीएम सख्त

## पीएम सूर्य घर योजना में बैंकर्स को लगाई फटकार, मेगा कैंप लगाकर फैमिली आईडी बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, फैमिली आईडी, जीरो पावर्टी कार्यक्रम, ई-ऑफिस और कैच द रैन अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की विभागवार समीक्षा करते हुए खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैंकर्स द्वारा लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही



बैठक में निर्देश देती डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

बैठक समाप्त होने के बाद संबंधित बैंकर्स को मीटिंग हॉल में रुकने के आदेश भी दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि फैमिली आईडी बनाने के लिए जनपद में मेगा कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक परिवारों का पंजीकरण सुनिश्चित हो सके। जीरो पावर्टी कार्यक्रम के तहत चयनित परिवारों को आवास, राशन, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, गैस कनेक्शन, दिव्यांगजन पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए। उन्होंने चयनित परिवारों का अभियान चलाकर पुनः सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कैच द रेन अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर कार्यों की नियमित अपलोडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए स्थलों का चयन कर कार्ययोजना तैयार करने तथा जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराने को कहा। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित रैंकिंग पर असंतोष जताते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि खराब रैंकिंग वाले विभाग कारणों को चिन्हित कर तत्काल सुधार करें। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी तक बी सी और डी रैंक वाले विभाग कैम्प कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी विभाग समयबद्ध एवं सटीक आंकड़ों की फीडिंग सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपसी प्रेम, भाईचारे से मनाएं त्योहार: डीएम

आगामी होली और ईद-उल-फितर पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने की। बैठक में डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था पर चर्चा की। साथ ही, उपस्थित नागरिकों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। डीएम ने कहा कि सभी लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट न डालें और न ही उन्हें फॉरवर्ड करें। किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। डीजे पर बजने वाले गीत ऐसे न हों, जिनसे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभागीय अधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य एवं समाज के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## लेखपाल संघ ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से लेखपालों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक तहसील सभागार में आयोजित की गई। जिसमें लेखपालों की कई लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत संघ पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बागडपुर माफी में नहर निर्माण के लिए कृषकों की सहमति के आधार पर नहर विभाग के पक्ष में बैनामे निष्पादित कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में गाटा संख्या 95 में लेखपाल द्वारा सभी सहखातेदारों का हिस्सा प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है, लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा नव चयनित लेखपाल गौरव चौहान पर नियम विरुद्ध तरीके से केवल एक ही कृषक के पक्ष में हिस्सा प्रमाण पत्र जारी करने तथा उसी कृषक को मुआवजा दिलाने हेतु दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया गया है।

## ऑटो-वैन की टक्कर में किसान की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** नूरपुर-मुरादाबाद मार्ग पर सोमवार सुबह करीब नौ बजे ऑटो और इको वैन की आमने-सामने की टक्कर में बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि चार महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद वैन चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना गोहावर चौराहे से आगे एक पेट्रोल पंप के पास हुई। अमरोहा जनपद के गांव कुमुखिया से सवारियां लेकर आ रहे ऑटो को सामने से आ रही इको वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ऑटो पलट गया। हादसे में हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव मुकरपुर शक्ति निवासी रामसिंह (70) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में ऑटो चालक समरपाल निवासी देहरी खुर्रम, निशि निवासी डहकबाड़ा, रीना निवासी कोतुपुरा, अंजलि, समरपाल निवासी मुकरपुर शक्ति, सोमपाल निवासी मुकरपुरी, खासपुरा ऊमरी निवासी धर्मवीर और जगतराम शामिल हैं।

## प्रेमी ने धोखे से घर बुलाकर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहला-फुसलाकर घर बुलाने और दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पंचायत में समझौते के दौरान निकाह का वादा करने के बाद आरोपी युवक के फरार होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र एक गांव की है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार गांव निवासी तस्लीम आरिफ से उसकी मोबाइल पर बातचीत होती थी। आरोप है कि 16 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे युवक ने फोन कर किसी बहाने से उसे अपने घर बुलाया। वहां कमरे में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर शोर न मचाने देने के लिए उसका मुंह दबा दिया गया। घटना के बाद युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी, जिससे गांव में मामला तूल पकड़ गया। दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी पक्ष ने 5 फरवरी को निकाह करने की सहमति जताई, लेकिन बाद में युवक को गांव से बाहर भेज दिया और शादी से मुकर गए। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से शिकायत की। उनके निर्देश पर थाना नौगावां सादात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

**हसनपुर, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी की गई।

बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी ने की। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी ने उपस्थित संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं से संवाद करते हुए कहा कि होली और पवित्र माह रमजान आपसी सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग दोनों त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। यदि कोई व्यक्ति अफवाहें उड़ाता है तो पुलिस को जानकारी दें। अफवाहों पर ध्यान न दें। इस मौके पर मुकेश गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, महिपाल चौहान, चमन अंसारी, हाफिज नूर मोहम्मद, पंकज भटनागर, नितिन सैनी आदि रहे।

# विधायक की गाड़ी पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक की गाड़ी पर अज्ञात हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में विधायक बाल-बाल बच गए, जबकि उनके दो सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं में दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हे पकड़ लिया है, जबकि अन्य फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात करीब 8 बजे क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा, उनके सुरक्षा कर्मी व सहयोगी गांव कमेलपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर दूसरे समारोह की ओर जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी अमरोहा रोड रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंची तो पहले से घात लगाए 6-7 लोगों ने राजनीतिक रंजिश के चलते उनकी गाड़ी को घेरकर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

विधायक की इनोवा कार क्षतिग्रस्त हो गई। हमले के दौरान विधायक के सहयोगी सचिन कुमार और पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी राजीव कुमार और आरक्षी सोनेश कुमार की सरकारी कारबाइन छीनने का भी प्रयास किया तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हमलावर धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। बताया गया कि भीड़ और पुलिस की मदद से दो

**● आरोपियों ने सुरक्षा कर्मियों की कार्रवाई छीनने का किया था प्रयास**

आरोपियों रोहित पुत्र कलवा निवासी शहवाजपुर गुर्जर तथा प्रदीप पुत्र भगीरथ सिंह निवासी नांदनौर माफी को पकड़कर थाने ले जाया गया। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि सतवीर सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है साथी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### तीन पुलिसकर्मी निलंबित, लापरवाही पर एसपी सख्त

विधायक की कार पर हुए हमले और पथराव प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा की गाड़ी पर हुए हमले के मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई, जिसमें लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने कस्बा चौकी इंचार्ज जुगल किशोर, वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश मौर्य तथा लेपर्ड ड्यूटी पर तैनात सिपाही अंकुश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री से हमले की शिकायत करेंगे विधायक

**गजरौला, अमृत विचार :** विधायक ने सोमवार को हमले के संबंध में सोमवार की देर शाम प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि उनके गनर से भी गन छीनने की कोशिश की गई थी। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि घटना के बाद उन्होंने थाना प्रभारी के अलावा एसपी को भी फोन किया। कुल मिलाकर चार बार फोन करने के बाद भी पुलिस देरी से पहुंची। पुलिस के कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने दूसरी पार्टियों से आए नेताओं पर भी हमला करवाने का शक जताया। विधायक ने कहा उन्होंने घटना के वक्त एसपी को चार बार फोन किया था। पुलिस करीब 25 मिनट बाद उनके पास पहुंची। उन्होंने पुलिस की कार्यशेली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वह सीएम से शिकायत करेंगे।

## न्यूज डायरी

### आजाद समाज पार्टी ने नगर पालिका चेयरमैन को दिया ज्ञापन



**हसनपुर, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित एक कॉलोनी में सड़क निर्माण, जल निकासी एवं पेयजल जैसी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग करते हुए अधिशासी अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। मांगों को जल्द पूरा करने की बात कही। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं मंडल प्रभारी देवेंद्र बैसला के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि नगर के रहरा मार्ग पर गोकुलधाम कॉलोनी स्थित है, कॉलोनी वासी लगातार पालिका को टैक्स का भुगतान भी कर रहे हैं। गोकुलधाम कॉलोनी में सड़क निर्माण न होने के कारण निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि कॉलोनी में जल निकासी एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। अत: नगर पालिका द्वारा जल्द से जल्द जन सुविधाओं को पूर्ण कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र बैसला, इमरान ठेकेदार, संजू सागर, सत्येंद्र, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



### गंगा तट पर चलाया गया सफाई अभियान

**हसनपुर, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन से जुड़े हुए लोगों द्वारा ब्लाक क्षेत्र स्थित पूठ गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाकर घाटों की सफाई की और ग्रामीण एवं भक्तों से गंगा घाटों पर सफाई रखने की अपील की गई। सोमवार को ब्लाक क्षेत्र में स्थित मां पुष्पावती पूठ गंगा घाट पर संत निरंकारी मिशन से जुड़े हुए लोग एकत्र हुए और सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देश अनुसार भक्तों द्वारा गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया सफाई अभियान के दौरान भक्तों द्वारा घाटो एवं गंगा किनारे हो रही गंदगी को साफ किया और गंगा को स्वच्छ रखने की अपील भी की गई। क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा गया कि पवित्र भूमि एवं गंगा मां को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का दायित्व बनता है, इसलिए समय-समय पर सफाई अभियान चलाकर हमें सफाई रखनी चाहिए।



### ग्रामीणों को साक्षरता दिवस पर दी गई जानकारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तीसरे दिन भी शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा के अंतर्गत साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी स्वयंसेवियों से समाज को साक्षरता के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा, लोकेश कुमार, विनोद गुप्ता, अतुल शर्मा, अनुराधा, नीरज, सरस्वती, मोनिका, शीतल, अनीता आदि सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### वेतन भुगतान को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई ने आगामी होली के त्योहार को देखते हुए शिक्षकों के समयबद्ध वेतन भुगतान की मांग उठाई है। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों ने वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) को संबोधित एक मांग पत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगें रखीं। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि मार्च के पहले सप्ताह में होली का प्रमुख त्योहार पड़ रहा है। शिक्षकों के सामने त्योहार की तैयारियों और घरेलू खर्चों को लेकर आर्थिक चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में यदि वेतन में विलंब होता है, तो शिक्षकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने होली से पूर्व वेतन भुगतान की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिजेंद्र सिंह एकाउंटेंट, संजय सिंह प्रचार मंत्री, जगवीर सिंह, अनुज आजाद, लोकेश कुमार, मदनपाल, शशिकांत सिंह, हिरदेश वर्मा, फैजान हस्मत, रूपेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## टीईटी अनिवार्यता का शिक्षकों ने किया विरोध

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को ब्लॉक गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अमरोहा के बैनर तले शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के विरोध में अपने दाहिने हाथ पर काला फीता बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम पूरे भारत में 1 अप्रैल 2010 तथा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 को लागू किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि अधिनियम लागू होने से पूर्व जारी शासनादेशों में निर्धारित सेवा शर्तों के विपरीत टीईटी अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में शिक्षकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गौरव नागर, जिलाउपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय



हाथ में काली पट्टी बांधकर अध्यापकों ने जताया विरोध।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे। शिक्षक संगठन ने शासन से मांग की है कि पूर्व में निर्धारित सेवा शर्तों का सम्मान करते हुए टीईटी अनिवार्यता संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक यशपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, संदीप कुमार, राजीव कुमार, मीना, नीरज उपस्थित रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला में प्रथम स्थान के लिए दिया जोर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका स्टाफ एवं सफाई नायकों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में हमें एक बार फिर नगर पालिका को नंबर एक बनाना है।

सोमवार को नगर स्थित पालिका कार्यालय के स्वागत में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए प्रथम स्थान बनाना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने कहा की अभियान के अंतर्गत कचरा पृथक्करण, होम कंपोस्टिंग,



कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी। ● अमृत विचार

**● नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने रखे विचार**

आरआरआर सेंटर, नगर में डस्टबिन सुनिश्चित करने जैसे विषय पर चर्चा की गई। इसी के साथ उन्होंने कहा कि प्रत्येक पालिका का कर्मचारी परिवार की भावना से मिलकर कार्य करें ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वोत्तम रैंकिंग प्राप्त की जा सके। कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, अवर अभियंता नेकपाल सिंह, बाबू दिनेश कुमार, रितेश कुमार, करन सिंह, कौशल कुमार, दीपक अग्रवाल, मनी कुमार, मोहम्मद अरशद सहित पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मार्ग चौड़ीकरण के प्रस्ताव जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा नगर में गांधी मूर्ति चौराहे से अतरासी रोड तक मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण का स्थानीय व्यापारियों ने विरोध किया है। इस संबंध में व्यापारियों, संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर प्रस्ताव निरस्त करने की मांग की है।

सोमवार को शहर के व्यापारी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। इस दौरान डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि जानकारी मिली है कि अमरोहा सदर विधायक द्वारा विधानसभा में अमरोहा क्षेत्र में गांधी मूर्ति चौराहे से टीपीओ चौराहे होते हुए अतरासी चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण का



ज्ञापन देने जाते व्यापारी। ● अमृत विचार

**● गांधी मूर्ति से अतरासी रोड तक होगा मार्ग का चौड़ीकरण**

प्रस्ताव रखा गया है। व्यापारियों का कहना है कि पूर्व में भी कुछ भू-माफियाओं द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से सांठगांठ कर इसी मार्ग पर चौड़ीकरण की कार्रवाई की गई थी, उस समय व्यापारियों के विरोध के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी थी। अमरोहा नगर के चारों ओर रिंग रोड का निर्माण कराया गया है, जिससे भारी वाहनों को डायवर्ट किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2031 की महायोजना में भी बिजनौर मार्ग (टीपीओ चौराहे से अतरासी रोड) के चौड़ीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है। आरोप लगाया कि प्रस्ताव से स्थानीय कारोबार प्रभावित होगा।

## मंदिर से घंटा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव झुंडी माफी स्थित मंदिर से पीतल का घंटा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने घंटा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मंदिर से घंटा चोरी की होने की रिपोर्ट राजपाल ने दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि नेमपाल उर्फ नेपाल पुत्र मवासी निवासी ग्राम रुद्रपुर थाना हसनपुर ने घंटा चोरी किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कार ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अतरासी रोड पर बैंक्वेट हॉल के सामने सड़क पार कर रहे रिटायर्ड बैंक मैनेजर को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

यह घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के अमरोहा अतरासी रोड स्थित अभिनंदन बैंक्वेट हॉल के सामने की है। दरअसल शहर के आवास विकास कॉलोनी में गंगा सरन सैनी का परिवार रहता है। परिवार पत्नी के अलावा दो बेटे व एक बेटी है। 18 फरवरी को गंगा सरन सैनी किसी शादी में शामिल होने के लिए अभिनंदन होटल गए थे। कार पार्किंग कर वह होटल के अंदर जा रहे थे। तभी सड़क पार करते समय तभी तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट हवा में उछलकर दूसरी कार पर जा गिरे। घटना देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उनका उपचार चल रहा था। सोमवार की सुबह उनकी दिल्ली के मौत हो गई।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मन्सूर रजा द्वारा संस्था जटपुरा जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम जटपुरा पोस्ट चंद्रपुर कलां, तहसील शाहबाद, जिला रामपुर का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. दिलशाद अध्यक्ष 2. मन्सूर रजा प्रबन्धक 3. नरूल कोषाध्यक्ष 4. रईस अहमद 5. वाहिद 6. सुलेमान 7. अहसान 8. असलम सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के परिवार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनकर आयेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत किया जाता है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

# शार्ट सर्किट से दो मंजिला इमारत में लगी आग

## हल्लू सराय मोहल्ले में आग लगने के बाद मच गया हड़कंप, कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल शहर में कोतवाली क्षेत्र के हल्लू सराय में सोमवार दोपहर एक दो मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया। हालांकि आग से मकान में रखा तमाम कीमती सामान जलकर राख हो गया।

हल्लू सराय मोहल्ला निवासी अशोक पंवार के मकान में कोतवाली क्षेत्र की सरथल पुलिस चौकी के फॉलोअर ताराचंद अपनी पत्नी प्रतिज्ञा और दो बच्चों कार्तिक व माही के साथ किराये पर रहते हैं। सोमवार दोपहर को अचानक घर के अंदर से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में आग लग गई और आग ने कपड़ों व फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में लपटें पूरे मकान में फैल गईं। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। आग की भयावहता को देखते हुए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने एहतियातन आसपास के घरों से भी सामान हटाना शुरू कर दिया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछारें कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद घर के अंदर का दृश्य भयावह था। फ्रिज, कूलर, बेड, अलमारियां, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य कीमती वस्तुएं


आग को बुझाते दमकल कर्मी। • अमृत विचार


सामान जलने के बाद बिलखती प्रतिज्ञा।

**• हादसे से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान**

जलकर राख हो चुकी थीं। मकान मालिक और किराएदार के अनुसार आग से करीब एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जबकि प्रतिज्ञा ने दो से ढाई लाख रुपये तक की क्षति होने की आशंका जताई है। कुछ सोने के आभूषणों के भी जलने की चर्चा है। घटना के समय दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे और ताराचंद भी ड्यूटी पर थे, जिससे जनहानि नहीं हुई। प्रतिज्ञा ने बताया कि वह घर का काम निपटाकर ब्यूटी पार्लर गई थीं। घर में न गैस चालू थी और न ही कोई विद्युत उपकरण चल रहा था। उन्हें फोन पर आग लगने की सूचना मिली। जब वह लौटीं, तब तक घर धुएं से भर चुका था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल विभाग समय पर न पहुंचता तो आग आसपास के मकानों तक फैल सकती थी।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन की सूचना पर जेसीबी पकड़ी

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने गांव हीरापुर में मिट्टी खनन कर रही एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि माता वाली पट्टी स्थित एक ईंट भट्ठे के लिए मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। मौके पर जांच के दौरान संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए, जिस पर टीम मशीन को थाने ले जाने लगी। सूत्रों के अनुसार भट्ठा स्वामी ने दावा किया कि रॉयल्टी जमा है, लेकिन प्रारंभिक जांच में जिस खेत से मिट्टी निकाली जा रही थी, उसकी गाटा संख्या रॉयल्टी दस्तावेज में दर्ज नहीं मिली। इसी बीच रास्ते में भट्ठा स्वामी कागजात लेकर पहुंचा। कागजों की जांच के बाद खनन निरीक्षक ने मशीन को छोड़ दिया।

### पेपर देकर आ रहे छात्र को पीटा

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी हाईस्कूल के छात्र अजय कुमार ने बताया कि वह सोमवार को कस्बा गवां स्थित इंटर कॉलेज से हाईस्कूल का पेपर देकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव केसरपुर के समीप पहुंचा, तभी गांव के ही राजकुमार और विजय सहित छह लोगों ने उसे घेर लिया। उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने छात्र की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### साजिश में शामिल सपा और कांग्रेस

**संभल, अमृत विचार :** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर जगद्गुरु कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब-जब हिंदुओं को बांटने की बात होगी, तब सपा व कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल उसका समर्थन करते नजर आएंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी सफा हो चुकी है और थोड़ी और सफाई की जरूरत है। उन्होंने कहा हिंदुओं को बांटने की साजिश में समाजवादी कांग्रेस एवं लेफ्ट भी शामिल है। इसके साथ ही चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी इस हिस्सा है। कल्कि धाम का निर्माण इस बात का प्रतीक है कि अधर्म का अंत निश्चित है। श्रीराम मंदिर के संदर्भ में कहा कि राम मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष का परिणाम है और यह पूरे देश का गौरव है। यदि राम मंदिर उत्सव में शामिल होना गुनाह है तो यह गुनाह मैं बार-बार करूंगा। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प कल्कि धाम की स्थापना है और वह सत्य के मार्ग पर चलते रहेंगे।

## खेल खेल में बच्ची ने जलाई माचिस, लगी आग

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव गोहत में सोमवार दोपहर झोपड़ी में खेल रहे बच्चों की लापरवाही से आग लग गई, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हो गया। जिस समय आग लगी उस समय दो माह के मासूम सहित कई बच्चे झोंपड़ी के अंदर सो रहे थे। किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला गया। गोहत गांव निवासी खुशीराम पिछले दो वर्षों से अपनी पत्नी के साथ खेत में झोपड़ी डालकर रह रहे हैं। जबकि उनके दो बेटे गांव में रहते हैं। सोमवार दोपहर खुशीराम अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम कर रहे थे। झोपड़ी में चार वर्षीय मीनाक्षी और साक्षी खेल रही थीं, जबकि खुशीराम का बेटा गुड्डू चारपाई पर दो माह के मासूम बच्चे के साथ सो रहा था। बताया गया कि खेल-खेल में मीनाक्षी के हाथ में माचिस आ गई और उसने जलती तीली झोपड़ी में डाल दी। तीली गिरते ही झोंपड़ी में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की तपिश से अंदर सो रहे गुड्डू की नींद खुली तो उसने दो माह के मासूम सहित सभी बच्चों को बाहर निकाला। इस बीच आग की लपटें देखकर खुशीराम व उसकी पत्नी सहित तमाम ग्रामीण मौके पर आ गये। आग पर काबू पाने के लिए सभी लोग जुटे लेकिन कुछ ही देर में झोंपड़ी व अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। खुशीराम ने बताया कि झोपड़ी में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी, चारपाई और खाने-पीने का सामान जलकर राख हो गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक पूरा सामान जल चुका था। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।


आग से जली झोपड़ी को देखता परिवार।

## पॉक्सो एक्ट में दोषी को 11 वर्ष का कारावास

**चंदौसी, अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने थाना बहजोई क्षेत्र के वर्ष 2020 के नाबालिग से अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी दन्ने उर्फ कृष्णा पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम खेड़ा नवादा थाना बिल्सी जनपद बदायूं को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर वाहन में बैठाया और नशीला पदार्थ देकर अपने साथ ले गया। बाद में पीड़िता को बदायूं स्थित बाल कल्याण समिति में छोड़ दिया गया। पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष तथा पॉक्सो एक्ट की धारा में 11 वर्ष के कठोर कारावास एवं कुल 59 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# संभल के दक्ष ने तोड़ा इंग्लैंड का गुरुर

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल के ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल ने दुबई में आयोजित इंडोर रोइंग चुनौती में इंग्लैंड के खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए लगातार 84 घंटे तक रोइंग कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

सैदपुर गंगू निवासी परवीन चाहल के बेटे दक्ष ने अत्यधिक शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति का परिचय देते हुए निर्धारित समय से भी अधिक अवधि तक इंडोर रोइंग मशीन पर निरंतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान चिकित्सकीय निगरानी, ऊर्जा प्रबंधन और विश्राम से जुड़े सख्त नियमों का पालन किया गया। आधिकारिक मानकों के अनुरूप प्रदर्शन की रिकॉर्डिंग और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कीर्तिमान उनके नाम दर्ज किया


वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के बाद अन्य खिलाड़ियों के साथ दक्ष चहल। • अमृत विचार

**• 84 घंटे रोइंग कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

गया। दक्ष की सफलता पर परिवार, गांव और जनपद भर में उत्साह है। उनके चाचा सरजीत सिंह चाहल ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। परिजनों का कहना है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर ही यह मुकाम हासिल हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने भी दक्ष को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। इंडोर रोइंग उच्च सहनशक्ति का खेल माना जाता है, जिसमें लंबे समय तक निरंतर गति और ताल बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है। 84 घंटे का यह प्रदर्शन दक्ष की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ उनकी मानसिक दृढ़ता का भी प्रमाण है।

## संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में संत गाडगे महाराज की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने संत गाडगे महाराज के समाज सुधार, स्वच्छता और मानव सेवा के योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।


संत गाडगे जयंती मनाते लोग।


# बच्चों ने जाना 'अमृत विचार' का संसार

**• एलन किड्स के बच्चों ने समझीं समाचार पत्र की बारीकियां**

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दुनिया भर की खबरें एक कागज पर सिमटकर हमारे ड्राइंग रूम तक कैसे पहुंचती हैं? इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए एलन किड्स के नन्हे छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार समाचार पत्र के कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने पत्रकारिता के विविध आयामों और अखबार तैयार होने की पूरी प्रक्रिया को देखा।

कार्यालय भ्रमण के दौरान संस्थान के सीओओ पार्थो कुनार ने बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें अखबार की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिपोर्टर्स के दिनभर खबरें एकत्रित करने फिर उन्हें डेस्क पर संपादकीय टीम द्वारा तराशने की जानकारी दी। बच्चों ने उस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर को भी देखा, जिस पर पेज की डिजाइनिंग होती है।


एलन किड्स के छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण किया।

### प्रिंटिंग प्रेस देख रोमांचित हुए बच्चे

बच्चों ने जब प्रिंटिंग मशीन को तेज रफ्तार में चलते और सफेद कागज को खबरों से रंगते हुए देखा तो उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने समाचार संकलन के बदलते तौर-तरीकों और डिजिटल पत्रकारिता के महत्व को भी समझा। भ्रमण के अंत में एलन किड्स के बच्चों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। म्यूजिक टीचर अनिकेत सिंह और सतेंद्र ने कहा कि इस तरह के अनुभवों से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और समाज के प्रति जागरूकता विकसित होती है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और अमृत विचार परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## एड्स से बचाव, जागरुकता जरूरी


असमोली में गोष्ठी को संबोधित करते वैभव गुप्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, असमोली

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी, एड्स विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों व शिक्षकों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक कर समाज में सही जानकारी का प्रसार करना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. अनुज, आकाश, वैभव गुप्ता, मतिन तथा आशुतोष शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यापकों, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान एचआईवी संक्रमण के चार प्रमुख कारणों असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का चढ़ाना, संक्रमित सुई का उपयोग और संक्रमित मां से शिशु में संक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एचआईवी की जांच और उपचार की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं।

# गाडगे ने उठाई थी कुरीतियों के खिलाफ आवाज

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती उमेश चंद्र दिवाकर परिसर, भरतरा चुंगी पर मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने संत गाडगे महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह महान समाज सुधारक, संत और भिक्षु थे, जिन्होंने गोरगरीब, दीन-दलितों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने जाति आधारित भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। जिला महासचिव


संत गाडगे जयंती कार्यक्रम में शामिल सपा नेता। • अमृत विचार

**• सपा ने संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई**

**• उनके आदर्शों पर चलने का किया आह्वान**

कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने स्वच्छता और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया।

उमेश चंद्र दिवाकर ने विचार रखे। इस दौरान प्रदेश सचिव राजेंद्र गुरुजी,विमलेश कुमारी, बलवंत सिंह, अशोक यादव, स्वराज सिंह दिवाकर, मन्नू सिंह दिवाकर, शोभित कुमार काका, लड्डन मियां, ओमप्रकाश प्रजापति, संजीव यादव, ताहिर उल्ला खान, पूरनलाल मौर्य, हरीश चंद्र आर्य, फैजान शाही, अशोक राणा, सुनीता यादव, शारदा यादव, मानकौर, रवि दिवाकर, भारत सिंह यादव, संजय मदन, ठाकुर उदयवीर सिंह, सुनील खड़कवंशी, अमरीश यादव, कुमारपाल यादव, ओंकार सिंह दिवाकर, मनोज शर्मा, लोकेश यादव, आकाश शखधार, प्रतीक नानू, अंश बरनवाल, डॉ. हंसराज, रिंकू चौहान, अन्ना जाकी, एसपी बिलाल, रघुनंदन यादव, मुकेश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### समाधि बाबा आश्रम में भव्य रासलीला शुरू

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** विकासखंड रजपुरा के ग्राम न्यौरा ब्योरा स्थित समाधि बाबा आश्रम पर सोमवार शाम रासलीला का शुभारंभ गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने विचार व्यक्त किए। मंचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और विभिन्न प्रसंगों का मनमोहक चित्रण किया गया। सजीव अभिनय और भक्ति संगीत से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समिति के अनुसार आगामी दिनों में प्रतिदिन रासलीला का मंचन होगा और सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



### इस साल भी नहीं होगा संभल में नेजा मेले का आयोजन

**संभल, अमृत विचार :** संभल में इस साल भी नेजा मेला का आयोजन नहीं होगा। नेजा मेला कमेटी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से झटका लगा है। याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति अजीत कुमार और स्वरूपमा चतुर्वेदी की डबल बेंच ने सुनवाई करते मेला के लिए अनुमति की मांग खारिज करते हुए कहा कि धार्मिक नेजा मेला कमेटी का मामला निचली अदालत में विचाराधीन है, इसलिए याचिकाकर्ता वहीं उचित कानूनी उपाय अपनाएं। संभल में बीते दो साल से नेजा मेला का आयोजन नहीं हुआ है और अब तीसरे साल भी नेजा मेला आयोजन की उम्मीद टूट गई है। 2025 में नेजा मेला आयोजन को लेकर तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के बयान की चर्चा देश भर में हुई थी। श्रीशचंद्र ने अनुमति मांगने पहुंचे पदाधिकारियों से कहा था कि लुटेरे और आक्रांता के नाम पर कोई मेला नहीं लगेगा। नेजा मेला आयोजन नहीं होने दिया जायेगा। एएसपी के बयान का वीडियो जहां देश भर में वायरल हुआ था वहीं यह बयान कई दिन तक मीडिया की हेडलाइन में था। दो साल से नेजा मेला आयोजन को लेकर प्रशासन से इजाजत न मिलने के बाद धार्मिक नेजा मेला कमेटी हाईकोर्ट पहुंची थी। कमेटी का कहना था कि पिछले दो वर्षों से अनुमति न मिलने के कारण क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा प्रभावित हो रही है, इसलिए उच्च न्यायालय हस्तक्षेप करे। इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान 29 जनवरी को नगर पालिका की ओर से निचली अदालत में मामला विचाराधीन होने का तर्क दिया गया था। इसके बाद मेला कमेटी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। 9 फरवरी को मामले की लिस्टिंग हुई, किंतु सुनवाई नहीं हो सकी। 16 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन उस दिन भी अदालत नहीं बैठी। इसके बाद अब सोमवार को न्यायमूर्ति अजीत कुमार और स्वरूपमा चतुर्वेदी की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई कर फैसला सुना दिया। सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद की ओर से अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि संबंधित मामला पहले से ही निचली अदालत में लंबित है। ऐसे में उच्च न्यायालय में सीधी याचिका विचारणीय नहीं है। वादी पक्ष के अधिवक्ता ने नगर पालिका की ओर से दाखिल जवाब पर अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया, लेकिन दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और निचली अदालत जाने का निर्देश दिया। धार्मिक नगर नेजा मेला कमेटी अध्यक्ष शाहिद हुसैन मसूदी ने कहा कि अदालत ने चार सप्ताह बाद ही डेट तय की है। इस साल नेजा मेला का झंडा 10 मार्च को गाढ़ा जाना था और 16,17,18 मार्च को नेजा मेला का आयोजन होना था। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं। अनुमति नहीं मिली है इसलिए इस साल हम नेजा मेला नहीं मनायेंगे।



### नई परंपरा डालने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

**संभल, अमृत विचार :** रमजान माह के दूसरे जुमे, एकादशी और रंग चौपाई जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोमवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने कहा कि किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने की। इस दौरान सीओ असमोली कुलदीप कुमार, विद्युत एसडीओ जेपी वार्ष्णेय, नगर पालिका परिषद के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। शाही जामा मस्जिद के इमाम आफताब हुसैन वारसी, नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी, सभासदों तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में कई त्योहार आने वाले हैं। सभी लोग अपने त्योहार मनाएं लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाये कि कोई नई परंपरा कायम करने का प्रयास न हो।



# भाइयों के हत्यारोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के धनारी थाने की पुलिस ने दो सगे मासूम भाइयों की हत्या के सनसनीखेज मामले में कोर्ट में सरेंडर करने वाले हत्या आरोपी को 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर लेकर अहम साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक भाइयों की बहन से शादी की जिद पर अड़े आरोपी ने अपहरण के बाद दोनों की निर्मम हत्या कर दी थी। करीब ढाई महीने तक फरार रहने के बाद आरोपी ने 9 फरवरी को वकील की ड्रेस में कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।

धनवीर (24 वर्ष), पुत्र नेत्रपाल, निवासी गांव सरैरा, थाना उधैती, जनपद बदायूं ने थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर के रहने वाले सगे भाईयों अमरपाल (14 वर्ष) और कमल सिंह (10 वर्ष) पुत्र रामौतार की बेरहमी से हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि आरोपी के सरेंडर के बाद 20 फरवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपी की रिमांड स्वीकृत कराई गई थी। 21 फरवरी को उसे मुरादाबाद जेल से 48 घंटे की रिमांड पर लेकर घटनास्थलों का मुआयना कराया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर साक्ष्य संकलन किया गया। निर्धारित समय पूरा होने के बाद शाम करीब 6 बजे उसे पुनः मुरादाबाद जेल में दाखिल कर दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मृतक भाइयों की बहन से शादी करने की जिद पर अड़ा


धनारी में आरोपी को घटनास्थल पर ले जाकर पूछताछ करती पुलिस।

**• हत्या के सनसनीखेज मामले में हत्या आरोपी ने कोर्ट में किया था सरेंडर**

था। युवती द्वारा विरोध करने और चिमटे से पिटाई किए जाने के बाद उसने रंजिश पाल ली। 26 नवंबर को दोनों भाइयों का ननिहाल से बारात में जाते समय अपहरण कर लिया गया। 29 नवंबर को बड़े भाई अमरपाल का शव थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सिंघौली कल्लू के जंगल में मिला, जिसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। 12 दिसंबर को छोटे भाई कमल सिंह का शव थाना धनारी क्षेत्र के गांव भकरौली के तालाब से बरामद हुआ, जिसके सिर में गहरी चोट मारकर हत्या की गई थी। पुलिस का दावा है कि रिमांड के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों से मुकदमे को मजबूत आधार मिलेगा। मामले की सुनवाई न्यायालय में जारी है।

## लूट की सूचना निकली झूठी, दो का चालान

**रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी रजनेश यादव ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रविवार देर शाम बहजोई से ऑल्टो कार से कस्बा गवां लौट रहा था। वह गवां में एक सर्राफा व्यापारी की दुकान पर कार्य करता है। आरोप लगाया कि सेतुआ मोड़ पर गांव बरौरा के समीप बाइक सवार चार लोगों ने कार रुकवाकर जेब में रखे 3,500 रुपये लूट लिए और मारपीट की। सामने से वाहन आता देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच की तो घटनाक्रम संदिग्ध पाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि दावत के दौरान कपड़ों पर रायता गिरने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी और विवाद हुआ था। उसी विवाद को दबाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी गई। जांच में लूट की घटना असत्य पाए जाने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# किसानों को दिन में नियमित मिल सकेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए दिन में नियमित बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने अहम पहल की है। योजना के अनुसार कार्य पूर्ण होने पर लगभग 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अब तक 1708.1 मेगावाट क्षमता के 581 पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) को मंजूरी दी जा चुकी है।

- पीएम-कुसुम योजना के तहत 1708 मेगावाट क्षमता के 581 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, इस योजना में केंद्र सरकार अधिकतम 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट और राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की सहायता दे रही है। कुल मिलाकर प्रति मेगावाट 1.55 करोड़ रुपये तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। कौशांबी और बिजनौर में लगभग 3.3 मेगावाट की पायलट परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री कुसुम सी-2 के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन से डिस्कॉम को भी वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से सब्सिडी भार कम होगा और महंगी बिजली खरीद की आवश्यकता घटेगी।

# गोधन समागम में प्रदेश के 112 सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक सम्मानित

## गोकुल और नंदबाबा पुरस्कार से नवाजे गए दुग्ध उत्पादक, महिला सहभागिता भी बनी मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, गौ-संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित गोधन समागम–2026 राज्य स्तरीय सम्मान और नीति संकल्प का सशक्त मंच बना। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2024-25 के दौरान सर्वाधिक दुग्ध आपूर्ति और उत्पादन करने वाले कुल 112 दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और 49 दुग्ध उत्पादकों को नंदबाबा पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही निराश्रित गोवंश संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरदोई, अलीगढ़, अमरोहा, जालौन और रायबरेली जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर किया गया प्रोत्साहित


लखनऊ में आयोजित गोधन समागम में सर्वश्रेष्ठ दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित करते मंत्री धर्मपाल सिंह।

कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत वरुण सिंह (वेलवा मोती समिति, लखीमपुर खीरी) को 1,81,272 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और वीरेंद्र सिंह (दुग्ध समिति ठेरई, आगरा) को 1,10,693.50 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन्हें क्रमशः 2 लाख और 1.50 लाख की पुरस्कार राशि दी गई। नंदबाबा पुरस्कार के तहत अरुण कुमार (दुग्ध समिति हमीरपुर, रामपुर) को 19,066 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार और 51 हजार की राशि दी गई। मंत्री ने बताया कि पुरस्कृत 112 दुग्ध उत्पादकों में 25 महिलाएं शामिल हैं, जो दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में महिला सहभागिता का सशक्त उदाहरण है। नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 1000 करोड़ की लागत से प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अब तक 10,000 पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो


बैठक करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो, इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक इंजीनियर रोजाना कम से कम 10 ग्राम प्रधानों से संवाद कर जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ले और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान सुनिश्चित करे। जलशक्ति मंत्री सोमवार को जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय में जल जीवन मिशन एवं राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य समय से पूरा हो। कमी पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी की स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त एमडी–एमएस सीटों और डीएनबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 1500 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इनमें एमडी–एमएस कोर्स के लिए 1409 तथा डीएनबी के लिए 91 अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में स्थान मिला है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कल मंगलवार से मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए अपनी कॉलेज प्राथमिकताओं का विकल्प देना होगा । मालूम हो कि स्ट्रे राउंड उन सीटों के लिए आयोजित किया जाता है जो पूर्व की तीन काउंसिलिंग के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं।

### होली पर एसएचजी उत्पादों को बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीआरएलएम) ने होली के अवसर पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत गुलाल–अबीर, पापड़, चिप्स, मिठाइयां, अगरबत्ती और हस्तशिल्प सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों के लिए सभी जिलों में विकास भवन, कलेक्ट्रेट और तहसीलों में बिक्री काउंटर लगाए जा रहे हैं।

# आने वाला समय अधिक संभावनाओं वाला

## सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरी तस्वीर प्रस्तुत की। कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा, अब उत्तर प्रदेश में सब चंगा है। मुख्यमंत्री ने निवेश, पर्यटन और औद्योगिक साझेदारी के लिए सभी को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए और अधिक संभावनाओं से भरा है।


सिंगापुर में बसे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सिंगापुर में वैश्विक निवेशकों से सोमवार सुबह से चली बैठकों के बाद मुख्यमंत्री वहां बसे भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। लोगों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज जिस परिवर्तन का साक्षी है, वह बीते नौ वर्षों की प्रतिबद्धता, सुशासन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने स्मरण कराया कि कभी दंगे, असुरक्षा और अराजकता जिसकी पहचान बन गए थे, वही प्रदेश आज कानून-व्यवस्था, निवेश और विकास का मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उत्तर प्रदेश ने 'विरासत और विकास' का संतुलित और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक मर्यादा और आत्मगौरव का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास हमारी शाश्वत परंपरा को आधुनिक स्वरूप में स्थापित करता है।

- रखा नए यूपी का विजन, प्रस्तुत की विरासत और विकास के संगम की पूरी तस्वीर

योगी ने कहा कि शीघ्र ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ''नंदी'', अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और एसीएस वित्त दीपक कुमार, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक एन अंबुले और ग्लोबल इंडियन स्कूल के संस्थापक अतुल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 9 वर्ष में तीन गुनी हुई यूपी की अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच और रणनीतिक क्रियान्वयन का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बीते नौ वर्षों में तीन गुना हुई है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। क्लस्टर आधारित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ कानून–व्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही हैं। आज भारत में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। अब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक शांतिपूर्वक विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

### सिंगापुर में गूंजा नारा- योगी हैं तो यूपी है

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सिंगापुर में सोमवार को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीय समुदाय उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम स्थल पर लगातार तालियों की गूंज और ''योगी हैं तो यूपी है'' के नारों ने वातावरण को ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया। कार्यक्रम में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब सिंगापुर में रह रहीं भारतीय मूल की स्वाति ने मुख्यमंत्री को 'भैया' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा मिला है। स्वाति ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश की महिलाओं की ओर से आपको भैया कहती हूं। कार्यक्रम के दौरान एक बच्ची मुख्यमंत्री का हाथ से बनाया स्केच लेकर मंच तक पहुंची। मुख्यमंत्री ने मुस्कराते हुए उस स्केच पर अपना ऑटोग्राफ दिया। वहीं, एक महिला ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। इन पलों ने पूरे आयोजन को पारिवारिक और भावनात्मक स्वरूप दे दिया। इस अवसर पर ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें उन्हें सिंगापुर के संस्थापक और प्रथम प्रधानमंत्री ली क्वान यू की प्रतिछाया दिखाई देती है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को हाथ से बनाया स्केच भेंट करती बच्ची।

# आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** दिल्ली में आतंकी संगठन लश्कर के संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश भर में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश के प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़ और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश को की जाने वाले संदिग्ध काल पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली में बीते दिन गिरफ्तार लश्कर के संदिग्ध आतंकियों ने कबूल किया है कि आईएसआई के इशारे पर चार महानगरों को निशाना बनाने की योजना थी। क्योंकि उत्तर प्रदेश से दिल्ली सटा हुआ है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के साथ प्रदेश भर को अलर्ट कर दिया गया है। होली का पर्व निकट है, वहीं रमजान चल रहे हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि असामाजिक तत्व दोनों पक्षों में वैमनस्य फैलाने के लिए गलत हरकतें कर सकते हैं। इसके चलते घनी और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष तौर पर नजर रखने को कहा गया है। घनी आबादी वाले इलाकों में जो भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, उसकी सूचना निकट की पुलिस चौकी या थाने पर देने की अपेक्षा की गई है। इसके साथ ही ट्रेनों और बसों के साथ ही होटल और ढाबों पर भी चौकसी बरतने का निर्देश दिए गए हैं।

- प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़, मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क
- पाकिस्तान व बांग्लादेश की जाने वाली संदिग्ध कॉल पर भी बढ़ी निगरानी

### बार-बार विदेश यात्रा करने वाले रडार पर

पिछले कुछ दिनों में लगातार विदेश यात्रा करने वाले लोगों को भी खुफिया टीमों ने रडार पर ले लिया है। उनमें भी वह लोगों पर अधिक फोकस है, जिन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश की यात्रा की हैं। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों के खातों में अचानक धन आया है, उन्हें भी जांच के दायरे में लिया गया है।

# होली पर मदिरा से रहें दूर : आबकारी मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के पर्व को लेकर प्रदेश सरकार ने लोगों से संयम और सुरक्षा बरतने की अपील की है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से कहा है कि होली रंगों, खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है, इसे मदिरापान से फीका न करें। आबकारी मंत्री ने कहा कि मदिरा त्योहार के दौरान झगड़े और अप्रिय घटनाओं का कारण भी बन सकती है। ऐसे में सभी लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा नशे से दूर रहकर होली मनाएं।

# सुरक्षा में लगा दी निलंबित सिपाही की ड्यूटी, कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक की सुरक्षा में भारी चूक सामने आई है। निलंबित चल रहे सिपाही की ड्यूटी वीआईपी के दौरे में लगा दी गई। इसका खुलासा हुआ तो इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

भारत दौरे पर आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री 21 फरवरी को वह आगरा ताज महल के दीदार करने गए। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में आगरा के शाहगंज में तैनात रहे निलंबित सिपाही सनी मलिक की ड्यूटी भी लगा दी गई। इसकी जानकारी आला अफसरों को लगी तो खलबली मच गई। इस लापरवाही पर शाहगंज थाने के प्रभारी इंसपेक्टर वीरेश गिरि को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सिपाही सनी मलिक शाहगंज थाने में तैनात था। आरोप है कि 7 फरवरी को सनी मलिक ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के इशारे पर बुलडोजर स्वामी को हिरासत में लिया था। बाद में 25 हजार रुपये लेकर उसे छोड़ दिया। इस मामले में जांच के बाद 19 फरवरी को सिपाही सनी मलिक को निलंबित कर दिया था।

- आगरा शाहगंज के इंस्पेक्टर को किया गया निलंबित

# शंकराचार्य के पक्ष में उतरी कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पक्ष में कांग्रेस पार्टी उतर आई है । कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज मुकदमे में निष्पक्ष और किसी केन्द्रीय स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि बीते साल प्रयागराज में लगे महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों को जान गई थी। इस मामले में व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए शंकराचार्य ने प्रदेश सरकार को घेरा था। इसी के कारण बीते दिनों माघ मेला में उन्हें स्नान भी नहीं करने दिया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया था। इससे ऐसा लगता है कि राजनीतिक दबाव अथवा दुर्भावना से कार्रवाई की गई है। हालांकि शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा अदालत के आदेश से दर्ज किया गया है। फिर भी हम मांग करते हैं कि किसी स्वतंत्र या केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच कराई जाए, जिससे सत्य सामने आ सके।

# सूची से सपा समर्थकों के नाम हटाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतों को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष श्याल लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाए हैं कि फॉर्म-7 जमा कर सपा समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने की कार्रवाई तेजी से हो रही है।

ज्ञापन में फर्रूखाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, बहराइच, देवरिया, आजमगढ़, कन्नौज और भदोही जिलों में बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 जमा कर समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने का आरोप लगाया गया है। फर्रूखाबाद सदर के कई बूथों पर दर्जनों फॉर्म-7 मिलने और कथित फर्जी हस्ताक्षरों की बात कही गई।

गोरखपुर ग्रामीण में बूथ संख्या-339 के 498 मतदाताओं को 10 किमी दूर स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई गई है, जबकि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिकतम दूरी दो किमी होनी चाहिए। बहराइच, देवरिया और आजमगढ़ में भी बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर दबाव बनाने का आरोप है।

# अखिलेश राजनीतिक दिवालियापन के प्रतीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उस बयान पर कड़ा जवाब दिया है, जिसमें उप मुख्यमंत्री को 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई थी। पंकज चौधरी ने इस बयान को उनकी हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन का परिचायक बताया।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपनी पार्टी की स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए। सपा का जनाधार लगातार सिमट रहा है और संगठन कमजोर होता जा रहा है। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन, सशक्त संगठन और स्पष्ट नेतृत्व व्यवस्था है, जबकि समाजवादी पार्टी में केवल परिवारवाद और अंतर्कलह ही नजर आती है।

**निजीकरण** | राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने टेंडर किया जारी, 3 मार्च को होगी प्रीबिड मीटिंग

# छह जल विद्युत परियोजनाएं लीज पर देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 साल के लिए लीज पर प्राइवेट कंपनियों के हाथों सौंपने की तैयारी है। इसके लिए विभाग ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। साथ ही तीन मार्च को प्रीबिड मीटिंग भी कराने की योजना है। उधर ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे विद्युत परियोजनाओं को प्राइवेट कंपनियों को देने के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर टेंडर तत्काल निरस्त कराने और परियोजनाओं का संचालन सरकारी स्तर पर ही कराने की मांग की है।

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन ने की मुख्यमंत्री से दखल देने की मांग

शैलेन्द्र दुबे के मुताबिक, राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा बीते 18 फरवरी को जारी टेंडर के माध्यम से विद्युत परियोजनाओं को देने का प्रस्ताव है। टेंडर की शर्तों के तहत निजी कंपनियों को मात्र 1.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की अग्रिम प्रीमियम राशि देकर परियोजनाओं का संचालन और नियंत्रण मिल जाएगा। इन परियोजनाओं में भोला (2.7 मेगावाट), सलावा (3 मेगावाट), निर्गजनी (5 मेगावाट), चित्तौड़ा (3 मेगावाट), पालड़ा (0.6 मेगावाट) और सुमेरा (1.5 मेगावाट) जल विद्युत गृह शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं अपर गंगा नहर पर स्थापित हैं, जोकि लगभग 90 से 97 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं।



एआईपीईएफ अध्यक्ष का कहना है कि अपर गंगा नहर में वर्ष भर जल उपलब्ध रहने से इन परियोजनाओं से लगातार बिजली उत्पादन संभव है। कम धन खर्च कर इन परियोजनाओं के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा सकता है। आरोप यह भी है कि परियोजनाओं उत्पादन क्षमता 15.5 मेगावाट है, जबकि उसके स्थान पर 6.3 मेगावाट बताई गई है। इस तरह कम मूल्यांकन कर परिसंपत्तियां निजी हाथों में सौंपी जा रही हैं।

# जर्मनी की कंपनियां यूपी में करेंगी निवेश

## केशव मौर्य ने फ्रैंकफर्ट में जर्मन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश से गए प्रतिनिधिमंडल को जर्मनी दौरे के दौरान निवेश के मोर्चे पर सकारात्मक संकेत मिले हैं। सोमवार को फ्रैंकफर्ट में हुई बैठकों में जर्मनी की कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और औद्योगिक सहयोग का भरोसा जताया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी के औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्लोबल अफेयर्स एवं इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स की वरिष्ठ प्रतिनिधि सिल्के सिक्टर और ईए इलेक्ट्रो ऑटोमेटिक जीएमबीएच के सीईओ मार्कस शाइबॉल से विशेष रूप से निवेश पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया।



जर्मनी के हेसेन राज्य सरकार की प्रतिनिधिमंडल प्रमुख व राज्य सचिव कारिन मुलर से मुलाकात करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था, बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेशक-अनुकूल नीतियों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

# अमृत विचार

मंगलवार, 24 फरवरी 2026






जीवन में केवल एक ही अच्छी चीज है और वह है प्रेम।
**–गाई दे मोपासां**, फ्रांसीसी साहित्यकार

## अवसर और अनिश्चितता

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तथाकथित 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को अवैध ठहराए जाने और उसके बाद के घटनाक्रम ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य में नया मोड़ ला दिया है। भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के स्थगन के निर्णय से भारत पर मिश्रित प्रभाव पड़ सकता है। पहला सकारात्मक पहलू यह है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अवसर बढ़े, अनिश्चितता कम हुई है। एकतरफा, मनमाने और प्रतिशोधात्मक टैरिफ अवैध घोषित किए जाने से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर इस्पात, एल्युमिनियम, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी सेवाओं को राहत मिलेगी।

पिछले वर्षों में अमेरिकी बाजार में अचानक शुल्क वृद्धि से भारतीय कंपनियों की लागत और प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई थी। अब व्यापार नियमों की पूर्वानुमेयता बढ़ने से निवेशकों और बाजारों में भरोसा लौट सकता है। दूसरी ओर, अंतरिम ट्रेड डील की वार्ता का टलना अल्पकालिक असमंजस पैदा करता है और व्यापार समझौते के तहत टैरिफ का स्पष्ट ढांचे के अभाव में निवेश निर्णय टल सकते हैं तथा शेयर बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पहले ही 190 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है, ऐसे में किसी व्यापक समझौते की अनुपस्थिति अवसरों को सीमित कर सकती है। भारत के लिए यह समय रणनीतिक पुनर्संतुलन का है। अमेरिकी अदालत के फैसले ने यह संकेत दिया है कि संस्थागत नियंत्रण और संतुलन अभी भी प्रभावी हैं। इससे भारत को वार्ता की मेज पर अधिक आत्मविश्वास मिल सकता है। विशेषकर रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों पर, जहां अमेरिका ने अप्रत्यक्ष दबाव डाला था, भारत अब ऊर्जा सुरक्षा के तर्क को अधिक मजबूती से रख सकता है, हालांकि कुछ जोखिम भी हैं, अमेरिकी राजनीति में संरक्षणवाद की प्रवृत्ति पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। यदि भविष्य में फिर से उसके घरेलू दबावों के चलते शुल्क-नीति कठोर होती है, तो भारत की परेशानियां बढ़ सकती हैं, इसलिए अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भरता दीर्घकालिक रणनीति नहीं हो सकती। भारत इसके प्रति सचेत है और वह यूरोपीय संघ, खाड़ी देशों और इंडो-पैसिफिक साझेदारों के साथ समानांतर व्यापार समझौते आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय प्रभावों की दृष्टि से, आईटी और डिजिटल सेवाएं अपेक्षाकृत सुरक्षित दिखती हैं, क्योंकि वे टैरिफ से कम प्रभावित होती हैं, परंतु वस्त्र, ऑटो पार्ट्स और कृषि निर्यात अधिक संवेदनशील हैं। यदि व्यापक समझौता होता है, तो बौद्धिक संपदा अधिकार, डेटा लोकलाइजेशन और कृषि सब्सिडी जैसे जटिल मुद्दे सामने आएंगे, जहां संतुलन साधना आसान नहीं होगा। वर्तमान परिस्थिति भारत के लिए अवसर भी है। यदि अमेरिका में शुल्क-नीति न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है, तो नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था को बल मिलेगा। भारत, जो बहुपक्षीय ढांचे और विश्व व्यापार संगठन की भूमिका पर जोर देता है, इस रुझान का लाभ उठा सकता है।

भविष्य की दिशा इस पर निर्भर करेगी कि दोनों देश अंतरिम समझौते को व्यापक आर्थिक साझेदारी में कैसे बदलते हैं। सरकार को चाहिए कि वह घरेलू विनिर्माण क्षमता, निर्यात विविधीकरण और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन बढ़ाने पर ध्यान दे।

### प्रसंगवश

## अवैध खनन: सख्त कार्रवाई व कड़ी निगरानी की जरूरत

देश के कई हिस्सों में अवैध खनन केवल पर्यावरण की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हाल ही में हरियाणा के पानीपत जिले के इसराना क्षेत्र में घटी घटना ने इस समस्या की गंभीरता को उजागर कर दिया। एसआई सुरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ खनन चेकिंग ड्यूटी पर थे, जब उन्हें सूचना मिली कि बिना ई-रवन्ना या अनुमति के मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने गाड़ी नंबर एसआर 6, 4384 को रोका, लेकिन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद जो घटनाक्रम सामने आया, उसने न केवल प्रशासन बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया।

जब पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गाड़ी को आरटीए पार्किंग भेजने का निर्णय लिया, तो आरोपियों ने खुलेआम पुलिस की कार्रवाई में बाधा डाली। रास्ते में एक अन्य वाहन को आगे



**कांतिलाल मांडोत**
वरिष्ठ पत्रकार

लगाकर पुलिस की गाड़ी रोकी गई, सिपाही को जबरन नीचे उतारा गया और जब्त की गई गाड़ी छीनकर फरार हो गए। इतना ही नहीं, जाते-जाते मिट्टी को सड़क पर खाली कर दिया गया और पुलिस को धमकी दी गई कि 'पंगा मत लेना।' यह केवल एक गाड़ी छीनने की घटना नहीं है, बल्कि यह राज्य की कानूनी व्यवस्था को खुली चुनौती है।

अवैध खनन लंबे समय से देश के विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है। यह गतिविधि नदियों, खेतों और सार्वजनिक भूमि को नुकसान पहुंचाती है। इससे भू-क्षरण बढ़ता है, जलस्तर प्रभावित होता है और पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता है, लेकिन जब अवैध खनन करने वाले तत्व पुलिस या प्रशासन पर ही हमला करने लगें, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है। यह दर्शाता है कि कुछ लोगों में कानून का भय कम हो रहा है और वे संगठित तरीके से प्रशासन को चुनौती देने का साहस जुटा रहे हैं।

ऐसी घटनाओं के पीछे अक्सर आर्थिक लालच और संगठित गिरोहों की भूमिका होती है। अवैध खनन से त्वरित लाभ मिलता है, इसलिए इसमें शामिल लोग जोखिम उठाने को तैयार रहते हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर दबाव, राजनीतिक संरक्षण या सामाजिक प्रभाव के कारण भी इन तत्वों के हौसले बुलंद रहते हैं। जब सख्त और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती, तो यह संदेश जाता है कि कानून से बच निकलना संभव है। यही कारण है कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

भारतीय कानून में सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने और अवैध खनन जैसे अपराधों के लिए प्रावधान मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता के तहत सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालना दंडनीय अपराध है। अवैध खनन के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम के तहत भी सख्त प्रावधान हैं। इसके बावजूद यदि जमीनी स्तर पर इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होता, तो उनका अस्तित्व मात्र कागजी बनकर रह जाता है। कानून का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं, बल्कि अपराध को रोकना भी होता है। जब दंड का भय समाप्त हो जाता है, तो अपराधी तत्व निर्भीक हो जाते हैं। इस प्रकार की घटनाएं पुलिस बल के मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। जो कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी निभाते हैं, यदि उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाए या उनके साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी वाहन छीना जाए, तो यह न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि पूरे तंत्र की प्रतिष्ठा पर आघात है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'मैडमैन' सिद्धांत को ब्रह्मास्त्र बनाते ट्रंप





**अनिल त्रिगुणायत**
लखनऊ

आज समूची दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। कई देशों में वातावरण पूर्णतया अशांत तो कुछ में युद्ध के बादल मंडराने की आशंका बलवती है। ऐसे माहौल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना कहीं से गलत नहीं दिखता। दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति बनने के बाद बाद ट्रंप का रवैया 'मैडमैन' सिद्धांत को प्रतिपादित करते दिख रहा है। अर्थात ट्रंप उक्त थ्योरी को अपना ब्रह्मास्त्र बनाते दिख रहे हैं। ट्रंप भले ही 'मैडमैन' कुटनीति न करने की बात कहें, किंतु 'अमेरिका प्रथम' नीति उन्हें ऐसे नेता के रूप में पेश कर रही है, जो सैन्य शक्ति व आर्थिक प्रतिबंधों के दम पर अन्य देशों पर दबाव बना रहा है। वे ईरान में सत्ता परिवर्तन कराने को आतुर तो हैं ही, ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर भी काफी उकताए हुए हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा भी संदर्भित सिद्धांत का ही एक उदाहरण है।

अजीब तरह का व्यवहार करना, तर्कहीन बातें करना, विरोधी देशों में अकारण डर पैदा करते रहना व उलूल-जुलूल बातों से विश्व को भ्रमित करते रहना 'मैडमैन' कुटनीति की श्रेणी में आता है। इसे भू-राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। वास्तव में, किसी देश को उल्टी-सीधी बात से डराकर अपना उल्लू सीधा कर लेना ही 'मैडमैन' कुटनीति है। सनकी होने व तर्कहीन उद्गार व्यक्त करने का नाटक करने वाले डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की ही राह पर चल निकले हैं।

जान लें, 'मैडमैन' कुटनीति वर्ष 1973 में निक्सन ने उत्तरी-दक्षिणी वियतनाम युद्ध के समय चली थी। निक्सन ने अपने सहयोगियों से कहा था कि उसे अनाप-शनाप बात करने वाला 'पागल आदमी' के रूप में प्रचारित करो। माहौल बना दो कि परमाणु बटन दबाकर राष्ट्रपति निक्सन उत्तरी वियतनाम को नेस्तनाबूद कर देगा। मजे की बात यह कि वियतनाम उसकी चाल में नहीं फंसा और उक्त युद्ध में मुंह की खाने के बाद अमेरिका को वहां से दुम दबाकर भागना पड़ा था।

अपने यहां एक मुहावरा है- 'सठिया जाना' यानी 60 बरस के बाद किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति का प्रभावित हो जाना। 79 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप की हरकतें भी कुछ ऐसे ही हालात बयां कर रही हैं। स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति मान बैठना, ईरान पर हमले को रोजाना बयान देना, रूस और चीन के अलावा उत्तर कोरिया के खिलाफ विषवमन करते रहना, भारत-पाकिस्तान युद्ध को रुकवा देने की क्रेडिट के लिए लगातार गाल बजाते रहना, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी का अमेरिका बुलाकर अपने साथ भोजन कराना, यूरोप के देशों से संबंध तोड़ लेने की धमकी देना, ग्रीनलैंड को खरीद लेने या उस पर कब्जा कर लेने का दंभ भरते रहना और अपने अधीनस्थ कार्मिक महिला को अपनी पत्नी सरीखी सुंदरी बताने की बयानबाजी ट्रंप के 'मैडमैन' कुटनीति की ही बानगी है।

बीते शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप टैरिफ को अवैधानिक घोषित करने का निर्णय देना और शनिवार को ट्रंप द्वारा उसको मानने से इनकार करते हुए 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत कर देना भी 'मैडमैन' डिप्लोमेसी का ही उदाहरण है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय को ट्रंप द्वारा हास्यास्पद, खराब और देश के लिए अहितकर बताना भी ट्रंप की मानसिकता का परिचायक है। 'मैडमैन' सिद्धांत के संदर्भ में निकोलो मैकियावेली ने कहा था कि कभी-कभी 'पागल' होने का नाटक करना भी बुद्धिमानी होता है। अपने को ऐसा दर्शाते रहना अस्थायी जीत भी दिला सकती है।

मैकियावेली की बात डोनाल्ड ट्रंप पर लागू होते दिख रही है। कहा जाता है कि 'जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।' व्हाइट हाउस की नित बयानबाजी भी गरजते रहने की श्रेणी में ही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास अब अविश्वसनीय बयानबाजी का केंद्र बन गया है। वहां से जो बयान 'आज' जारी हो रहा है वह 'कल' पूरी तरह बदल जा रहा है। पूंजीवाद के समर्थक अमेरिका तथा साम्यवाद को मानने वाले रूस के बीच दशकों तक वैचारिक, राजनीतिक व आर्थिक संघर्ष चला था। वर्ष 1947 से 1991 के मध्य दोनों देशों में चले 'शीत युद्ध' से पूरा विश्व ही प्रभावित रहता था।

वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका अपनी 'चौधराहट' बढ़ाने पर अमादा हो चला है, लेकिन रूस और चीन उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा अभी भी बने हुए हैं। तत्कालीन शीत युद्ध के रणनीतिकार एल्सबर्ग व थामस शेलिंग भी 'मैडमैन' कुटनीति के पहरुए माने जाते रहे। दोनों का मानना था कि अपने को विश्व का चौधरी मान बैठने वाला नेता यदि विश्व को यह दिखाए कि वह किसी भी देश के खिलाफ कभी भी कठोरतम कदम उठा सकता है, तो सामने वाले देश का भयभीत हो जाना लाजिमी है।

कह सकते हैं, 'मैडमैन' सिद्धांत पूरी तरह डर का ही खेल है। ट्रंप विरोधी देशों के साथ इसी प्रकार की चाल चल रहे हैं। वर्ष 2002 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने ईरान, ईराक और उत्तर कोरिया को 'बुराई की धूरी' वाला देश कहा था। बाद में सीरिया, लीबिया व क्यूबा को भी जोड़ा गया था। संदर्भित देश अमेरिका की आंख की किरकिरी आज भी बने हुए हैं। रूस और चीन आए दिन अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देते रहते हैं। लाख टके का सवाल यह कि 'मैडमैन' कुटनीति का प्रणेता बने अमेरिका को क्या 'बुराई की धूरी वाला देश' नहीं कहा जाना चाहिए? अपने देश को छोड़कर विश्व के अनेकानेक देशों को प्रत्येक रूप में विचलित करने वाले अमेरिका को क्या कठघरे में नहीं खड़ा किया जाना चाहिए? ट्रंप का कार्यकाल जनवरी 2029 में समाप्त होगा। 'मैडमैन' कुटनीति को वे और धार देंगे या विरोधी देश उसे कुंद कर देंगे, यह आने वाला समय ही बताएगा।

> दूसरे कार्यकाल में ट्रंप का रवैया 'मैडमैन' सिद्धांत को प्रतिपादित करते दिख रहा है। 'अमेरिका प्रथम' नीति उन्हें ऐसे नेता के रूप में पेश कर रही जो सैन्य शक्ति व आर्थिक प्रतिबंधों के दम पर अन्य देशों पर दबाव बना रहा है।

### आमने सामने



इस देश में रहना है तो वंदे मातरम् कहना पड़ेगा, वरना गांधी को साथ लेकर पाकिस्तान चले जाओ। हमारे लिए आंबेडकर काफी हैं। गांधी भारत के राष्ट्रपिता नहीं हैं। वह पाकिस्तान के राष्ट्रपिता हैं। हम उन्हें अपना राष्ट्रपिता नहीं मानते।
**–बसनगौड़ा पाटिल यतनल**
बीजेपी विधायक, कर्नाटक

यह बयान गांधी जी के योगदान का अपमान है। गांधी जी ने पूरे देश को आजादी दिलाई। पाकिस्तान का विभाजन ब्रिटिश नीतियों का नतीजा था। बीजेपी ऐसे विधायकों पर कार्रवाई क्यों नहीं करती?
**–प्रियांक खरगे**
काबीना मंत्री
कर्नाटक सरकार



# अंक आधारित शिक्षा संस्कृति बदलने की जरूरत



**डॉ. शिवम भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर

फरवरी–मार्च का महीना आते ही देश के लाखों घरों में एक अलग सी गंभीरता उतर आती है। पढ़ाई की मेज़ पर किताबों का ढेर बढ़ जाता है, दीवारों पर चिपके परीक्षा कार्यक्रम घर की दिनचर्या तय करने लगते हैं और बातचीत का केंद्र एक ही विषय रह जाता है- बोर्ड परीक्षा। दसवीं और बारहवीं की ये परीक्षाएं हर साल आती हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ा तनाव और सामाजिक दबाव भी लगभग उतनी ही नियमितता से लौटता है, दरअसल यह सिर्फ छात्रों की परीक्षा नहीं होती; यह परिवारों, विद्यालयों और पूरे सामाजिक परिवेश की मानसिकता की भी परीक्षा होती है।

हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को एक निर्णायक मोड़ की तरह देखने की परंपरा रही है। परिणाम आते ही प्रतिशत के आधार पर बच्चों की पहचान तय कर दी जाती है। कुछ अंक ऊपर-नीचे होते ही किसी को मेधावी, किसी को औसत और किसी को कमजोर मान लिया जाता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है। यहीं से परीक्षा, सीखने की स्वाभाविक प्रक्रिया न रहकर सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाती है।

किशोरावस्था का समय अपने आप में संवेदनशील होता है। यही वह दौर है, जब बच्चे अपनी क्षमताओं को पहचान रहे होते हैं और आत्मविश्वास विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे समय में बोर्ड परीक्षा उनके सामने पहली बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनकर आती है। परिणाम केवल परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रिश्तेदारों, पड़ोसियों और समाज की चर्चा का विषय बन जाता है। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में बच्चों के मन में चिंता और दबाव बढ़ता है और कई बार यह दबाव पढ़ाई से अधिक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है।

यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है, क्या कुछ घंटों की परीक्षा में मिले अंक किसी छात्र की पूरी योग्यता तय कर सकते हैं? शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक जुटाना नहीं, बल्कि समझ, कौशल और व्यक्तित्व का विकास करना है, लेकिन जब पूरी चर्चा अंकों तक सिमट जाती है, तो सीखने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है और प्रतिस्पर्धा आगे आ जाती है।

नई शिक्षा नीति बहुआयामी मूल्यांकन, कौशल आधारित शिक्षा और सतत आकलन की बात करती है, लेकिन सामाजिक व्यवहार अब भी अंकों को ही अंतिम सत्य मानने का आदी है। यह विरोधाभास ही परीक्षा के आसपास अनावश्यक दबाव पैदा करता है। परीक्षा के समय बच्चों पर इस दबाव का असर साफ दिखाई देता है। उनकी नींद कम हो जाती है, दिनचर्या असंतुलित हो जाती है और आत्मविश्वास की जगह चिंता ले लेती है। कई बार मेहनती छात्र भी परीक्षा कक्ष में अपने ही डर से हार जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि समस्या पढ़ाई की कमी नहीं, बल्कि दबाव की अधिकता है।

जब मन आशंकाओं से भरा होता है, तो याद की हुई बातें भी स्पष्ट नहीं रह पातीं, इसीलिए तैयारी का अर्थ केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखना भी है। ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई, ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता; बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के दिनों में यह समझना जरूरी है कि शरीर और मन दोनों को साथ लेकर चलना ही असली तैयारी है।

इस दौर में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यही चिंता दबाव में बदल जाती है। तुलना, अपेक्षाओं की लगातार चर्चा या परिणाम को लेकर डराने वाली बातें, बच्चों के मन में असुरक्षा पैदा करती हैं। इसके विपरीत, घर का शांत वातावरण, भरोसे से भरी बातचीत और नियमित दिनचर्या बच्चों को मानसिक स्थिरता देती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं तय होगा, तो वे अधिक सहज होकर अपनी तैयारी पर ध्यान दे पाते हैं।

शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। स्कूलों की रैंकिंग, टॉपर सूचियां और प्रतिशत आधारित प्रतिष्ठा की होड़ कई बार बच्चों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा में धकेल देती है। शिक्षा का उद्देश्य जहां समझ विकसित करना होना चाहिए, वहां परिणाम संस्थानों की साख का पैमाना बन जाता है। यदि स्कूल परीक्षा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर चलें और काउंसलिंग, संवाद तथा समय प्रबंधन पर ध्यान दें, तो दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है।

शिक्षकों की भूमिका इस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वे केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं रहते, बल्कि छात्रों के मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक शिक्षक का संतुलित व्यवहार, परीक्षा से पहले दिए गए व्यावहारिक सुझाव या एक भरोसा दिलाने वाला वाक्य, ये सब बच्चों के मनोबल को मजबूत करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को निर्णायक मोड़ की तरह देखा जाता है। कुछ अंक ऊपर–नीचे होते ही किसी को मेधावी और किसी को कमजोर मान लिया जाता है।

### सोशल फोरम

## राजा की ऊंची दीवार

किसी ने किसी दिन राजा को बताया कि किसी देश में विश्व की सबसे लंबी दीवार स्थित है। बस फिर क्या था! राजा का मन मचल गया। उसने मन ही मन कुछ ठान लिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि राजा ने फौरन आदेश दिया कि विश्व की सबसे ऊंची दीवार का निर्माण उसके राज्य में किया जाए।



**अनूप मणि त्रिपाठी**
लेखक

'महाराज! उसकी हर ईंट पर आपका नाम भी लिखा हो, तो क्या कहने!' एक दरबारी ने सुझाव दिया।

राजा को यह सुझाव पसंद आया।

'नाम ईंट के दोनों ओर होना चाहिए!' दूसरे दरबारी ने भी सुझाव दिया, जोकि राजा को बहुत भाया।

'आपने एक महत्वपूर्ण पहलू की ओर ध्यान दिलाया!' राजा ने उसकी प्रशंसा की और स्वयं पर लहालोट भी हुआ कि उसने एक से बढ़ कर एक नगीने जमा कर रखे हैं अपने दरबार में!

फिर क्या था, दीवार उठनी शुरू हो गई। चूंकि इसमें राजा का पर्सनल इंटरेस्ट था, तो निर्माण कार्य में दिन-दुगुनी रात चौगुनी प्रगति हो रही थी। प्रति दिन राजा दीवार के निरीक्षण के लिए जाता। सब ठीक-ठाक चल रहा था। कुछ ही दिनों में दीवार आकाश को चूमने लगी। वह ऊंची से ऊंची और ऊंची होती चली गई।

आज राजा दीवार देखने के लिए पुनः पहुंचा है। राजा जिसे देखकर मुग्ध हो रहा है। इतनी ऊंची दीवार को अगर कोई उसके पास आकर उसे देखे तो गर्दन अकड़ के रह जाएगी!

'महाराज एक बात का डर है!' मंत्री बोला।

'किस बात का!' राजा ने दीवार को निहारते हुए पूछा।

'महाराज आप यहां दीवार उठा रहे हैं और वहां खलबली मची हुई है!' मंत्री बोला।

'कहां!' राजा चौंका।

'स्वर्ग लोक में!'

'मैं समझा नहीं!'

'देवताओं को डर है, कहीं यह दीवार स्वर्गलोक तक न पहुंच जाए!'

मंत्री की बात सुनकर राजा हंसा।

बातों-बातों में राजा दीवार पर बहुत प्यार से हाथ फेरने लगा। वह हाथ फेर ही रहा था कि दीवार हिली और देखते ही देखते राजा के ऊपर ढह पड़ी, जिसके नीचे राजा दब गया। लोगों ने देखा, राजा का नाम लिखी ईंटें उसी के ऊपर लदी हुई हैं। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पनपते विवाद और जनाधार का गणित

यूजीसी, शंकराचार्य विवाद और बटुक अपमान जैसे तमाम मामलों ने बटने-कटने की साजिश रच दी है! ऐसी चिंगारियां दिखने लगी हैं जो समाज को बांटने की आग लगाना चाहती हैं। लगातार एक के बाद एक जातियों के बटवारे के मुद्दे पैदा हो रहे हैं। यदि ये सब नहीं संभाला गया तो इसका सीधे असर राजनीतिक नफा-नुकसान की तस्वीर पेश करेगा। खासकर यूपी के 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए की राजनीति चमकेगी और भाजपा द्वारा जातियों को जोड़कर हिंदुत्व एकता की सफलता का राजनीतिक लाभ विफलता की ओर फिसल सकता है।

इतिहास गवाह है कि हिंदू समाज कि एकजुटता से भाजपा मजबूत हुई है और मंडल कमंडल की राजनीति में मंडल भारी पड़ा है। तीन-चार दशक पहले राम मंदिर आंदोलन से लेकर मोदी-योगी युग में पिछड़ों-दलितों का विश्वास जीत कर ही भाजपा ने सत्ता हासिल की है, लेकिन भाजपा के साथ सवर्ण हर दौर में रहा है। खासकर भाजपा के दुर्दिन में साथ देने वाला एकमात्र सवर्ण ही था। जाति जनगणना से लेकर यूजीसी तक अगड़ों के चेहरे पर शिकन साफ नजर आने लगी है।



**नवेद शिकोह**
वरिष्ठ पत्रकार

ब्राह्मण, ठाकुर, कायस्थ, वैश्य समाज ने एकजुट होकर भाजपा को जिताने के लिए जब-जब अपना जोश दिखाया तब-तब दलित और पिछड़ा वर्ग भी हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की गाड़ी को रफ्तार देने के पहिए बन गए। इंजन की शक्ति के बिना पहिए गाड़ी को रफ्तार नहीं दे सकते हैं। सवर्ण वर्ग की संख्या भले ही कम हो, लेकिन ये दांत की तरह हैं। बत्तीस दांतों में एक-दो दांत भी टूटें तो सब दांत कमजोर पड़ जाएंगे। सवर्ण भाजपा को लेकर ढीला पड़ा तो पार्टी का संपूर्ण जनाधार ढीला पड़ जाएगा।

आम नागरिक इन बातों को समझते हैं, तो पार्टी के चाणक्य ये बात नहीं समझ पा रहे हों ऐसा संभव नहीं है। तो फिर यूजीसी से लेकर शंकराचार्य, बटुकों के साथ दुर्व्यवहार जैसे मुद्दे क्यों गर्म होने दिए जा रहे हैं? उत्तर प्रदेश जहां से भाजपा ने हिंदुत्व की ताकत को जन्म दिया, बरसों से अपने पैर जमाए जातियों की राजनीति को हाशिए पर डाला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा- 'बटोगे तो कटोगे' ने न सिर्फ यूपी में बल्कि देश के तमाम राज्यों में चुनावी सफलता दिलवाई। उस योगी के यूपी में कभी ब्राह्मण-क्षत्रिय तो कभी अगड़ा-पिछड़ा की राजनीतिक साजिशों की आहट कैसे सुनाई पड़ रही है? केंद्र सरकार ने यूजीसी का विवाद पैदा होने से पहले अपनी जड़ों के बारे में क्यों नहीं सोचा?

माना सियासत में जीत के लिए जनाधार का पूरा गिलास भरना जरूरी होता है, लेकिन भाजपा के गिलास का आधार (अपर कास्ट) ही कमजोर हो जाए तो गिलास भरा नहीं जा सकता। क्या दलितों के बिना ब्राह्मण और मुस्लिम समाज के जनाधार से बसपा चुनावी सफलता हासिल कर सकती है! मुस्लिम समाज के समर्थन के बगैर सपा की जीत की कल्पना भी करना मुश्किल है। भाजपा को ये समझना होगा कि वो भले ही दलितों-पिछड़ों का दिल जीतने में जान लगा दे, पर सवर्ण समाज के बिना भाजपा अस्तित्वहीन हो जाएगी!

बिना आधार के कुछ संभव नहीं। नींव के बिना इमारत नहीं खड़ी की जा सकती। बिना पेंदे के कोई बर्तन उपयोग में नहीं लाया जा सकता, जड़ के बिना पेड़ नहीं और बिना सवर्ण के भाजपा चुनावी वैतरणी नहीं पार सकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# होलाष्टक : अशुभ काल या आध्यात्मिक साधना का अवसर


डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

होली का त्योहार हिंदू धर्म में न केवल रंगों के उल्लास, बल्कि गहरी आध्यात्मिक मान्यताओं का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। पूर्णिमा से आठ दिन पूर्व यानी फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक होलाष्टक कहलाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान ग्रहों का नकारात्मक प्रभाव बढ़ जाता है और वातावरण में उग्रता रहती है, जिसके कारण समस्त मांगलिक व शुभ कार्यों पर पूर्णतः विराम लग जाता है। होलाष्टक की यह अवधि हमें संयम और भक्ति का संदेश देती है, जो अंततः होलिका दहन की अग्नि के साथ समाप्त होती है।

## वर्जित कार्य

- किसी भी उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण करना
- गृह प्रवेश करना
- सगाई अथवा विवाह करना
- वाहन क्रय करना
- कुआं, जलाशय आदि खुदवाना
- मुंडन संस्कार करना
- किसी भी व्रत का आरंभ और उद्यापन करना
- नवविवाहिता वधु का प्रवेश
- देव प्रतिमा की स्थापना करना
- यज्ञोपवीत संस्कार
- मंत्र दीक्षा लेना
- कर्ण वेध

### नैमित्तिक कर्म

जो कार्य पहले शुरू किए जा चुके हैं। उन कार्यों को जारी रखा जा सकता है। नित्य एवं नैमित्तिक कर्म किए जा सकते हैं। इनके अतिरिक्त सूतिका स्नान आदि कार्य जिनकी अवधि निश्चित होती है, वे कार्य किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नित्य की पूजा-पाठ किए जा सकते हैं।

### होलाष्टक और ग्रहों का संबंध

होलाष्टक के आठ दिनों में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु का प्रभाव विशेष रूप से तीव्र होता है। यह समय अधिकतर शुभ कार्यों के लिए निषेध माना गया है, लेकिन ग्रह शांति और आत्मिक उन्नति के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है।

## होली से पहले किए जाने वाले उपाय

- हनुमान जी की विशेष पूजा करें। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को चमेली के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ हनुमते नमः' का 108 बार जाप करें। इससे मंगल और शनि के अशुभ प्रभाव कम होंगे।
- आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने के लिए पीपल के वृक्ष पर आठ दिन तक जल चढ़ाएं और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल और गौमूत्र का छिड़काव करें, इससे नकारात्मक शक्तियां दूर रहेंगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।
- शत्रु बाधा और बुरी नजर से बचने के लिए होलिका दहन से पहले 7 लाल मिर्च और 7 लौंग अपने ऊपर से उताराकर के जलती हुई होलिका में डालें। अपने घर के मुख्य द्वार पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ दुं दुर्गायै नमः' मंत्र का 21 बार जाप करें।
- ग्रह कलेश और कुंडली दोष निवारण के लिए होलाष्टक में प्रतिदिन सूर्य को जल अर्पित करें और



'ॐ सूर्याय नमः' का 11 बार जाप करें। कुंडली में राहु-शनि की दशा हो, तो शिवलिंग पर जल, कच्चा दूध और काले तिल अर्पित करें।
- परिवार में सुख-शांति के लिए घर में सात्विक भोजन बनाएं और ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराएं। 'ॐ नमः शिवाय' का 108 बार जाप करें, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी। घर में समृद्धि के साथ सात्विक वातावरण बनेगा।

### क्यों माना जाता है अशुभ

होलिका दहन से पहले प्रहलाद पर अनेक अत्याचार किए गए थे, जिनकी पीड़ा के कारण इन आठ दिनों को नकारात्मक ऊर्जा से भरा माना जाता है। इस दौरान किए गए अशुभ कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक रहता है।

**कुंडली उदाहरण :** यदि किसी जातक की कुंडली में शनि नीच का हो और राहु लग्न में हो, तो होलाष्टक के दौरान शनि, राहु और केतु से संबंधित उपाय करने चाहिए, जैसे- सरसों के तेल का दीपक जलाना और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना।

### सिर्फ अशुभ न मानें

सामान्यत: इस अवधि को अशुभ मानकर मांगलिक कार्यों के लिए वर्जित रखा जाता है, परंतु इसे केवल 'अशुभ' कहना उचित नहीं होगा। वास्तव में, होलाष्टक आध्यात्मिक उन्नति और आत्मशुद्धि का एक विशिष्ट अवसर है। पौराणिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस समय ग्रहों का स्वभाव उग्र होता है, जिससे बचने के लिए भौतिक कार्यों को रोककर ध्यान, मंत्र जाप और तप पर बल दिया जाता है। यह समय ध्यान, मंत्र जाप और ग्रहों की शांति के लिए उत्तम है। जो भी इन उपायों को करेगा, उसके जीवन में सुख-समृद्धि का वास होगा और नकारात्मक ग्रह दोष समाप्त होंगे।

# कुंडली में मंगल दोष को ऐसे करें दूर


अनिल सुधांशु
आध्यात्मिक लेखक

हमारी कुंडली में मंगल अनुकूल न हो, तो हमें मंगल के कारण कष्ट हो सकते हैं। मंगल शनि, राहु, केतु या हर्षल की दृष्टि में हो, वक्री हो या कुंडली में दूसरे, चौथे, छठे, सातवें, आठवें या बारहवें भाव में हो, तो मंगल अच्छे फल देने में असमर्थ होता है और वैवाहिक जीवन में असंतोष, सुख की कमी, अच्छी आय न होना, जीवन में सफलता न मिलना जैसे बुरे परिणाम देखने को मिलते हैं। इसलिए, इन कष्टों से मुक्ति पाने के लिए मार्कण्डेय पुराण में वर्णित मंगल कवचम् का प्रतिदिन तीन बार पाठ करना चाहिए।




**मंगल अशुभ होने के लक्षण:** ज्योतिष के अनुसार, मंगल ग्रह के खराब होने के लक्षणों में अत्यधिक गुस्सा, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, शारीरिक कमजोरी, बार-बार चोट लगना, रक्त संबंधी समस्याएं (जैसे बीपी), वैवाहिक जीवन में कलह, कानूनी विवाद और करियर में संघर्ष शामिल हैं, संतान न होना, होकर मर जाना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जिससे व्यक्ति आलस्य महसूस कर सकता है और महत्वपूर्ण निर्णय लेने में हिचकिचाता है। यह लक्षण व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

**धार्मिक और ज्योतिषीय उपाय :** मंगलवार को हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल, गुड़-चना चढ़ाएं और 'ॐ हं हनुमते नमः' या 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः' मंत्र का जाप करें। 21 मंगलवार का व्रत रखें और नमक का सेवन न करें। साथ ही लाल मसूर दाल, गुड़, भुने चने, तांबा और लाल अनाज ज़रूरतमंदों को दान करें।

**मंगल मंत्र पूजा:** मंगल देव के कई मंत्र हैं, जिनमें मुख्य हैं बीज मंत्र 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः', जो मंगल दोष निवारण और शक्ति के लिए है।

**मुख्य मंगल देव मंत्र:** ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः, यह मंत्र साहस, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करता है और मंगल दोष को शांत करने के लिए बहुत प्रभावशाली माना जाता है।

**जाप करने का तरीका:** मंगलवार के दिन, स्नान के बाद लाल वस्त्र पहनकर इन मंत्रों का जाप करें, लाल मूंगा या लाल सूत की माला का प्रयोग कर सकते हैं, बीज मंत्र का जाप 108 बार करने से विशेष लाभ होता है।

पौराणिक कथा

# स्वयं मुक्त, वही मुक्तकर्ता



प्राचीन समय की बात है, एक शक्तिशाली राजा के मन में मोक्ष की तीव्र अभिलाषा जागी। उसने अपने राजपंडित को दरबार में बुलाया और एक कठिन चुनौती रखी। राजा ने कहा, "मैंने सुना है कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को मात्र सात दिनों में श्रीमद्भागवत सुनाकर जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त कर दिया था। मैं आपको एक माह का समय देता हूं, आप मुझे मोक्ष का मार्ग दिखाएं। यदि आप सफल हुए तो पुरस्कृत होंगे, अन्यथा आपकी संपत्ति जब्त कर आपको मृत्युदंड दिया जाएगा।"

राजपंडित शास्त्रों के ज्ञाता तो थे, परंतु उनके पास वह आत्मिक अनुभव नहीं था, जो किसी को संसार के मोह-पाश से मुक्त कर सके। राजा की आज्ञा ने उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। मृत्यु का भय और असफलता की चिंता, उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। उनकी इस दशा को उनके युवा पुत्र ने भांप लिया। जब पुत्र को कारण ज्ञात हुआ, तो वह बिल्कुल विचलित नहीं हुआ। उसने शांत स्वर में कहा, "पिताजी, आप चिंता छोड़ दें। राजा से कहें कि वे मुझे अपना गुरु स्वीकार करें और मेरे निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का वचन दें।" राजपंडित को पुत्र की बातों में एक आशा की किरण दिखी।

अगले दिन दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। राजपंडित का पुत्र शांत मुद्रा में राजा के सम्मुख खड़ा था। उसने राजा को वचन की याद दिलाई और एक मजबूत रस्सी मंगवाई। दरबार में सन्नाटा छा गया, जब बालक ने आदेश दिया, "राजा को इस खंभे से कसकर बांध दिया जाए।" राजा अपने वचन से बंधा था, इसलिए उसने विरोध नहीं किया। इसके तुरंत बाद, बालक ने अपने पिता को भी दूसरे खंभे से बंधवा दिया। पंडित जी अपने बेटे की इस 'मूर्खता' पर क्रोधित थे, पर तभी पुत्र ने कहा, 'पिताजी, अब आप राजा के बंधन खोल दीजिए।' राजपंडित झुंझलाकर चिल्लाए, "अरे मूर्ख! क्या तू देख नहीं सकता कि मैं स्वयं बंधा हुआ हूं? जो स्वयं बंधा हो, वह दूसरे के बंधन कैसे खोल सकता है?" यही वह क्षण था, जिसका बालक को इंतजार था। राजा की आंखों में चमक आ गई। वह समझ गया कि जो राजपंडित स्वयं पद, धन और मृत्यु के भय की रस्सी से बंधा है, वह उसे संसार की माया से कैसे मुक्त कर सकता है? राजा ने विनम्रता से कहा, "गुरुदेव, मैं समझ गया। केवल वही महापुरुष हमें संसार से मुक्त कर सकता है, जो स्वयं वासनाओं और मोह से ऊपर उठ चुका हो।" राजा ने राजपंडित को उनके दंड और भय से मुक्त कर दिया और उस बालक के चरणों में नतमस्तक हो गया।

बोधकथा

# संस्कारों का प्रभाव

चौथी कक्षा में पढ़ने वाला नन्हा सुबोध केवल किताबों का ही नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का भी विद्यार्थी था। रात्रि की धार्मिक पाठशाला ने उसके भीतर वे बीज बो दिए थे, जो बड़ों-बड़ों के पास नहीं होते। एक शाम नियति उसे घर से दूर ले गई और वह डाकुओं के चंगुल में फंस गया। दस लाख की फिरौती मांगी गई, घर में कोहराम मच गया, लेकिन उस अपहृत बालक के मन में एक अद्भुत शांति थी। कैद की उन अंधेरी दीवारों के पीछे भी सुबोध की दिनचर्या नहीं बदली। वह भोर में उठकर मधुर स्वर में 'ओंकार मंत्र' और 'मेरी भावना' का पाठ करता। जब डर उसे घेरने की कोशिश करता, तो वह 'बारह भावना' का चिंतन करता। वह खुद को समझाता कि यह उसके पिछले कर्मों का उदय है, इसमें किसी का दोष नहीं। उसकी यह समता और भक्ति देखकर वहां का वातावरण बदलने लगा।

शुद्ध आचरण का प्रभाव इतना गहरा था कि डाकू की वृद्ध मां का हृदय पसीज गया। सुबोध ने दो दिन तक वहां का अभक्ष्य भोजन नहीं छुआ। उसकी निष्ठा देख उस वृद्धा ने स्वयं बर्तन मांजे, पानी छाना और पूरी शुद्धता के साथ उसके लिए भोजन बनाया। सुबोध के मुख से पुण्य-पाप और धर्म की चर्चा सुन वह चकित रह जाती थी। अपने डाकू बेटे के घर आने पर उसने, उसको सब बातें बताई और लड़के को छोड़ने के लिए कहा। एक दिन डाकू ने सुबोध की परीक्षा लेनी चाही। उसने गरजते हुए बंदूक तानी और कहा, "तेरे बाप ने पैसे नहीं भेजे, अब तू मरने के लिए तैयार हो जा।" सुबोध ने शांति के साथ निर्भीकता से अपनी कमीज हटाई और सीना तानकर कहा- "मार दो!



तुम केवल इस नश्वर शरीर को मिटा सकते हो, मेरी आत्मा तो अजर-अमर है।"

यह सुनकर वह दंग रह गया कि जिस मौत के डर से दुनिया कांपती है, उसे यह बालक खिलौना समझ रहा है। उसी क्षण डाकू का हृदय परिवर्तन हो गया। उसने सुबोध के पैर छुए और जुआ, मांस, मदिरा जैसे दुर्व्यसनों का सदा के लिए त्याग कर दिया। अंततः सुबोध अपने घर लौटा, लेकिन वह अपने पीछे एक बदला हुआ इंसान छोड़ आया था। वह डाकू बाद में इतना वैरागी हुआ कि उसने स्वयं को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इस कथा से सीख मिलती है कि संस्कार केवल शब्दों में नहीं, आचरण में होने चाहिए। यदि हमारे भीतर 'भेद-विज्ञान' (आत्मा और शरीर का अंतर) की स्पष्ट समझ हो, तो हम बड़ी से बड़ी विपत्ति में भी अडिग रह सकते हैं।

## महत्वपूर्ण व्रत

### आमलकी एवं रंगभरी एकादशी

**दिनांक-** 27 फरवरी

**एकादशी व्रत का महत्व**



आमलकी एकादशी का व्रत मुख्य रूप से भगवान विष्णु को समर्पित होता है, लेकिन इसका एक विशेष नाम इसलिए पड़ा कि इसी दिन आमल (आंवला) वृक्ष की पूजा भी होती है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस वृक्ष को भगवान विष्णु का 'आध्यात्मिक आवरण' माना गया है, इसलिए इस दिन इसका पूजन अत्यंत फलदायी और शुभ माना जाता है। इसके अलावा इसको रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। रंगभरी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी के साथ ही भोलेनाथ और माता गौरी की भी पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव माता पार्वती को पहली बार काशी लेकर आए थे। रंगभरी एकादशी के दिन व्रत करने के साथ ही विधि-विधान के साथ पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है।

**रंगभरी एकादशी पूजन विधि :** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ, विशेष रूप से पीले रंग के वस्त्र धारण करें। इसके बाद एक साफ चौकी पर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। पूजा के दौरान चंदन, बेलपत्र, भांग, धतूरा और पुष्प अर्पित करें। भगवान को मिठाई का भोग लगाएं और माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री अर्पित करें। शिव-पार्वती को गुलाबी गुलाल अर्पित कर सुहाग और सौभाग्य की कामना करें। भगवान विष्णु की भी विधिपूर्वक पूजा करें और आंवले का फल अर्पित करें। आंवले के पेड़ की पूजा कर घी का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। भगवान शिव को खीर का भोग और ठंडाई अर्पित करें। अंत में एकादशी व्रत कथा का पाठ करें। शिव चालीसा का पाठ करें और आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

# मनुष्य की मानसिक परिस्थितियों पर निर्भर है हार-जीत


सुनील कुमार महला
लेखक

भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत गूढ़ और सार्थक पंक्ति कही गई है- 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' इसका आशय यह है कि जीवन में हार व जीत का वास्तविक निर्धारक बाहरी परिस्थितियां नहीं, बल्कि मन की स्थिति होती है। परिस्थितियां तो केवल माध्यम हैं, असली निर्णायक की भूमिका तो मनुष्य मन निभाता है। यदि मन डर, शंका और निराशा से घिरकर पहले ही हार मान ले, तो साधन, संसाधन और अवसर होते हुए भी पराजय निश्चित हो जाती है। इसके विपरीत, यदि मन दृढ़, साहसी, सकारात्मक और विश्वास से भरा हो, तो विपरीत परिस्थितियों में भी जीत संभव हो जाती है।

वास्तव में, जीवन की हर हार और जीत पहले मन में घटती है, उसके बाद वास्तविक जीवन में दिखाई देती है। जो व्यक्ति मन से हार जाता है, वह कभी जीत नहीं सकता, लेकिन जिसने मन में यह ठान लिया कि वह जीतेगा और हर हाल में जीतेगा, वह अंततः विजयी होता ही है। हमारी पराजय या विजय शारीरिक शक्ति पर नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता पर निर्भर करती है। जब हम मन से यह स्वीकार कर लेते हैं कि हम नहीं जीत सकते, उसी क्षण हमारी आधी शक्ति समाप्त हो जाती है। वहीं अटूट विश्वास हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता दिखा देता है।

भय मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। भय से ही चिंताओं का जन्म होता है और ये चिंताएं अक्सर अनावश्यक कल्पनाओं से उपजती हैं। जब व्यक्ति उन बातों की कल्पना करने लगता है, जो अभी घटित ही नहीं हुई हैं, तो उसके भीतर भय पैदा होता है। यही भय उसे सकारात्मक सोचने, आगे बढ़ने और पूर्ण रूप से जीने से रोक देता है। मनुष्य विशेष रूप से उन चीजों से अधिक डरता है, जिन्हें वह देख नहीं सकता। जो संकट अभी आया ही नहीं है अर्थात भविष्य की चिंता-वह मन में एक 'भूत' की तरह होता है। उसका कोई निश्चित आकार नहीं होता, इसलिए वह और अधिक डरावना प्रतीत होता है। यह अनदेखा डर व्यक्ति को भीतर ही भीतर भयभीत करता रहता है और अंततः वह बिना लड़े ही हार मान लेता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति इन आशंकाओं से ऊपर उठकर संकल्प करता है, मेहनत करता है और संघर्ष करता है, वह बड़ी से बड़ी



कठिनाइयों को भी पार कर लेता है। इतिहास इसके अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है। उदाहरण के तौर पर अरुणिमा सिन्हा ने एक दुर्घटना में अपना पैर खो देने के बावजूद मन से हार नहीं मानी और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया। अब्राहम लिंकन जीवन में कई चुनाव हारने के बाद भी विचलित नहीं हुए और अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

ये उदाहरण सिद्ध करते हैं कि परिस्थितियां नहीं, मनुष्य का मन ही उसकी नियति तय करता है। वास्तव में मनुष्य मन जानता है कि संकटों से कैसे निपटना है, लेकिन मन चंचल भी होता है। नकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को जल्दी आकर्षित करती है और वह उन बातों को लेकर चिंतित हो जाता है, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं होता। वह भविष्य की चिंता और अतीत की स्मृतियों में उलझकर अपना वर्तमान खो देता है, जबकि सच्चाई यह है कि मनुष्य के नियंत्रण में केवल वर्तमान ही होता है। कहा गया है कि साम्राज्य तलवारों से नहीं, शंकाओं से टूटे हैं। जब मन में शंका प्रवेश कर जाती है, तो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति भी कमजोर पड़ जाता है। किसी भी बाहरी युद्ध को जीतने से पहले उसे मन में जीतना आवश्यक होता है। इसलिए मन में संदेह, भय और नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि भविष्य में क्या होगा या क्या नहीं होगा, इसकी चिंता करना व्यर्थ है।

इंसान वास्तविक समस्याओं से तो समझौता कर लेता है, लेकिन आने वाली संभावित परेशानियों की चिंता उसे भीतर से तोड़ देती है। डर सबसे पहले मन को हराता है और जब मन हार जाता है, तो बाहरी जीत भी असंभव हो जाती है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े पतन बाहरी शत्रुओं से नहीं, बल्कि अंदर के भय से हुए हैं। महान वही होता है, जो डर के बावजूद आगे बढ़े, जो व्यक्ति केवल सामने की वास्तविकता पर ध्यान देता है और अपने कर्म करता है, वही अपने भविष्य को सही दिशा दे पाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अनदेखी आशंकाओं से डरने के बजाय, उन्हें समझें और विवेक से उनका सामना करें। जब इंसान अपने मन के भय से मुक्त हो जाता है, तभी वह वास्तव में स्वतंत्र होता है और यही सच्ची जीत है।

| बाजार | संसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,294.66 | 25,713 |
| बढ़त | 479.9 | 141.75 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.55 |

सोना 158100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,62,700 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 24 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### भारत ने मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने पूर्वी अफ्रीकी देश मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया है। भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसे वैश्विक पोषण और मूल्य वर्द्धित कृषि उत्पादों में नेतृत्व के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है। उसने बताया कि संघ के सदस्य वीआई एक्सपोर्ट्स इंडिया को यह ऑर्डर प्राप्त हुआ था। चावल की इस खेप को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने 19 फरवरी को कांडला बंदरगाह से रवाना किया। कहा गया है कि अफ्रीकी महाद्वीप अब भी कुपोषण की समस्या से जूझ रहा है।

### ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र 2032 तक 20 अरब डॉलर का होगा

**नई दिल्ली।** ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र वर्ष 2032 तक आठ अरब डॉलर से बढ़कर 18-20 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, जबकि प्रसंस्करण और विनिर्माण का हिस्सा चार गुना हो जाएगा। एक उद्योग निकाय के अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है। हाल ही में संपन्न 'ग्लोबल क्लीनटेक एक्सपो-ओडिशा 2026' में 'नेट ज़ीरो एनर्जी ट्रांज़िशन एसोसिएशन' (एनईटीआरए) के नए अनुमानों के मुताबिक, राज्य दुर्लभ खनिज क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम उठाने के लिए तैयार है। अध्ययन से पता चलता है कि ओडिशा खनिज उत्पादन मूल्य वर्ष 2025 के आठ अरब डॉलर से बढ़कर 2032 तक 18-20 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### सीबीएम, खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) और खोजे गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, विशेष सीबीएम बोली दौर में कोयले की परत के नीचे से निकलने वाली संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगी।

# गैरकानूनी ढंग से बीमा उत्पाद बेचने के बजाय अपने कारोबार पर ध्यान दें बैंक

## वित्त मंत्री ने दी चेतावनी, कहा- बीमा उत्पादों की गलत बिक्री कानून के तहत अपराध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जताई है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था। इसमें कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध है। बैंकों को गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।



आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

### पहले से होता है बीमा कवर, फिर भी पॉलिसी लेने को करते हैं बाध्य

सीतारमण ने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है। आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरेडा) का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से कवर होता है। सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है।

## एयरटेल एनबीएफसी विस्तार को 20,000 करोड़ रुपये डालेगी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने सोमवार को अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) 'एयरटेल मनी लिमिटेड' के लिए बड़े विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अगले कुछ वर्षों में इसमें 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली जाएगी।

कंपनी ने कहा कि इस पूंजी में 70 प्रतिशत योगदान एयरटेल की तरफ से किया जाएगा जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्सा प्रवर्तक समूह भारती एंटरप्राइजेज की तरफ से आएगा। एयरटेल मनी को 13 फरवरी, 2026 को भारतीय रिजर्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। भारती एयरटेल ने कहा, एनबीएफसी एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा भारत में 'ऋण अंतर' कम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## शेयर बाजार में आई तेजी 480 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** अमेरिका में व्यापक टैरिफ आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई।



- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ पर फैसले से लौटा हौसला

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक टैरिफ आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,713 अंक पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 200.2 अंक चढ़कर 25,771.45 अंक तक चला गया था।

## अनिल अंबानी के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला करार देने की कार्यवाही जारी रहेगी

**मुंबई, एजेंसी**

- बंबई हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को अवैध और विकृत करार देते हुए रद्द किया

बंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी को झटका देते हुए एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें उनके एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैंक खातों को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की खंडपीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंक और लेखा परामर्श कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी की, दिसंबर 2025 में पारित एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को रद्द करते हुए इसे अवैध एवं विकृत करार दिया। अंबानी के वकीलों ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि आदेश पर रोक लगाई जाए ताकि वे सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकें, लेकिन अदालत ने यह मांग ठुकरा दी। अंबानी एवं उनकी कंपनी को अंतरिम राहत देने वाले दिसंबर 2025 के आदेश को तीनों बैंक ने पिछले महीने चुनौती दी थी।

उस आदेश में अनिवार्य रिजर्व बैंक नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा गया था कि बैंक वर्षों बाद गहरी नींद से जागे हैं। एकल पीठ ने इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की गई वर्तमान और भावी कार्रवाई पर रोक लगाते हुए कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फोरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य निर्देशों का उल्लंघन करती है।

## भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार (डीटीएसी) में संशोधन किया है। इसके तहत अब पूंजीगत लाभ पर कर कंपनी जहां स्थित है उसके आधार पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही सबसे तरजीही देश प्रावधान को भी हटा दिया गया है जिससे कराधान व्यवस्था में अधिक स्पष्टता आएगी।

इस संशोधन से पहले जहां लाभांश से आय पर कर की दर 10 प्रतिशत यानी एक समान थी, उसमें अब बदलाव किया गया है। कम से कम 10 प्रतिशत पूंजी रखने वालों के लिए पांच प्रतिशत और अन्य सभी मामलों में अब 15 प्रतिशत कर लगेगा। इसमें 'तकनीकी सेवाओं के शुल्क' की परिभाषा को भारत-अमेरिका डीटीएए के अनुरूप किया गया है और 'स्थायी प्रतिष्ठान' के दायरे का विस्तार करते हुए 'सर्विस पीई' जोड़ा गया है।

## अमेरिकी टैरिफ को लेकर भारतीय निर्यातकों में असमंजस की स्थिति

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय निर्यातकों के बीच 24 फरवरी से प्रभावी शुल्क की दर को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। पिछले सप्ताह अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तत्काल बाद ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का आदेश जारी कर दिया।

आदेश जारी होने के कुछ घंटों के भीतर ट्रंप ने इस शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने की घोषणा कर दी लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इससे निर्यातक समुदाय में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भारतीय निर्यातक संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, वर्तमान आदेश के अनुरूप 24 फरवरी से भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। लेकिन 15 प्रतिशत शुल्क को लेकर कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है, इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 150 दिन के बाद की शुल्क व्यवस्था को लेकर भी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। मुंबई स्थित टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सराफ ने कहा, भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका प्रमुख बाजार है और आयात शुल्क को लेकर अस्थिरता होने से कारोबारी धारणा पर असर पड़ता है। शुल्क से जुड़े इस नाटक पर अब पर्दा गिर जाना चाहिए।

- ट्रंप की 15% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद अब तक जारी नहीं हुई अधिसूचना

### अभी कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अमेरिकी टैरिफ में किए गए बदलावों के प्रभाव पर बात करना अभी जल्दबाजी होगी। वाणिज्य मंत्रालय अबी इस स्थिति की समीक्षा कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था से परे विशेष रूप से व्यापार के मुद्दे पर वाणिज्य मंत्रालय स्थिति की समीक्षा कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल को यह तय करना होगा कि आगे की वार्ताओं के लिए वे कब जाएंगे। इसलिए मेरे लिए अभी टिप्पणी करना थोड़ी जल्दबाजी होगी।



# जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल

## वामपंथी रुझान वाले छात्र संघ और विद्यार्थी परिषद के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में रविवार देर रात एक विरोध मार्च के दौरान वामपंथी और दक्षिणपंथी रुझान वाले छात्र संगठनों के बीच हिंसक झड़प के बीच पथराव हुआ जिसमें कई छात्र घायल हो गए। दोनों समूहों ने हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

जेएनयू परिसर में सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वामपंथी रुझान वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित के इस्तीफे और एक निष्कासन आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार रात को पूर्वी गेट की ओर समता जुलूस निकालने का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने मार्च में शामिल छात्रों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के हमले की अनदेखी की। वाम समर्थित छात्र संगठनों की ओर से साझा किए गए वीडियो में नकाबपोश लोगों को परिसर में पथराव करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, एबीवीपी की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में परिसर में हिंसा भड़कने से पहले कुछ नकाबपोश लोग लाठियों के साथ घूमते हुए नजर आ रहे हैं।



जेएनयू में विद्यार्थी परिषद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर छात्रसंघ पर आरोप लगाए।

### विवादित टिप्पणी

कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि समुदाय लगातार पीड़ित बने रहकर या पीड़ित होने का नाटक करके प्रगति नहीं कर सकते। जेएनयूएसयू ने पंडित की इन टिप्पणियों को जातिवादी और हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रति असंवेदनशील बताया है।

### एबीवीपी ने किया पथराव : छात्रसंघ

जेएनयूएसयू ने एक बयान में कई एबीवीपी सदस्यों का नाम लेते हुए उन पर हिंसक भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। दावा किया कि पंडित ने विरोध-प्रदर्शन की जानकारी होने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया। एबीवीपी के सदस्यों ने प्रदर्शन स्थल पर पत्थर और ईंटें फेंकीं। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे परिसर में डर का माहौल बन गया। छात्र संगठन ने कुलपति के इस्तीफे की अपनी मांग भी दोहराई है। 26 फरवरी को शिक्षा मंत्रालय तक 'लॉन्ग मार्च' का आह्वान किया है।

### हम पर किया गया हमला: एबीवीपी

एबीवीपी ने दावा किया कि वाम समर्थित समूहों के रीडिंग रूम में पढ़ रहे छात्रों पर हमले के बाद विरोध-प्रदर्शन हिंसक हुआ। लगभग 150-200 लोगों की भीड़ ने परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। हमले के बाद कई कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जेएनयूएसयू के पूर्व महासचिव वैभव मीणा ने दावा किया कि वामपंथी छात्रों ने देर रात विरोध-प्रदर्शन के दौरान वाचनालयों को बंद करने की मांग की थी और जब छात्रों ने इस पर सहमति नहीं जताई, तो वे हिंसा पर उतारू हो गए।

### छात्रों को धमकाया गया, सख्त कार्रवाई करेंगे : विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि उसने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है और परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के एक समूह ने परिसर में कई शैक्षणिक भवनों को बंद कर दिया था। वे केंद्रीय पुस्तकालय में घुस गए और उन छात्रों को धमकाया और विरोध में शामिल होने के लिए मजबूर किया, जो इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते थे। इसी वजह से 22 फरवरी की रात को परिसर में दो छात्र संगठनों के बीच झड़प हुई।

## राजकोट : ढाई किमी दायरे में 1400 अवैध बस्तियों का ध्वस्तीकरण शुरू

**राजकोट।** राजकोट नगर निगम ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के 2.5 किमी क्षेत्र में फैली 1,400 से अधिक अवैध बस्तियों को ध्वस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए अजी नदी के किनारे जंगलेश्वर क्षेत्र में ट्रैक्टर, डंपर और अन्य भारी मशीनरी के साथ 65 से अधिक मिट्टी खोदने वाली मशीनें तैनात की गई हैं। लोगों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश फैला हुआ है।

- दशकों से रह रहे लोगों में आक्रोश, कहा- पहले कोई सूचना तक नहीं दी

गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के आदेश के बाद राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने जंगलेश्वर क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। राजकोट जोन-1 की डीसीपी हेतल पटेल ने बताया कि चूंकि अवैध संपत्तियां 2.5 किमी क्षेत्र में फैली हुई हैं, इसलिए ध्वस्तीकरण अभियान तीन दिन तक चलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में स्वेच्छा से अपनी संपत्तियां खाली करने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि लोगों को नोटिस जारी किए गए थे और ध्वस्तीकरण शुरू होने से पहले पानी तथा बिजली के कनेक्शन काट दिए गए थे।

इस कदम से इलाके के उन लोगों में भारी आक्रोश है, जो दशकों से इस यहां रह रहे हैं। कुछ ने दावा किया कि उन्हें ध्वस्तीकरण अभियान के बारे में तीन दिन पहले ही सूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि अब उन्हें सड़कों पर रहना पड़ेगा।

# त्योहारों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय : सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र ने कहा- मनमानी रोकने के लिए कर रहे हैं विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि त्योहारों और छुट्टियों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपने निर्णय की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया। केंद्र ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों की इस मनमानी पर लगाम लगाने के लिए विचार कर रहा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है। अगर ऐसा नहीं होता तो हम अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाएं स्वीकार नहीं करते। केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने कहा कि मंत्रालय को जवाब दाखिल करने को तीन सप्ताह की जरूरत है। पीठ ने दर्ज किया कि मंत्रालय ने मामले को संज्ञान में लिया है। अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। इससे पहले 19 जनवरी को शीर्ष अदालत ने त्योहारों और आपात स्थितियों के दौरान हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी को शोषण करार देते हुए केंद्र और डीजीसीए से जवाब मांगा था। कोर्ट ने 17 नवंबर को केंद्र, डीजीसीए और एईआरए को नोटिस जारी किए थे।



### कोयला चालित उद्योगों को एनसीआर से बाहर भेजने के प्रस्ताव पर जवाब दे केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर से सभी कोयला आधारित उद्योगों को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों से जवाब मांगा। एनसीआर में लगातार वायु गुणवत्ता की समस्या से निपटने के लिए सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। शीर्ष कोर्ट ने निर्माण और तोड़फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी हितधारकों से भी जवाब मांगा। अदालत ने सरकार से इस सुझाव पर जवाब मांगा कि दिल्ली के 300 किमी के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय ऊर्जा संयंत्र न लगाया जाए। अदालत ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को एनसीआर में कोयला-आधारित उद्योगों समेत हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां मांगने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

### वांगचुक मामले में सुनवाई 26 तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रासुका के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अनुपलब्धता की वजह से 26 फरवरी तक के लिए सुनवाई टाल दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने इससे पहले केंद्र से सवाल किया था कि क्या वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति देखते हुए उनकी हिरासत पर पुनर्विचार की कोई संभावना है। केंद्र ने जवाब में कहा था कि वांगचुक को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है।

## एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के मामले में तीन और कार्यकर्ता गिरफ्तार किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां आयोजित एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं बिना कमीज के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में ग्वालियर से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद मामले में गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई है।

आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक दावे करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, जितेंद्र यादव, राज गुर्जर और अजय कुमार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया है। चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम में मिलावटी दूध पीने से 4 की मौत

**राजामहेंद्रवरम।** पूर्वी गोदावरी जिले में एक अनधिकृत विक्रेता की ओर से बेचे गए मिलावटी दूध के सेवन से पिछले 48 घंटों में चार लोगों की मौत हो गई। दूषित दूध पीने के बाद गुर्दे खराब हो जाना और मूत्र संबंधी अवरोध होना इन लोगों की मौत का कारण बना। कई अन्य लोग इस दूध के सेवन के बाद बीमार हुए हैं। इनमें करीब 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां उनकी डायलिसिस की जा रही है।

### मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों के पूरे को सरकार वहन करेगी। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा भी देंगे। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए मिलावट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पूर्वी गोदावरी जिले की जिलाधिकारी कीर्ति चेकुरी के मुताबिक विशेष टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को चिकित्सा सहायता दिला रहे हैं। दूध के स्थानीय विक्रेता को हिरासत में लिया गया है। कीर्ति ने मीडिया को बताया कि जिन 106 घरों में विक्रेता ने दूध बेचा वहां रक्त परीक्षण कराया जा रहा है। अब तक 73 परिवारों से नमूने एकत्र किए गए। इसी बीच, पशुपालन विभाग ने 46 मवेशियों का परीक्षण कर नमूनों को प्रयोगशालाओं में भेजा। रक्त के नमूनों से बच्चे और बुजुर्ग लोगों के ज्यादा प्रभावित होने का पता चला है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों में मतली, उल्टी और कम पेशाब होना जैसे लक्षण सामने आए हैं।

- दूध पीने के बाद गुर्दों ने बंद कर दिया काम, लोगों में मतली-उल्टी के साथ पैदा हुए मूत्र संबंधी अवरोध

### तमाम लोग बीमार, 12 गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, डायलिसिस जारी



मौत का कारण बना दूध दिखाती महिला।

# सैन्य अभियान में ड्रग माफिया एल मेंचो की मौत के बाद मेक्सिको में फैली हिंसा

● मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ अमेरिकी एजेंटो ने मार गिराया

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

पश्चिमी मेक्सिको में देश के सर्वाधिक वांछित ड्रग माफिया नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ 'एल मेंचो' को अमेरिकी खुफिया विभाग और स्थानीय सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान मार दिए जाने के बाद सोमवार को हिंसा फैल गई। ओसेगुएरा ताकतवर जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का सरगना था।

मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया था। इलाज के लिए विमान से ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस अभियान के दौरान कम से कम छह अन्य लोग मारे गए और सुरक्षा बल के कई सदस्य घायल हुए। यह झड़प रविवार को जलिस्को राज्य के एक शहर तपाल्पा में हुई।

मेक्सिको के रक्षा विभाग के मुताबिक, इस टकराव के दौरान सीजेएनजी के चार सदस्य मारे गए और सेना के तीन जवान घायल हो गए। कई राज्यों में सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में देश के सुरक्षा बलों की तारीफ की और शांति बनाए रखने की अपील की।

### भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

मेक्सिको में भड़की हिंसा के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने देश में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि मेक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं।

## पर्यावरण के लिए खतरनाक संकेत

# उच्च पराबैंगनी विकिरण

केरल में हाल के दिनों में पराबैंगनी विकिरण के स्तर में असामान्य बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य के कई हिस्सों में यूवी इंडेक्स 12 तक पहुंचने की सूचना दी है, जो अत्यधिक (एक्सट्रीम) श्रेणी में आता है। यह स्थिति केवल गर्मी बढ़ने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सीधे हमारे स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। पराबैंगनी विकिरण सूर्य से आने वाली ऊर्जा का वह हिस्सा है जिसे हम अपनी आंखों से देख नहीं सकते, लेकिन इसका प्रभाव हमारी त्वचा और शरीर पर गहराई से पड़ता है। आमतौर पर, पृथ्वी की ओजोन परत इन किरणों के सबसे हानिकारक हिस्से को सोख लेती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत के पतले होने के कारण ये किरणें अधिक तीव्रता के साथ धरातल तक पहुंच रही हैं। केरल में यूवी की स्थिति पर्यावरण के लिए एक खतरनाक संकेत है।



### इन स्थितियों में बढ़ता है यूवी स्तर

- सूर्य की स्थिति : जब सूरज सीधे सिर के ऊपर होता है (दोपहर 10 से 3 बजे के बीच), तब पराबैंगनी किरणों के विकिरण का स्तर सबसे अधिक होता है।
- अक्षांश : भूमध्य रेखा (ईक्वेटर) के आसपास के क्षेत्रों में पराबैंगनी विकिरण (अल्ट्रावायलट रेज) का स्तर हमेशा अधिक रहता है।
- ऊंचाई : ऊंचाई बढ़ने के साथ हवा पतली होती जाती है, जिससे UV किरणें कम छन पाती हैं। मुन्नार जैसे पहाड़ी इलाकों में उच्च यूवी का यही कारण है।
- ओजोन परत : ओजोन परत में कमी आने पर अधिक हानिकारक किरणें जमीन तक पहुंचने लगती हैं जो पर्यावरण को क्षति पहुंचाती हैं।

### उच्च पराबैंगनी (यूवी) किरणें क्या हैं

- पराबैंगनी किरणें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का हिस्सा हैं जिनकी तरंग दैर्ध्य (वेवलेंथ) दृश्य प्रकाश से कम होती है। इन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है।
- यूवीए : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे लंबी होती है। ओजोन परत इसे अवशोषित नहीं कर पाती है। यह त्वचा के गहराई तक जाती है और समय से पहले बुढ़ापे के लिए जिम्मेदार है।
- यूवीबी : इसकी तरंगदैर्ध्य मध्यम होती है। यह त्वचा की ऊपरी परत को जलाती है और सनबर्न के साथ-साथ अधिकांश त्वचा कैंसर का कारण बनती है।
- यूवीसी : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है। यह सबसे खतरनाक होती है, लेकिन शुक्र है कि ओजोन परत इसे पूरी तरह सोख लेती है और यह धरती तक नहीं पहुंच पाती है।

**समस्याएं :** विकिरण बढ़ने पर सनबर्न, त्वचा रोग, झुर्रियां, त्वचा पर काले धब्बे, त्वचा कैंसर की समस्या हो सकती है।

### यूवी इंडेक्स को समझें

- **0-2 (निम्न श्रेणी) : इस इंडेक्स स्तर में जोखिम काफी कम रहता है, लेकिन ऐसी स्थिति में आंखों को किसी नुकसान से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहनें।**
- **3-5 (मध्यम श्रेणी) : इस स्थिति में छाया में रहें और सुरक्षात्मक कपड़े पहनें।**
- **6-7 (उच्च श्रेणी) : सनस्क्रीन और टोपी का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए।**
- **8-10 (बहुत उच्च श्रेणी) : इस इंडेक्स स्तर पर धूप में कम से कम निकलें।**
- **11+ (अत्यधिक) : केरल के कुछ हिस्सों में दर्ज किया गया है। बाहर निकलने से बचें।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप को टैरिफ पर संसद से मंजूरी लेनी चाहिए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल नील कात्याल ने कहा कि यदि ट्रंप के टैरिफ (शुल्क) वास्तव में इतने अच्छे विचार हैं, तो उन्हें इन्हें लागू कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को मनाने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कात्याल ने कहा कि अमेरिकी संविधान के अनुसार इतने व्यापक शुल्क उपायों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति को विधायी स्वीकृति (कांग्रेस की मंजूरी) अवश्य लेनी चाहिए।

### किम जोंग फिर पार्टी के शीर्ष पद पर निर्वाचित

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के शीर्ष पद पर फिर से निर्वाचित किया गया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने देश के परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का श्रेय किम को दिया। गत गुरुवार से शुरू हुई पार्टी कांग्रेस में किम अगले पांच वर्षों के लिए अपने प्रमुख राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। संकेत मिल रहे हैं कि वह परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने पर जोर देंगे।

### नासा की चंद्र रॉकेट उड़ान अप्रैल तक टली

**केप कैनवेरल।** नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने गुरुवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोये से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

# अमेरिका के साथ मतभेदों को वार्ता के जरिए सुलझाने को ईरान तैयार

## टकराव के जोखिम के बीच गुरुवार को तीसरी बार बातचीत के लिए साथ बैठेंगे दोनों देश

● ईरानी विदेशमंत्री ने कहा, अभी भी कूटनीतिक समाधान संभव

काहिरा, एजेंसी

अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है। ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने एक बार फिर कहा कि ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है। कहा कि वह गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात कर सकते हैं और यह अब भी संभव है कि ईरान और अमेरिका के बीच कूटनीतिक समाधान निकाला जाए।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बातचीत अराघची के उस बयान के बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान दो से तीन दिनों में संभावित परमाणु समझौते का मसौदा तैयार कर लेगा।



### समझौते को विभिन्न पहलुओं पर हो रहा काम

ईरान के विदेशमंत्री अराघची ने कहा कि दोनों पक्ष संभावित समझौते के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं और गुरुवार को प्रारंभिक मसौदे पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौते में ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को मान्यता मिलनी चाहिए और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय परमाणु कार्यक्रम के तहत यूरेनियम संवर्धन के अधिकार पर ईरान के अडिग रुख को दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान और अमेरिका 2015 में हुए समझौते से बेहतर परमाणु समझौता कर सकते हैं। उनके अनुसार, इस बार अत्यधिक बारीकियों में जाने की जरूरत नहीं है।

### अस्थायी समझौते को तैयार नहीं ईरान

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिकी अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत में किसी अंतरिम समझौते के विचार का समर्थन नहीं करता है। उसने इसके बजाय प्रतिबंधों को हटाने और परमाणु-संबंधी मुद्दों को सुलझाने पर केंद्रित एक त्वरित और परिणाम आधारित समझौते की शर्त रखी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने तेहरान में कहा कि अस्थायी व्यवस्था के बारे में सभी अटकलों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत की मेज पर संयुक्त रूप से आकार देना होगा। बघाई ने कहा कि ईरान वर्तमान में अपना रुख तैयार कर रहा है।

## नीदरलैंड में नई गठबंधन सरकार ने ली शपथ

**द हेग।** नीदरलैंड के राजा विलेम एलेक्जेंडर ने रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई अल्पमत गठबंधन सरकार को सोमवार को शपथ दिलाई। जेटेन (38) नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पमत की वजह से उन्हें चार साल का कार्यकाल पूरा करने और विभिन्न विधेयकों को पारित कराने के लिए कई मोर्चों पर समझौता करना पड़ सकता है। जेटेन तीन दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हैं। इसमें उनकी मध्यमार्गी डी66 पार्टी, मध्य-दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेट पार्टी और पीपुल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी शामिल हैं।

नीदरलैंड की संसद के 150 सदस्यीय निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के महज 66 सदस्य हैं। ऐसे में जेटेन को अपनी सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्येक कानून के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते विपक्षी सांसदों को भरोसे में लेना होगा। राजा विलेम एलेक्जेंडर ने आम चुनाव के 117 दिन बाद जेटेन और उनकी सरकार के मंत्रियों को द हेग स्थित शाही महल के ऑरेंज हॉल में शपथ दिलाई। राजा ने नई सरकार को अनिश्चितता के दौर में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा

● पीएम मोदी बोले-मानवता के काम आएगी हमारे युवाओं की सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल में हुए एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भारत के सामर्थ्य की पूरी दुनिया ने जमकर सराहना की, जिससे यह साबित होता है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए बहुत लाभदायक होगी। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन का समापन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा पत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक सहयोग में मील का पत्थर है।

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य की जमकर सराहना की है। इससे पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को लेकर हमारे युवा साथियों की सोच पूरी मानवता के बहुत काम आने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर 89 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जो आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ सहित दुनिया भर के नेता और कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उपस्थित थे।



### समिट में समावेशी विकास की कल्पना

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की विषय वस्तु पर आधारित इस शिखर सम्मेलन को भारत को एआई के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक ऐसे भविष्य की कल्पना की गई जिसमें एआई मानवता को आगे बढ़ाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और पृथ्वी के हितों की रक्षा करने में मदद करे। कार्यक्रम में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेई प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो भी शामिल हुए।

# यूनुस ने मुझे पद से हटाने के लिए रची थी साजिश

● बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने लगाया आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मो. यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची । उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ पेपर ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा, मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए, लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें पूरी तरह अंधेरे में रखा गया और कोसोवो तथा कतर की उनकी दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गयीं। तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे यूनुस का एक भी फोन कॉल भी नहीं आया।

# दिल्ली पुलिस ने किया अंतर्राष्ट्रीय ड्रग की तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

● पांच तस्कर गिरफ्तार, नौ करोड़ की नशीली गोलियां बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने ब्रिटेन से कथित तौर पर जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ करोड़ रुपये मूल्य की 18 लाख से अधिक मनःप्रभावी गोलियां जब्त की हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और जांच में एक संगठित दवा तस्करी गिरोह का पता चला जो लॉजिस्टिक कंपनियों, कूरियर सेवाओं और निर्यात के सामान के जरिए प्रतिबंधित दवाइयों को विदेश भेजता था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने एक बयान में कहा कि यह मामला पिछले साल सात अक्टूबर का है, जब अपराध शाखा की एक टीम ने विशेष सूचना के आधार पर सरिता विहार में जाल बिछाया था और मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 14.472 किलोग्राम वजन की ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 54,000 गोलियां बरामद कीं। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई तो पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह की आपूर्ति श्रृंखला के बारे में पता चला। आबिद ने बताया कि वह ये गोलियां अपने रिश्तेदार के दामाद जावेद खान से लेता था। अधिकारी ने बताया कि खान को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने समाल्का स्थित प्रहलाद लॉजिस्टिक्स के मालिक सुनील कुमार का नाम लिया। सुनील कुमार को पिछले साल दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने विष्णु दत्त शर्मा का नाम आपूर्तिकर्ता के रूप में बताया। निर्यातक के रूप में काम करने वाले विष्णु दत्त शर्मा को भी दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया और उसने विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह और टीसी सेदाना से अपने संबंधों का खुलासा किया। विकास सिंह को छह नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य सहयोगी, नौशाद उर्फ बबलू को भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज परिवार में सदस्यों के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा। आर्थिक तंगी दूर होगी। नियमों की अनदेखी से आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है।

**वृष** – आज आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। किसी बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। आपके संतुलित विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन** – आज आपके खर्चे बढ़ सकते हैं। विवादित मामलों को अधिक न बढ़ने दें। आपकी कार्यकुशलता में लोग सवाल उठाएंगे।

**कर्क** – आज व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। आत्मविश्वास के साथ आप आगे बढ़ें। प्रेम-प्रसंग को आप अत्यधिक महत्व देंगे।

**सिंह** – आज उच्च अधिकारियों से आपको दिशानिर्देश मिलेंगे। आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए। आपकी आलोचना हो सकती है।

**कन्या** – आज आपकी दिन की शुरुआत अच्छी होगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। नया रोजगार आप शुरू कर सकते हैं।

**तुला** – आज मन में अज्ञात भय सताएगा। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में धीमापन रहेगा। अच्छे मित्रों के साथ संबंध खराब न होने दें।

**वृश्चिक** – आज आपकी पुराने दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होने के प्रबल योग हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**धनु** – आज घरेलू कार्य आपको स्थगित करने पड़ सकते हैं। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। समस्याओं का मुकाबला साहसपूर्वक करेंगे।


**मकर** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुका हुआ काम होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** – आज वैवाहिक प्रस्तावों को लेकर जल्दबाजी न करें। स्वच्छता का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

**मीन** – आज कमीशन संबंधी व्यवसाय से लाभ प्राप्त होगा। बच्चे पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 07.01 तक तत्पश्चात अष्टमी 25 फरवरी 04.51 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- कृत्तिका 15.07 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू -71

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

# एनएचआरसी ने बंधक मामले में विदेश मंत्रालय ने पूछी राय

● थाईलैंड में भारतीय श्रमिकों को बंधक रखने का मामला

भुवनेश्वर, एजेंसी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने थाईलैंड में एक नियोक्ता द्वारा बंदी बनाए गए ओडिशा के छह श्रमिकों के संबंध में विदेश मंत्रालय की राय पूछी है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। आयोग ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया कि केंद्रपाड़ा और भद्रक जिलों के छह लोगों को पिछले छह महीने से थाईलैंड में बैंकॉक के पास एक इलाके में नियोक्ता द्वारा प्रताड़ित किया गया।

यह घटना 17 फरवरी को तब सामने आई जब पीड़ितों ने अपनी दुर्दशा का वर्णन करते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। आरोप के अनुसार, उन्हें एक कारखाने के अंदर कैद कर दिया गया और उनके नियोक्ता द्वारा शारीरिक, साथ ही, मानसिक यातना दी गई। बयान में कहा गया कि आयोग ने पाया है कि समाचार की सामग्री, यदि सच है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। इसलिए, उसने विदेश मंत्रालय से टिप्पणी करने को कहा है कि क्या वे पीड़ितों के परिवारों को कोई सहायता प्रदान कर सकते हैं। प्रतिक्रिया एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित है। पीड़ित अगस्त 2025 में एक ठेकेदार के माध्यम से थाईलैंड गए थे, जिसने उन्हें अच्छे वेतन के साथ अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया था।

भारत की बढ़ी प्रतिष्ठा | फरहान अख्तर निर्मित फिल्म को बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला सम्मान

# मणिपुरी फिल्म बूंग ने जीता बाफ्टा पुरस्कार

● मणिपुरी पृष्ठभूमि पर निर्मित है हास्य-ड्रामा पर आधारित फिल्म

लंदन, एजेंसी

फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित एक अलग अंदाज वाली मणिपुरी पृष्ठभूमि की हास्य-ड्रामा फिल्म 'बूंग' ने रविवार को लंदन में सर्वश्रेष्ठ बाल और पारिवारिक फिल्म की श्रेणी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार जीता। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में पहली बार हाथ आजमा रही लक्ष्मीप्रिया देवी ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए मणिपुर में शांति के लिए भावुक अपील की।

उन्हें यह पुरस्कार पैडिंगटन द म्यूजिकल के मुख्य किरदार पैडिंगटन बियर से मिला। उनके साथ निर्माता फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और सहायक निर्देशक राहुल शारदा मौजूद थे। देवी ने कहा, यहां तक पहुंचना उस पहाड़ की चोटी पर पहुंचने जैसा लगा, जिसे चढ़ने के बारे में हमें पहले पता ही नहीं था। उन्होंने कामना की कि मणिपुर में शांति लौटे और विस्थापित बच्चों, जिनमें फिल्म के बाल कलाकार भी शामिल हैं, को फिर से उनकी खुशी मिलें। गुगुन किपगेन और बाला हिजाम अभिनीत इस फिल्म ने लिलो एंड स्टिच, आर्को और जूटोपोलिस 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़कर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। बाफ्टा पुरस्कार के 2026 संस्करण का आयोजन थेम्स नदी के किनारे रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया गया।



फिल्म बूंग के लिए पुरस्कार प्राप्त करते एलन मैकएलेक्स, फरहान अख्तर, पैडिंगटन बेयर, लक्ष्मीप्रिया और रितेश सिधवानी।

### मोदी ने कलाकारों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के ईई बाफ्टा फिल्म पुरस्कारों की बाल और पारिवारिक श्रेणी में मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को पुरस्कार मिलने पर इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी है।



स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने के लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरूरत थी। अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।

–डेविड मिलर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार ,24 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत-तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर (जर्मनी)।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।

### केन्या ओपन में 48वें पर रहे शुभंकर

**नैरोबी।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 का शानदार स्कोर बनाकर यहां मैजिकल कीनिया ओपन में संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी वीर अहलावत (69) संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू कट में जगह बनाने से चूक गए थे। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी डेविस ब्रायंट को पीछे छोड़ा। शर्मा ने 10वें होल से शुरुआत करते हुए अपने पहले नौ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं।

### पीएचएफ के अध्यक्ष ने नई समिति नियुक्त की

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अंतरिम अध्यक्ष ने राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त करके एक नई समिति गठित की है। एफआईएच प्रो लीग के लिए पुरुषों की टीम के हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे से जुड़े विवाद ने पीएचएफ के कुप्रबंधन को उजागर किया था। पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कैनबरा पहुंचने पर होटल में प्रवेश करने से रोक दिया गया क्योंकि बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण बुकिंग रद्द कर दी गई थी। खिलाड़ियों को सामान के साथ घंटों तक सड़कों पर भटकना पड़ा था।





शिमरॉन हेटमायर।

## वेस्टइंडीज के नाम दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

मुंबई, एजेंसी

**टी-20 विश्व कप**

- **जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 254 रनों का स्कोर खड़ा किया**
- **शिमरॉन हेटमायर ने 34 गेंदों पर ठोक दिए 85 रन**

शिमरॉन हेटमायर और रोवमैन पावेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में सोमवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 254 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

हेटमायर ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 34 गेंद में सात छक्कों और इतने ही चौकों से 85 रन की पारी खेलने के अलावा रोवमैन पावेल (59 रन, 35 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 122 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 13 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने क्रमशः 47 और 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। कप्तान सिकंदर रजा ने तीन ओवर में 52 रन लुटाए। रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में दो विकेट पर 55 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने तीसरे ओवर में ब्रेंडन किंग (09) का विकेट गंवाया जिन्होंने नगारवा की गेंद पर ताशिंगा मुसेकिवा को कैच थमाया। हेटमायर ने नगारवा पर चौके से खाता खोला जबकि मुजरबानी की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। उन्होंने नगारवा के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके जड़े। सलामी बल्लेबाज शाई होप (14) ने ब्रेड इवान्स पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर ब्रायन बेनेट ने उनका शानदार कैच लपका। हेटमायर ने ग्रीम क्रेमर का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया और फिर रजा पर तीन छक्कों के साथ सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हेटमायर ने रजा के अगले ओवर में छक्के के साथ 10वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम

## दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद चिंता बढ़ी, अगले दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

अहमदाबाद, एजेंसी

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है, जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82. 75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं।

बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। उन्होंने कहा अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं, कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है। वहीं टेन डोइशे ने स्वीकार किया कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ़ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ का बल्लेबाज होने से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में अगले कुछ दिन में बात की जाएगी। अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिये चिंता का विषय है। उन्होंने कहा मैं अभि या तिलक के लिये बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिये था। यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरूरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन।

### अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले को टेन डोइशे ने रणनीतिक बताया

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है, लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था, लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरूरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया। उन्होंने कहा अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने आईसीसी मिश्रित जोन में कहा सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए।



## भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

अहमदाबाद, एजेंसी



- **पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने अति आत्मविश्वास और अहंकार को त्यागने की दी सलाह**

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी-20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए।

गावस्कर ने जिओ स्टार से कहा भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 20 रन था, लेकिन इसके बाद मिलर और ब्रेविस ने 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 187 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई।

गावस्कर ने कहा भारत ने दक्षिण अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी-20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी। अगर उन्होंने इस तरह की मुश्किल पिच पर अच्छा स्कोर किया है तो आपको अपना अहं त्यागकर उनकी पारी का विश्लेषण करना चाहिए था और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।''''

भारत ने पावर प्ले के अंदर अपने शीर्ष तीन बल्लेबाजों ईशान किशन (00), अभिषेक शर्मा (15) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिये थे। गावस्कर ने कहा तिलक वर्मा बेहद चतुर बल्लेबाज है लेकिन इस मैच में उनके खेलने के तरीके से मैं निराश था। तिलक को क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिए था। उन्हें साझेदारी निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। भारत का अगला मुकाबला जिंबॉब्वे से होगा और गावस्कर ने कहा कि वह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं।



इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकॉलम, सेलेक्टर ल्यूक राइट व कप्तान हैरी ब्रूक।

## इंग्लैंड-पाक मैच में स्पिनरों पर फोकस

पल्लेकल, एजेंसी

- **इंग्लैंड की टीम अभी तक नहीं कर सकी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**
- **पाकिस्तान का पहला मुकाबला धुल चुका है बारिश से**

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है, लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले । विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरूरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे ।उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है , खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

### जीत का जश्न





लंदन में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच जीतने का जश्न मनाते आर्सेनल के खिलाड़ी। टीम ने टॉटेन्हम हॉटस्पर को 4-1 से हराकर खिताब की दौड़ में फिर से जान फूंक दी। एजेंसी

## पहले वनडे में महिला टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया को फिर हराने पर

ब्रिस्बेन, एजेंसी

- **सुबह 9:20 बजे से शुरू होगा मुकाबला**
- **विश्व कप के सेमीफाइनल में हराया था कीवी टीम को**

टी-20 सीरीज जीत चुकी मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं । भारत के खिलाफ छह मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके कैरियर का आखिरी मैच होगा। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है । भारत ने सीरीज 2-1 से जीती जो पिछले एक दशक में इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया में सीरीज में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरूंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं।





### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल।

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

आत्मविश्वास से भरी जम्मू-कश्मीर टीम आज से पेश करेगी चुनौती

## सितारों से भरे कर्नाटक का सामना जम्मू-कश्मीर से

हुबली, एजेंसी

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की कहानी लगन और जुझारूपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिएइस छिपी रूस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है । उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करूण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है।



राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करूण ने आठ मैचों में 699 रन , पडिक्कल ने पांच मैचों में 532 रन और स्मरण ने आठ मैचों में 950 रन बनाये हैं। इससे कर्नाटक को कप्तानी में बदलाव से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिली। मयंक अग्रवाल की जगह पडिक्कल ने टीम की कमान संभाली और बल्लेबाजी तथा कप्तानी दोनों में खरे उतरे। इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है।

नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिये हैं और यहां पर भी पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। वैसे कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे।

### कर्नाटक के कप्तान पडिक्कल को बल्लेबाजों पर भरोसा

कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भरोसा है कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में उनके बल्लेबाज अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। देवदत्त के अलावा कर्नाटक की तरफ से केएल राहुल, करुण नायर और आर स्मरण ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंचने में सफल रही। देवदत्त ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा एक टीम के रूप में हम सभी इस फाइनल मैच के लिए तैयार हैं। हमारी टीम को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उसके पास अच्छा कौशल है। इसलिए उम्मीद है कि हमारा अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा हमारी टीम में केएल राहुल, मयंक, करुण जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज भी हैं। ये सभी अनुभवी हैं और वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक के बल्लेबाजों ने उत्तराखंड के खिलाफ लखनऊ में खेले गए सेमीफाइनल में दो पारियों में 1000 से अधिक रन बनाकर अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया था। देवदत्त ने कहा कि उनकी टीम को उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा एक मैच में 1000 से अधिक रन बनाना हर किसी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात है। इस तरह के शानदार प्रदर्शन से केवल बल्लेबाजों का ही नहीं बल्कि गेंदबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है।